जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 31 अगस्त, 2023


# NPO NEW PRODUCT OFFER

# आज बंद हो रहा है।

Booking QR Code

1. QR Code स्कैन कर ₹ 1 लाख से कोठी बुक करें
2. 15 सितम्बर तक साइट विजिट करें
3. पसंद नहीं आने पर पूरा पैसा वापस प्राप्त करें

अन्यथा

कल से 5 लाख तक अधिक देकर नई रेट में कोठी बुक करें
कल से पुरानी रेट मांग कर मना करने को मजबूर ना करें

FIXED PRICE

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

आज की रेट ₹3000/- Sq Ft | पजेशन की रेट ₹4500/- Sq Ft

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

1.5 गुना रिटर्न



| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer आज की रेट | कल की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | POSSESSION DEC. 2025 पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**दो अर्थों वाले शब्द बोलकर, किसी विशेष शब्द पर जोर देकर, या आँख के इशारे से भी झूठ बोला जाता है। इस प्रकार का झूठ स्पष्ट शब्दों में बोले गए झूठ से कहीं बुरा है। –रस्किन**

# समृद्ध परम्परा और कला की अभिव्यक्ति का मंच है युवा महोत्सव

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार ने युवा प्रतिभाओं को कलात्मक एवं सांस्कृतिक समृद्धता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में युवा उत्सव की शुरुआत की है। युवा उत्सव आपसी सामंजस्य, सौहार्द्र और सहयोग की भावना में वृद्धि करता है। युवा महोत्सव हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन प्रदान करने हेतु आयोजित किया जाता है। यह युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, भाईचारे, सांप्रदायिक सद्भाव की भावना और साहस की अवधारणा को प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। यह देश के सभी हिस्सों से विविध संस्कृतियों को एक आम मंच पर लाता है एवं प्रतिभागियों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना से जोड़ता है। युवा उत्सव का आयोजन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कला प्रदर्शन के विभिन्न क्षेत्र जैसे सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति, मोबाइल से फोटोग्राफी, भाषण के माध्यम से विचारों की अभिव्यक्ति, चित्रकला और काव्य लेखन में युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रस्तुति के मंच के साथ-साथ प्रशिक्षण हेतु संगठित करने का प्रयास है। आजादी के 75 वर्षों के उपलक्ष में हो रहे इन कार्यक्रमों का लक्ष्य युवा शक्ति को देश की प्रगति और उपलब्धियां से भी अवगत कराना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है ताकि युवा जन जागरण की भूमिका में भी तमाम जानकारियां को युवा उत्सव के माध्यम से प्राप्त कर आम जन तक पहुंच सके।

प्रधान मंत्री के पंच प्रण पर आधारित युवा उत्सव में जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर क्या आयोजन में भाग लेते हैं जिसमें नए अनुभव के साथ-साथ संस्कृति और विचारों का आदान-प्रदान भी युवा करते हैं। युवा उत्सव कार्यक्रम कला के क्षेत्र विशेष में रुचि रखने वाले युवाओं को एक दूसरे से मिलकर नए तौर तरीकों और एक दूसरे के साथ संवाद और संपर्क स्थापित करने में भी एक नया मंच प्रदान करता है। नेहरू युवक संगठन के क्षेत्रीय निदेशक डॉ भुवनेश जैन के अनुसार देशभर में युवा उत्सवों की आयोजन की जिम्मेदारी नेहरू युवा केंद्र संगठन को दी गई है जिसके अंतर्गत शैक्षिणक संस्थाओं व प्रशासन से समन्वयन स्थापित आयोजन को एक बेहतरीन कला मंच के रूप में युवाओं के लिए प्रस्तुत करने का प्रयास है। नेहरू युवा केंद्र संगठन ने संपूर्ण देश में इन युवा उत्सवों को बेहतरीन युवा सहभागिता के साथ एक रोमांचित रंगमंच के रूप में साकार किया है। देश भर में जिला स्तर पर कुल 566 युवा उत्सव आयोजित हो चुके हैं जिसमें 3718 प्रदर्शनी स्टॉल्स विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई है और कल 127645 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग लिया है। इस महोत्सव में कुल 487606 नागरिक और युवा प्रत्यक्ष रूप से साक्षी बने हैं।

**युवा उत्सव न केवल प्रतिभा दिखाने का एक मंच है बल्कि इसके माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को भी ताकत देने का प्रयास किया जा रहा है और युवाओं के साथ जन प्रतिनिधियो से संवाद के साथ-साथ 2047 के भारत के विजन से भी युवाओं को अवगत कराया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक 30 केंद्रीय मंत्री 248 सांसद और 165 विधायकों ने शिरकत देकर युवाओं से संवाद किया है।**

युवा उत्सव न केवल प्रतिभा दिखाने का एक मंच है बल्कि इसके माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को भी ताकत देने का प्रयास किया जा रहा है और युवाओं के साथ जन प्रतिनिधियो से संवाद के साथ-साथ 2047 के भारत के विजन से भी युवाओं को अवगत कराया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक 30 केंद्रीय मंत्री 248 सांसद और 165 विधायकों ने शिरकत देकर युवाओं से संवाद किया है।

राजस्थान के 33 जिलों में 33 युवा उत्सव का आयोजन हो चुका है जिसमें 5995 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 24000 युवा अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम के साक्षी बने। 21 सांसदों ने युवा उत्सव में लोगों को संबोधित किया। विभिन्न विभागों ने 317 प्रदर्शनी इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगाई तथा अपनी योजनाओं की जानकारी को आम जन तक पहुंचाया। देश के 29 राज्यों में भी राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरुआत राजस्थान से हो चुकी है। दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में केंद्रीय सूचना व प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री माननीय श्री अनुराग सिंह ठाकुर के करकमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में क्रमशः पांच प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओ की थीम प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत काल के पंच प्रण पर आधारित भारत 2047 का विजन थी। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे युवाओ को नकद पुरस्कार, ट्राफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं के बीच विचारों का आदान प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल गुरूवार 31 अगस्त, 2023



पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र सांय 5:45 तक, सुकर्मा योग सांय 5:15 तक, बव करण प्रातः 7:06 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सत्य व्रत, श्रावणी पूर्णिमा है। आज प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है। आज रक्षा बन्धन (औपचारिकता निभाने हेतु) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:44 तक, चर 10:53 से 12:27 तक, लाभ-अमृत 12:27 से 3:36 तक, शुभ 5:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक बना रहेगा।

**मीन**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का ध्यान रखें।

# कथौड़ी जनजाति में मावलिया एवं होली नृत्य की परम्परा



पन्नालाल मेघवाल

**महाराष्ट्र** प्रांत के खानदेश जिले की कतकरी जनजाति कत्था बनाने में निपुण थी। इन्हें लगभग 150 वर्ष पूर्व कत्था बनाने के लिए एक बोहरा ठेकेदार राजस्थान लेकर आया। यहां अरावली की पर्वत श्रृंखलाओं में खासतौर पर फुलवारी की नाल के जंगलों के इर्द-गिर्द बसाया। इन्होंने कत्था बनाने का कार्य किया। महाराष्ट्र के कतकरी जनजाति के इन लोगों द्वारा कत्था बनाने के कारण ही राजस्थान में इनका नाम कथौडी पडा।

कत्था खैर वृक्ष से बनता है। इन्होंने यहां 50 वर्ष तक कत्था निर्माण का कार्य किया। खैर वृक्ष समाप्त होने के बाद कत्था बनाने का कार्य बन्द हो गया। लेकिन ये परिवार यहीं बस गये। इन्होंने लकड़ी, कोयला, गोंद, मुसली, महुआ, डोलमा, रतनजोत, तेंदूपत्ता आदि लघु वन उपज को अपनी आजीविका का आधार बनाया।

कथौड़ी जनजाति के लोग अत्यधिक साधारण जीवन जीते हैं। यह जनजाति स्वाभिमानी, ईमानदार एवं मेहनतकश है। ये लोग गरीब अवश्य हैं, लेकिन दान या भीख में दी गई कोई वस्तु स्वीकार नहीं करते हैं। इनका रहन-सहन अत्यधिक सादा है, लेकिन नृत्य एवं संगीत के पूरे शौकीन होते हैं। कथौड़ी जनजातियों द्वारा नवरात्रि एवं दीपावली त्यौहार पर मावलिया नृत्य किया जाता है जबकि होली त्यौहार पर होली नृत्य किया जाता है।

कथौड़ी जनजाति का प्रमुख मावलिया नृत्य है। यह नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है। कथौड़ी नवरात्रि त्यौहार पूरे भक्ति-भाव एवं हर्षोल्लास से मनाते हैं। कथौड़ी देवी-भक्ति के प्रबल उपासक हैं। नवरात्रि में यह समुदाय अपनी आराध्यदेवी-भारीमाता एवं कंसारीमाता, आराध्यदेव- डूंगरदेव एवं गामदेव की पूजा अर्चना करके विधिवत रूप से नवरात्रि स्थापना करते हैं। इन दिनों में ये देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद मावलिया नृत्य करने आसपास की बस्तियों में निकल जाते हैं।

मावलिया नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है। 10 -12 पुरुष ढोलक, टापरा एवं बांसुरी की लय पर देवी-देवताओं के गीत गाते हुए गोल गोल नृत्य करते हैं। लोक गीतों के बोल के साथ ही वाद्य-यंत्रों की लय पर समूह नृत्य करते हैं। नृत्य के दौरान वाद्य-यंत्रों की लय पर कभी आगे तो कभी पीछे हटते हुए आकर्षक नृत्य करते हैं। इन्हें नृत्य के दौरान जो सामग्री भेंट स्वरूप मिलती है, उसे आपस में प्रसाद के रूप में वितरित करते हैं। नवरात्रि के अंतिम दिन देवी- देवताओं की पूजा की जाती है तथा हर्षोल्लास के साथ मावलिया नृत्य किया जाता है। इस दिन सामूहिक प्रसादी करके नवरात्रि वलावण (समापन) कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इनके द्वारा दीपावली पर्व पर भी यह नृत्य किया जाता है।


कथौड़ी जनजातियों का दूसरा प्रमुख होली नृत्य है। इनके द्वारा होली त्यौहार पर होली नृत्य हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। होली नृत्य को गैर नृत्य भी कहा जाता है। यह नृत्य महिलाओं द्वारा किया जाता है। 10 -12 स्त्रियां समूह बनाकर गोल-गोल घूमते हुए नृत्य करती हैं। इसमें पुरुष ढोलक, पावरी, घोरिया एवं बांसली (बांसुरी) पर संगत करते हैं। स्त्रियां समूह बनाकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर गीत गाते हुए गोले में नृत्य करती हैं। नृत्य के दौरान ये एक दूसरे के कंधे पर चढ़कर पिरामिड बनाती हैं। ये स्त्रियां तीन से चार स्टेप का पिरामिड बनाती हैं। होली त्यौहार पर पूरे 10 दिन तक गैर नृत्य करके भरपूर मनोरंजन करते हैं। इन दिनों में यह कोई कामकाज नहीं करते हैं। यह इनका दूसरा प्रमुख होली नृत्य कहलाता है।

**– पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# शहीद की मूर्ति पर राखी बांधकर रिश्ता निभा रही हैं बहनें

**डीडवाना,** (नि.सं.)। भाई-बहन के प्यार के प्रतीक रक्षा बंधन का बहनें साल भर इंतजार करती हैं और वो दिन आने पर भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। भाई बदले में बहन को उपहार देता है और रक्षा का वादा करता है, लेकिन डीडवाना के छापरी गांव की दो बहनों का एक भाई देश की रक्षा का वादा निभाते निभाते शहीद हो गया। आज इन बहनों का भाई इस दुनिया में मौजूद नहीं है, लेकिन यह बहनें आज भी अपने भाई को याद करती हैं और शहीद भाई की मूर्ति पर ही राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की परंपरा निभाती हैं।

रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार और भाई का बहन की रक्षा करने का संकल्प करने का दिन है। इस मौके पर बहनों द्वारा अपने भाइयों के कलाइयों पर राखी बांधने की खबरें तो आपने खूब सुनी होगी, मगर आज उन बहनों के मन की पीड़ा बता रहे हैं जिनके भाई देश की सुरक्षा करते हुए बलिदान हो गए। इन तस्वीरों में आप जिस मूर्ति को देख रहे हैं, वो डीडवाना जिले के छापरी गांव के शहीद छोटूराम की है। छोटूराम 4 जून 2006 को जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। आज छोटूराम इस दुनिया में नहीं है, मगर उनकी बहनें विमला और गीता पिछले 17 सालों से अपने भाई की मूर्ति की कलाई पर राखी बांधने शहीद स्मारक आती है, और राखी बांधकर रक्षाबंधन की इस भारतीय परंपरा को निभाती है। हालांकि शहीद छोटूराम की प्रतिमा पर उनकी बहिन ने ज्यो ही राखी बांधी तो उसकी आंखे आंसूओं से भर आई। भाई-बहन के अटूट प्रेम के बारे में हम किस्से कहानियों में सुनते आए हैं, मगर शहीद छोटूराम की इन बहनों ने अपने भाई के देश के लिए शहीद हो जाने के बाद भी 17 सालों से इस रिश्ते को बदस्तूर जारी रखा है।





**डीडवाना के छापरी में बहनें हर साल शहीद छोटूराम की मूर्ति पर राखियां बांधती है।**

- **डीडवाना के छापरी में बहनें हर साल बांधती है शहीद छोटूराम की मूर्ति पर राखियां**
- **17 साल से शहीद की मूर्ति पर राखियां बांधकर मनाती है रक्षाबंधन**
- **2006 में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे छोटूराम**

शहीद की बहनों ने बताया कि भारत मां के वीर सपूत शहीद छोटूराम की बहुत याद आ रही है, क्योंकि वे राखी पर मुझे हमेशा फोन करते थे और हमारे लिए तोहफे लाते थे, लेकिन आज केवल उनकी यादें ही रह गयी है। भले ही आज उनका भाई दुनिया में नहीं है, मगर उन्होंने देश की खातिर अपनी शहादत देकर भारत माता की रक्षा की है। इसलिए हमें अपने भाई की शहादत पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारा भाई मरा नही है, आज भी वो उनके दिल मे, हमारे दिल में, इस देश के दिलों में जिंदा है, क्योंकि शहीद कभी मरते नहीं अमर हो जाते हैं।

# जैन धर्मावलंबियों द्वारा एक-दूसरे का आदर करने, सहायता करने, सुरक्षा करने की भावना से मनाया जाता है रक्षाबंधन का पर्व



भागचंद जैन मित्रपुरा

**जैन** धर्म के 19 वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ स्वामी के समय में हस्तिनापुर में महापद्म नामक चक्रवर्ती का राज्य था। उनकी रानी लक्ष्मी मति और दो पुत्र विष्णुकुमार और पद्म थे। जब राजा महापद्म को सांसारिक भोगों के प्रति वैराग्य हुआ साथ ही दीक्षा लेने का विचार किया और राजा ने अपना राज्य अपने बड़े पुत्र को देने का निश्चय किया, तो विष्णु कुमार ने राज्य लेने से मना कर दिया। विष्णु कुमार ने अपने पिता से पूछा कि आप यह चक्रवर्ती का पद, छह खंड का साम्राज्य, पूरा भरत क्षेत्र क्यों छोड़ रहे हो? तब राजा महापद्म ने कहा कि अब मैं जान गया हूँ कि इस संसार में सार नहीं है। तत्वज्ञानी विष्णु कुमार ने पूंछा कि जब इस संसार में कोई सार नहीं है और आप स्वयं भी जब इस संसार को छोड़ रहे है, तो क्या आपको इस तरह की असार वस्तु को अपने बेटे को भेंट करना चाहिए ? जो सच्चे पिता होते हैं, वो अपने बेटे को अच्छी चीज़ ही देते हैं। पिता से कहा कि इस असार संसार से मुझे भी अब वैराग्य हो गया है और स्वयं भी दीक्षा लेने की अनुमति मांगी। तब राजा महापद्म ने अपने छोटे पुत्र पद्म को पूरा राज्य दे दिया। फिर राजा महापद्म तथा उनके सुपुत्र विष्णु कुमार ने जाकर सागरचन्द्र आचार्य से दीक्षा ले ली। शीघ्र ही महापद्म मुनिराज ने घातिया कर्मो को नष्ट कर केवलज्ञान को प्राप्त कर लिया और फिर मोक्ष में चले गये।

लेकिन मुनि विष्णु कुमारजी घनघोर तपस्या में लीन रहे। तपस्या करते-करते उन्हें बहुत सी ऋद्धिया प्राप्त हो गयी। एक दूसरी घटना क्रम में अवन्ती देश की उज्जयिनी नगरी में राजा श्री वर्मा राज्य करते थे। उसके यहाँ चार मंत्री थे - बलि, ब्रहस्पति, प्रह्लाद और शुक्र। एक बार परमयोगी दिगम्बर जैन मुनि अकंपनाचार्य अपने सात सौ मुनि शिष्यों के साथ ससंघ उज्जयिनी नगरी आए। तब उज्जयिनी के राजा और सारी प्रजा अष्ट द्रव्य का थाल सजा कर अत्यंत उत्साहपूर्वक मुनिराजो के दर्शन के लिए निकलती है। उसी समय मुनिश्री अकंपनाचार्य को अपने अवधिज्ञान से पता चला जाता है कि इस राज्य के सभी मंत्री दूसरे धर्म को मानने वाले हैं, इसलिए इस राज्य में किसी भी तरह का किसी से भी वार्तालाप, चर्चा या संपर्क मुनिसंघ के हित में नहीं है। इसलिए उन्होंने सारे संघ को मौन धारण करने का आदेश दे दिया।

जब राजा और प्रजा ने वहां पर जाकर वंदना करने के पश्चात मुनिराजों से निवेदन किया कि हे ज्ञानवान गुरुवर, हमें धर्म का उपदेश दीजिये, जिससे हम अपने सम्पूर्ण जीवन को सफल बना सके, लेकिन किसी भी मुनिराज ने कोई भी जवाब नहीं दिया, क्योकि सब साधु मौन थे, प्रयास करने पर भी किसी भी मुनिराजों ने अपना मौन नहीं खोला, तब इन चारों मंत्रियो ने राजा को बोला कि अरे ये मुनिराज तो निरे अंगूठे-छाप हैं इनको कुछ आता नहीं है। यही कारण इनकी जैनेश्वरी दीक्षा लेने का है इसके सिवा कोई और कारण नहीं है, आप इनसे धर्मं का स्वरुप पूछ रहे हैं लेकिन ये सब मुनि जानते हैं कि इनको कुछ नहीं आता है। इसके बाद राजा के साथ वे सब नगर की और लौटने लगे। तब रास्ते में इसी संघ के एक श्रुतसागर नामक मुनिराज को आता देख, इन चारो मंत्रियों में से एक मंत्री ने कहा कि अरे देखो, कैसा जवान बैल चला आ रहा है।

जो ज्ञानी महात्मा हैं, जिनको चारो अनुयोगो का ज्ञान है, उन आत्मज्ञानी महापुरुष को कोई जीत नहीं सकता है। वाद-विवाद में उनको कोई पराजित नहीं कर सकता है। जो लोग थोडा बहुत पढ़ कर तर्क-वितर्क करने लग जाते हैं, वो अपनी ही बात से खुद ही पराजित हो जाते हैं। इस तरह स्यादवाद के धारक मुनिराज ने सबको पराजित कर दिया और वो सब मंत्री गण परास्त होकर म्लान मुख हो चले जाते हैं। इसके बाद मुनि श्रुतसागर जी आचार्य अकम्पनाचार्य जी के पास जाते है तथा उनको सब मंत्रियों से हुए समस्त वार्तालाप को बता देते हैं कि रास्ते ये घटना हुई तो मुझे थोड़ा सा शास्त्रार्थ करना पड़ा और वो परास्त हो गये तब वे आचार्य बोलते हैं कि तुमने मुनि संघ के ऊपर संकट ला दिया है और पुनः उसी स्थान पर चले जाने व कायोत्सर्ग मुद्रा में मौन होकर खड़े हो जाने कहा। अब इस संकट से बचने का एक मात्र उपाय यही हो सकता है। इस तरह गुरु की आज्ञा की अनजाने में जो भूल हो गयी है, उसका भी प्रायश्चित हो जायेगा।

तब वे मुनि श्रुतसागर आचार्यश्री को नमस्कार कर चले गए और उसी स्थान पर जाकर कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े हो गये। अंत में निर्णय यह निकलता है कि जिस मुनि के कारण हमको इतनी बदनामी हुई है, उसी मुनि की हत्या करनी चाहिए अतः अब हम रातो-रात उस मुनि को मार डालेंगे। फिर चारो मंत्रीगण रात को उसी मार्ग से निकलते हैं रास्ते में चांदनी रात में श्रुतसागर मुनिराज को कायोत्सर्ग मुद्रा में देख कर पहचान लेते हैं और सोचते हैं कि चलो अच्छा हुआ, हमारा दुश्मन तो यही खड़ा है चारो मंत्रियों ने तलवार उठा ली और जैसे ही वो मारने को होते हैं, तब उस जगह का वन देवता उनके हाथो को कीलित कर देता है, जिससे उनके शरीर जकड़ जाते हैं और वे रात भर इसी मुद्रा में खड़े रह जाते हैं। सुबह जब जनता मुनिराजो को वंदना के लिए निकलती है, तब रास्ते में इन दुष्टों को मुनिराज को मारने के लिए तलवार उठाये कीलित मुद्रा में देख कर अत्यंत क्रोधित होकर राजा को बताती है तब राजा बहुत कुपित होता है कि इन दुष्टों ने इतना नीचा कार्य करने की कोशिश की फिर राजा उन चारो मंत्रियो को अपमान पूर्वक देश निकाले का दंड देकर अवन्ती देश से निष्काषित कर देते हैं।

इसी बीच हस्तिनापुर के राजा पद्म पर सिंहबल नामक राजा चढ़ाई करता है, तब ये चारो मंत्री अपने छल-बल से सिंहबल राजा को बंदी बनाकर राजा पद्म के सामने ले आते हैं तब राजा पद्म बहुत प्रसन्न होता है, और बोलता है कि तुम सभी को मैं मंत्री बनाता हूँ और साथ में तुमको अगर कोई वरदान मांगना हो, तो मांग लो। बलि मंत्री बोला, जब वक़्त होगा तब मागेंगे। अब जैसे ही इन मंत्रियों को इस बात का पता चलता है, वे सभी राजा पद्म के पास जाते हैं और राजा से वरदान में सात दिन का राज्य मांगते हैं। अब ये चारो मंत्री राजा बनते ही मुनिसंघ के चारो ओर एक बाड़ी लगा देते है फिर उसमे अग्नि जलाकर यज्ञ प्रारंभ करते हैं और लकड़ी आदि जलाने लगते हैं तब चारो ओर बहुत सारा धुवाँ फ़ैल जाता है। इधर इस यज्ञ का धुवाँ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा था और मुनिराजों का दर्द भी बढ़ता जा रहा था। छठी रात को इस अत्यंत पीड़ादायक घटना से श्रवण नक्षत्र भी कम्पायमान हो उठता है।

इस स्थल से बहुत दूर विराजमान अवधिज्ञान के धारी आचार्य सागरचन्द्रजी ने इस कम्पित नक्षत्र को देखकर जाना कि ये बहुत अमंगलकारी अशुभ संकेत है और फिर वे मुनिराज अपने अवधिज्ञान से जान गए कि अकम्पनाचार्य आदि सात सौ मुनिराजों पर प्राण संकट आया हुआ है तब एकदम से उनके मुख से आह... ! ये शब्द निकलते हैं।

तब उन्होंने संघ में एक क्षुल्लकजी जिनके पास आकाशगामिनी विद्या थी, उनको आधी रात को ही बुलाया और बोला कि तुम तत्काल जाकर धरणीभूषण पर्वत पर विराजमान विष्णु कुमार मुनि को जाकर बता देना कि वे विक्रिया ऋद्धिधारी मुनि हैं और इन 700 मुनिराजों पर आये इस भीषण संकट का निवारण सिर्फ वे ही कर सकते हैं। तब वे क्षुल्लक जी आकाश मार्ग से चले जाते है और विष्णु कुमार मुनि को सब बताते हैं राजा पद्म बताता है कि अगर मैं राजा होता तो कभी ये नहीं होने देता लेकिन अभी मेरा राज्य सात दिनों के लिए उन मंत्रियो के पास है। अतः मैं कुछ भी नहीं कर सकता हूँ। कृपया आप कुछ उपाय करे। तब विष्णुकुमार मुनि विक्रिया ऋद्धि से अपना रूप बदल कर वामन का रूप धारण करते हैं। फिर वे वहां जाकर बड़ी सुन्दर आवाज में वीणा को लेकर वेदपाठ प्रारम्भ करते हैं तब बलि राजा बहुत अच्छे से उस वामन का स्वागत करते है और पूछते हैं कि हे विप्र आप क्या चाहते हो? आपका इतना सुन्दर वेदपाठ सुनकर हम प्रसन्न हो गये हैं आज किमिचिक दान का दिन है आपको जो भी माँगना है, वो मांग लो तब वह वामन ऋषि कहते हैं कि हमें संपत्ति तो नहीं चाहिए, लेकिन तीन डग जमीन चाहिए तब राजा बलि उसे तीन डग जमीन देने का वादा करते हैं तब विष्णु कुमार मुनि बोलते है लो बलि राजा, मैं तीन डग जमीन नापता हूँ।

दो पैर में उन्होंने सुमेरु पर्वत से मानुषोत्तर पर्वत तक सम्पूर्ण मनुष्य लोक को नाप लिया, अब तीसरा पैर के लिए उनके लिए कोई स्थान बचा ही नहीं था अतः उनका पैर हवा पर लहरा रहा था तब देव लोक में हलचल मच गयी, मध्य लोक के देवता लोग भी घबरा गये, उन सबने विचार किया कि अगर अभी इन मुनिराज को शांत नहीं किया, तो उनकी नज़र मात्र से तीनो लोक कंपित हो सकते हैं और असमय में प्रलय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तब देवता गण उनको शांत करने के लिए चार वीणा मंगवाते है, और फिर वीणा से इतना सुन्दर संगीत बजाते हुए क्षमा के गीत गाते हैं तब मुनिराज शांत होकर फिर से सामान्य रूप में दिगंबर मुद्रा में खड़े हो जाते हैं तब राजा बलि आश्चर्य में पड़ जाता है कि जैन साधु में इतनी क्षमता कि दो डग में पूरा मनुष्य लोक नाप लिया और मैं बड़ा दान वीर बना फिरता था।

सभी देवताओ ने फिर बलि आदि मंत्रियों को बाँध दिया और इन मुनिराजो के चरणों में डाल दिया तब ये सभी मंत्री समस्त 700 मुनिराजों से क्षमा मांगते हैं, तब मुनिराज उसको क्षमा कर देते हैं। साथ ही उन मुनिराजो का उपसर्ग भी देवता लोग मिटा देते हैं और वातावरण को भी सुमधुर तथा सुगंधित बना देते हैं लेकिन जो धुवां उन मुनिराजो के अन्दर चला गया था, उससे उनको बहुत परेशानी हो रही थी फिर सुबह जब पूर्णिमा का यह रक्षाबंधन का दिन उदित होता है, तब सभी 700 मुनिराजजी आहार के लिए जाते हैं, तो पूरी हस्तिनापुर नगरी के श्रावक लोग ऐसा सुमधुर आहार निर्माण करते हैं जिससे इन सभी 700 मुनिराजों की कंठ की पीड़ा ठीक हो जाए फिर इन सभी 700 मुनिराजों को खीर में घी मिलाकर उसका आहार देते हैं। इस आहार से मुनि महाराजो के गले में शांति होती है और वे सभी लोगो को उनके कल्याण का उपदेश देते हैं।

इस दिन पूरे राज्य और देश में एक अद्भुत वात्सल्य का, एक दूसरे के प्रति सम्मान और आदर का भावुक वातावरण बन गया फिर सभी लोगो ने एक दूसरे के हाथो में पतला सा सूत्र बांधा और संकल्प लिया, सौगंध खायी कि कभी भी देव-शास्त्र-गुरु पर संकट आयेगा, तो हम सब मिलकर उनका सामना करेगे। इसके बाद वे विष्णुकुमार मुनि अपने गुरु के पास जाते हैं और अपने इस रूप बदलने का प्रायश्चित लेते हैं और अंत में वे विष्णुकुमार मुनिराज भी उसी जन्म में सभी धातिया और अधातिया कर्मो का नाश कर उसी भव से मोक्ष चले जाते हैं। इस तरह ज्ञान चेतना की सर्वोच्च शक्ति को दर्शाने वाले आत्म धर्म के शास्त्रों में परमपूज्य मोक्षगामी विष्णुकुमार मुनिराज की यह अद्भुत कथा जैन शास्त्रों में रक्षाबंधन पर्व के रूप में मनायी जाती है।

**– संकलन,**
**भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय**
**जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर**

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**Why A Soft Landing!**

The polar regions of the moon are difficult, many parts lie in a completely dark region without sunlight, and temperatures can go below 230 degrees Celsius

**How To Read The Room Like A Pro**

Reading the room is about seeing and hearing what's both spoken and unspoken. And it's a skill well worth mastering.



*मादा किलर व्हेल (ओर्का) अपने प्राकृतिक आवास में लगभग 90 साल तक जीवित रहती हैं। इसमें से औसतन 22 साल वे प्रजनन नहीं करतीं। मात्र 6 प्रजातियां हैं जिनमें मेनोपॉज़ होता है। एक है इंसान और 5 प्रजातियां टूद्द व्हेल की हैं। यह तो पहले से पता था कि, उम्रदराज मादा ओर्का भोजन ढूंढने में अपने झुण्ड की मदद करती हैं, और भोजन में पूरे परिवार को हिस्सा मिले, यह ध्यान भी रखती हैं। अब एक्सटर और यॉर्क युनिवर्सिटीज़ तथा सैंटर फॉर व्हेल रिसर्च के एक सम्मिलित शोध में पता चला है कि, ये उम्रदराज मादाएं अपने पुत्रों को अन्य किलर व्हेल से सुरक्षा भी देती हैं। शोध के प्रथम लेखक चार्ली ग्राइम्स, जो युनिवर्सिटी ऑफ एक्सटर के एनिमल बिहेवियर साईन्टिस्ट हैं, ने कहा कि, इस प्रोजैक्ट का उद्देश्य यह समझने की कोशिश करना था कि, प्रजनन नहीं करने वाली ये मादाएं कैसे अपने बच्चों की मदद कर रही हैं। टीम ने अमेरिका पैसिफिक नॉर्थ वैस्ट कोस्ट के समीप रहने वाले ओर्का समूह, जिन्हें सदर्न रैज़िडैंट किलर व्हेल कहते हैं, का अध्ययन किया। व्हेल के अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने उनके शरीर पर दांतों के निशानों को ढूंढा, क्योंकि ओर्का को मारने वाले केवल मनुष्य हैं और उनके शरीर पर दांतों के निशानों का अर्थ है कि, किसी दूसरी ओर्का ने लड़ाई के दौरान दांत से काटा है। शोधकर्ताओं ने देखा कि, उन नर ओर्का के शरीर पर दांतों के निशान कम थे, जिनके साथ उनकी मां मौजूद थी और उसने प्रजनन करना बंद कर दिया था। ग्राइम्स ने कहा, ''हम देखकर हैरान थे कि प्रजनन नहीं कर रही माँ के साथ रहने पर नर व्हेल को विशिष्ट लाभ मिल रहा है। इन नर ओर्का के शरीर पर अन्य की तुलना में 35 प्रतिशत कम घाव थे। जिन नरों की मां अभी भी प्रजनन कर रही थी उनमें ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला।'' ग्राइम्स ने कहा, हम निश्चित रुप से नहीं कह सकते हैं कि मेनोपॉज़ के बाद यह बदलाव क्यों होता है, पर एक संभावना है कि, प्रजनन से मुक्त होने के बाद इन मादाओं के पास अपने पुत्रों के संरक्षण के लिए पर्याप्त ऊर्जा और समय होता है।*

# गहलोत के अड़ियल रवैये से गौरव गोगोई का काम मुश्किल हो रहा

## गोगोई जानते हैं कि, कई विधायकों की जीत नामुमकिन है, जबकि गहलोत का कहना है कि, इन विधायकों ने सरकार बचाई, इन्हें टिकट जरूर मिले

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। राजस्थान के लिए बनाई गई स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई सक्रिय रूप से उन विधायकों से बात कर रहे हैं जिनकी स्थिति संदिग्ध है और नेतृत्व जिनका टिकट काट सकता है।

विधायकों के साथ वन-टु-वन मीटिंग में गोगोई उनसे पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा के बारे में पूछ रहे हैं और यह भी कि, क्या वो इतने निष्ठावान हैं कि, उनके भविष्य के बारे में नेतृत्व जो निर्णय लेगा वो उसे स्वीकार कर लेंगे।

विधायकों से गोगोई यह भी पूछ रहे हैं कि, यदि वो पार्टी और नेतृत्व के प्रति इतने निष्ठावान हैं तो 25 सितम्बर की मीटिंग में शामिल क्यों हुए।

इनमें से अधिकतर को अत्यधिक भ्रष्ट माना जा रहा है, लेकिन ये लोग दावा कर रहे हैं कि, ये बिल्कुल साफ हैं और सिर्फ ये ही उस सीट पर जीत सकते हैं

- **टिकट के लिए दावा कर रहे इन विधायकों से गोगोई सवाल पूछ रहे हैं, आपकी पार्टी और पार्टी नेतृत्व के प्रति निष्ठा कितनी गहरी है।**
- **जब ये दावेदार पूर्ण निष्ठा होने की बात कहते हैं तो गोगोई यह पूछना नहीं भूलते कि, फिर केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा बुलाई गई विधायक दल की बैठक से वॉक आउट क्यों किया था।**
- **इन सभी विधायकों का दावा है कि, वो ही चुनाव जीतेंगे, ना कि वो जो पार्टी सर्वे में ''जिताऊ'' प्रत्याशी के रूप में उभरे हैं।**
- **एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, अगर टिकट देने के मामले में कश्मकश जारी रही और हारने वाले इन विधायकों की छंटनी नहीं की गई तो पार्टी को बेहद शर्मनाक हार का सामना करना पड़ सकता है।**

ना कि वो जिनकी स्थिति सर्वे में उक्त सीट पर बेहतर बताई जा रही है।

गोगोई राज्य की स्थिति को समझने के लिए इन्टरव्यू और विचार-विमर्श का प्रारंभिक दौर संचालित कर रहे हैं, क्योंकि राज्य में पार्टी गहलोत व पायलट निष्ठावानों के बीच फंसी हुई है।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, अगर ये लोग बहुत सावधानी से कदम नहीं उठाएंगे और काम नहीं करने वालों और निश्चित रूप से हारने वाले दावेदारों की छंटनी नहीं करेंगे तो पार्टी को अब तक की सबसे बड़ी चुनावी हार का सामना करना पड़ सकता है।

उक्त वरिष्ठ नेता ने कहा, गहलोत उन विधायकों का समर्थन करके पार्टी की मदद नहीं कर रहे हैं, जो चुनाव नहीं जीत सकते।

उन्होंने कहा, ऐसे परिदृश्य में दिल्ली नेतृत्व को सख्त रूख अपनाना होगा तथा उसी के अनुसार गोगोई को निर्देश देने होंगे।

विचार विमर्श का प्रारंभिक दौर समाप्त होने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग होंगी।

पार्टी नेताओं का कहना था: आसान नहीं है स्क्रीनिंग कमेटी का काम।

# 'जी-20 देशों में भारत के प्रति पॉज़िटिव सोच, पर मोदी पर भरोसा कम है'

## अमेरिकन थिंक टैंक ''प्यू'' के एक सर्वे में यह खुलासा हुआ है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। अमेरिका स्थित थिंक टैंक प्यू द्वारा करवाए गए एक सर्वेक्षण, जो मंगलवार को प्रकाशित हुआ है, के अनुसार जी-20 देशों के लोग भारत के प्रति सकारात्मक रवैया रखते हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में राय बंटी हुई है।

जी-20 के अधिकांश देशों के लोग भारत के पक्ष में राय रखते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में भारत के पक्ष में राय रखने वाले लोगों की संख्या गत 15 वर्षों में घटी है।

सर्वेक्षण में इनमें से 12 देशों के लोगों से नरेन्द्र मोदी के बारे में उनकी राय मांगी गई और 40 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि वैश्विक मामलों में मोदी सही काम करेंगे, जबकि 37 प्रतिशत को विश्वास है कि वे ऐसा करेंगे। 24 देशों के 30,000 से ज्यादा लोगों का यह सर्वेक्षण इस साल फरवरी और मई में प्यू रिसर्च सैंटर द्वारा किया गया जिसमें पता चलता है 46 प्रतिशत लोग भारत के पक्ष में हैं जबकि 34 प्रतिशत नहीं है।

- **भारत में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह पहले सर्वे के नतीजे सामने आए हैं, जो निस्संदेह भाजपा को पसंद नहीं आएंगे।**
- **प्यू ने 24 देशों, जिनमें 12 देश जी-20 के है, के 37,000 लोगों पर यह सर्वे किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि, इनमें भारत भी शामिल है। जी-20 के देशों के 40 प्रतिशत लोगों को वैश्विक स्तर पर मोदी की क्षमता पर भरोसा नहीं है, पर 37 प्रतिशत उन पर भरोसा करते हैं।**
- **अमेरिका में भी जहां 51 प्रतिशत लोग भारत के बारे में अच्छी राय रखते हैं वहीं, 44 प्रतिशत इसके विपरीत सोचते हैं। जहां तक मोदी की बात है, 21 प्रतिशत अमेरिकन ही उन पर भरोसा करते हैं, 37 प्रतिशत मोदी को नापसंद करते हैं।**

जी-20 के सदस्य रूस, चीन, सऊदी अरब और तुर्की उन 24 देशों में शामिल नहीं हैं जहां सर्वेक्षण हुआ, जबकि भारत शामिल है।

यह सर्वेक्षण नई दिल्ली में मोदी द्वारा आयोजित करवाए जा रहे जी-20 सम्मेलन के दो हफ्ते से भी कम समय पहले आया है।

भाजपा और सरकार तो सर्वेक्षण के नतीजों को सीधे खारिज कर देंगे, मगर इससे मोदी समर्थकों के इस दावे को झटका लगा है कि मोदी विश्व में सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सम्मेलन में आने की पुष्टि की है लेकिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन नहीं आएंगे। अमेरिका में 51 प्रतिशत लोग भारत के पक्ष में हैं जबकि 44 प्रतिशत खिलाफ हैं और केवल 21 प्रतिशत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## सीटों के बंटवारे पर फोकस करेगा ''इंडिया'' मुम्बई में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। विपक्षी गठबंधन इंडिया को गुरुवार से मुम्बई में दो दिवसीय सम्मेलन हो रहा है। जिसमें सहयोगी दलों के बीच टिकटों के बंटवारे पर वार्ता होगी।

इसमें सीटों के वितरण का फॉर्मूला तैयार किया जाएगा। जैसा कि नीतीश कुमार का कहना है कि विपक्षी गठबंधन तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक सीटों के बंटवारे का एक स्पष्ट फॉर्मूला

- **मुम्बई में हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन में इंडिया गठबंधन राज्यवार सीटों के बंटवारे पर गहन चर्चा करेगा।**

नहीं बन जाता। उन्हें उम्मीद है कि मुम्बई के विपक्षी गठबंधन में 30 दल शामिल हो जाएंगे। पटना बैठक (23 जून) में 15 दल शामिल हुए थे तथा बैंगलूरु बैठक (17-18 जुलाई) में 26 दल शामिल हुए थे।

पार्टियां गत चुनावों के प्रदर्शन का विश्लेषण कर भाजपा के खिलाफ एक प्रत्याशी खड़ा करने का निर्णय लेगी। इस सम्बंध में वे अपनी राज्य इकाइयों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लोकसभा चुनाव में ''कर्नाटक मॉडल'' को प्रोजैक्ट करेगी कांग्रेस

## कर्नाटक सरकार द्वारा चुनावी वायदे पूरे करने के आधार पर ''कर्नाटक मॉडल'' को प्रचारित किया जाएगा

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। कांग्रेस अब देश के सामने और विशेषकर आगामी आम चुनाव में कर्नाटक मॉडल के साथ जाएगी। कर्नाटक सरकार द्वारा अपने चुनावी वादे पूरे करने की जोरदार मार्केटिंग और उसके प्रशासन द्वारा किए गए कामों से मिलकर कर्नाटक मॉडल बनाते हैं।

लोकसभा आम चुनाव के पहले कांग्रेस कर्नाटक मॉडल के ईदगिर्द ही अपना कथन तैयार करेगी। कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करते हुए राहुल गांधी ने यह स्पष्ट किया, कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार मौजूद थे।

कांग्रेस भारत की जनता को यह दिखाने का प्रयास करेगी कि सुशासन होता क्या है। ऐसा करने का विचार विपक्षी गठबंधन इंडिया के मुंबई

- **इसका संकेत, कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ करते हुए राहुल गांधी ने दिया।**
- **इंडिया गठबंधन की मुम्बई बैठक से पूर्व कांग्रेस ने यह तय किया है कि, भारत की जनता को ''कर्नाटक मॉडल'' के आधार पर बताया जाएगा कि, वास्तव में सुशासन होता क्या है।**
- **गौरतलब है कि, 2014 के चुनावों में भाजपा ने भी ''गुजरात मॉडल'' को विकास का मॉडल बताकर जोर-शोर से प्रचारित किया था और भारी जीत हासिल की थी।**

सम्मेलन के एक दिन पहले आया। कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना के बुधवार को मैसूर में शुभारंभ के समय।

कांग्रेस ने जो वादे कर्नाटक में किए थे वे ही तेलंगाना और मध्य प्रदेश में कर रही है जहां साल के अंत तक राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिज़ोरम के साथ चुनाव होने है। कर्नाटक सरकार अपनी उपलब्धियों का प्रचार हिंदी अखबारों में विज्ञापन देकर कर रही है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए।

कांग्रेस अब मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को टक्कर देने के लिए लाभार्थियों को संभावित मतदाता बनाने की तैयारी कर रही है, जैसा पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने किया था।

राहुल गांधी ने दोहराया कि उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 160 लोकसभा सीटों के लिए विशेष रणनीति बनाएगी भाजपा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी एक सितम्बर को लोकसभा की 160 कमजोर सीटों का रिव्यु करेगी ये वे सीटे हैं, जहां या तो भाजपा हार गई थी या फिर बहुत ही कम अंतर से जीती थी। रिव्यु मीटिंग में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

- **ये वो सीटें हैं जहां गत चुनाव में या तो भाजपा हार गई थी या बहुत कम अंतर से जीती थी।**

पार्टी ने इन सीटों पर अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास शुरु कर दिया है इसके लिए केन्द्रीय नेताओं और मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।

पूर्व नीति से अलग पार्टी ने लोकसभा विधानसभा चुनावों में कमजोर सीटों को रखा। मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में पहली लिस्ट जारी होने के बाद मौजूदा विधायकों में तनाव बढ़ गया है जिन्हें टिकट नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# थाईलैण्ड वीज़ा फीस ज़ीरो करेगा भारत व चीन के पर्यटकों के लिए

## थाईलैण्ड के विशेषज्ञों का मत है कि, इससे थाईलैण्ड में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी

**-सुकुमार शाह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। थाइलैंड के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए थाई सरकार ने भारतीय एवं चीनी पर्यटकों के लिए वीजा नियम सरल करने और सभी देशों के यात्रियों को ज्यादा समय रुकने देने का प्रस्ताव रखा है।

नए थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन का इरादा है कि अगले वर्ष तक पर्यटन राजस्व बढ़ाकर लगभग 100 अरब डॉलर किया गया।

फुकेट टूरिज्म एसोसिएशन (पी.टी.ए.) के अध्यक्ष थानेथ तांतीपिरियाकिज ने कहा कि चीन और भारत के यात्रियों की आवेदन फीस समाप्त करने की पी.टी.ए. की सिफारिशें प्रधानमंत्री को सप्ताहांत में हुई बैठक में बता दी गईं।

कोविड से पहले सबसे ज्यादा आने वाले चीनी पर्यटकों को महंगी और कठिन वीजा आवेदन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है जिससे इस साल उनकी संख्या में कमी हुई है। यह बात प्रधानमंत्री के हवाले से एक ब्लूमबर्ग रिपोर्ट में कही गई है।

श्रेथा ने कहा कि वे वीज़ा मुक्त देशों की सूची भी बढ़वाना चाहते है और अधिकांश देशों के पर्यटकों के रुकने की अवधि भी, क्योंकि कई देशों के नागरिकों के लिए थाईलैंड में रहने के लिए 15 से 30 दिन की सीमा है।

श्रेथा ने थाइलैंड के हवाई अड्डों और कई एयरलाइंस के अधिकारियों से सोमवार को विकल्प पर चर्चा की ताकि चौथी तिमाही में अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके जो पर्यटन का शीर्ष सीजन ही हवाई अड्डा संचालकों ने उड़ान की क्षमता 20 प्रतिशत बढ़ाने में आने वाली रुकावटें दूर करने और आव्रजन स्वीकृति तेज करने पर सहमति जताई। श्रेथा ने कहा कि नई सरकार विदेशी पर्यटकों से राजस्व बढ़ाकर 94 अरब डॉलर करना चाहती है और पर्यटन उद्योग सर्वश्रेष्ठ अल्पावधि प्रोत्साहन दे रहा है।

- **थाईलैण्ड सरकार की यह कोशिश भी है कि, वीज़ा लम्बी अवधि के लिए मिले ताकि पर्यटक ज्यादा दिनों तक रहें और ज्यादा खर्च करें।**
- **थाईलैण्ड के नए प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने इस संबंध में घोषणा की, साथ ही यह भी बताया कि, उनका लक्ष्य अगले वर्ष तक थाईलैण्ड के पर्यटन उद्योग को 100 अरब अमेरिकन डॉलर तक पहुंचाने का है।**
- **ज्ञातव्य है कि, थाईलैण्ड की जी.डी.पी. का सबसे प्रमुख स्त्रोत पर्यटन उद्योग है।**
- **भारतीय संदर्भ में देखे तो हमारे यहां भी पर्यटन उद्योग की जी.डी.पी. बढ़ाने में अहम भूमिका है, तो क्या यहां वीज़ा शुल्क खत्म करने जैसे कदम नहीं उठाए जा सकते, पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए।**

बैंक ऑफ थाईलैंड के आंकड़ों के अनुसार पर्यटन का देश के जी.डी.पी. में 12 प्रतिशत और रोजगार में 20 प्रतिशत हिस्सा है।

थानेथ ने कहा, ''वीज़ा मुक्त करने से पर्यटन तुरंत लाभान्वित होता है। उन्होंने कहा कि जुलाई तक फुकेट में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या कोविड पूर्व की लगभग 70 प्रतिशत है लेकिन चीनी पर्यटक लगभग 30 प्रतिशत ही है।

नोमुरा होल्डिंग इंक के अनुसार 2023 में लगभग 3 करोड़ विदेशी पर्यटक आएंगे जो गत वर्ष के 1.12 करोड़ से लगभग तिगुने हैं। पर्यटन एवं खेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि संख्या 1.75 करोड़ तक पहुंच गई है।

लेकिन पर्यटकों के सबसे बड़े स्त्रोत चीन से आवक उम्मीद से कम है जो गत माह 4,20,000 रही। कोविड से पहले 2019 में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'गहलोत के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की जाए'

जयपुर, 30 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर की

- **बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष और दी बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह तंवर ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर यह आग्रह किया व आरोप लगाया कि, गहलोत ने न्याय पालिका में भष्टाचार की बात कह कर न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या सिर्फ मंत्री, विधायक, पिछली बार हारे हुओं से मिलना ही स्क्रीनिंग है?

## स्क्रीनिंग कमेटी की तीन दिन की कवायद पर कांग्रेसजनों ने ही प्रश्नचिन्ह लगाया

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान कांग्रेस की स्क्रीनिंग समिति 3 दिन से जयपुर में थी। अब 31 अगस्त को उदयपुर में संभाग के सभी जिलों के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगी, लेकिन अभी तक तीन दिनों के दौरान स्क्रीनिंग समिति ने जिस तरह से सिर्फ मंत्री, विधायक और 2018 में हारे हुए उम्मीदवारों को बुलाकर ही चर्चा की है, उसके बाद में स्क्रीनिंग समिति को लेकर कांग्रेसजनों में चर्चा है कि यदि यही काम करना था तो इन नेताओं को दिल्ली बुलाकर ही किया जा सकता था।

दरअसल स्क्रीनिंग समिति के सामने अभी तक तीन दिनों में मंत्री विधायक या हारे हुए विधायक या हारे हुए उम्मीदवार आए हैं। इसके अलावा ना तो जिला कांग्रेस के अध्यक्षों को बुलाया गया ना पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्षों को बुलाया गया ना प्रमुख वरिष्ठ कांग्रेस जनों को बुलाकर चर्चा की गई यानी कि जिन लोगों के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी की बात हो रही है उन लोगों से बुलाकर यह पूछा जा रहा है कि उनके क्षेत्र में पार्टी कैसे जीतेगी तो लगभग सभी ने एक ही बात कही है कि उसे क्षेत्र में उनके या उनके परिवार के अलावा कोई नहीं जीत सकता। इन नेताओं के अलावा स्क्रीनिंग समिति से मिलने आए लेकिन मुलाकात नहीं करने वाले कांग्रेसजनों का कहना है कि अब यदि स्क्रीनिंग समिति को यही करना था, तो सीधे टिकट दे देते, फिर ब्लॉक से लेकर जिला और प्रदेश तक की प्रक्रिया अपनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है।

- **स्क्रीनिंग कमेटी ने ना तो जिला कांग्रेस अध्यक्षों से चर्चा की, ना वरिष्ठ कांग्रेसजनों को बुलाकर बात की**

दरअसल अधिकांश नेता या तो खुद के लिए टिकट चाह रहे थे या फिर अपने पुत्र-पुत्री के लिए टिकट मांगने आए थे। शिव से विधायक अमीन खान ने तो स्पष्ट रूप से कहा कि उसे क्षेत्र में वे या उनके परिवार ही कांग्रेस को जीत दिला सकते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तो अपने जिले के अध्यक्ष को कैमरे के सामने चोर तक बता दिया। इस मामले को लेकर फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहे एक पूर्व सरपंच एजाज खान अपने समर्थकों के साथ वार रूम आए लेकिन उन्हें स्क्रीनिंग समिति से मुलाकात नहीं करने दी गई। इसके बाद उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक भ्रष्ट है और कांग्रेस का बड़ा नुकसान कर रहा है यदि उसका टिकट नहीं काटा गया और परिवारवाद से पार्टी को मुक्त नहीं किया गया तो फतेहपुर में पार्टी की बड़ी हार होगी।

इधर स्क्रीनिंग समिति से मिलकर आने वाले एक-दो नेताओं से बात करने पर पता चला कि स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य लैपटॉप खोलकर बैठते हैं। जो मिलने जाता है, उससे नाम पूछते हैं और 2 मिनट में रवाना कर देते हैं। यानी कि ना तो क्षेत्र के बारे में चर्चा होती है, ना विकल्प को लेकर कोई विचार लिया जाता है। सिर्फ एक औपचारिकता निभाने का काम चल रहा है।

कुल मिलाकर स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से जयपुर में रहकर 3 दिन तक जो काम किया गया है, उसे लेकर कांग्रेसजनों में आशंकाएं हैं कि पहले से ही तय कर दिया गया है कि टिकट किसे देनी है। यह पर्यवेक्षकों को बुलाना, जिलों में मीटिंग करना और स्क्रीनिंग कमेटी का इस तरह से सिर्फ मंत्री-विधायकों से बात करना इसी और इशारा कर रहा है। कांग्रेसजनों का कहना है कि यदि ऐसा हुआ, तो निश्चित मानिए कांग्रेस को राजस्थान में इन चुनाव में बड़ा नुकसान होना तय है।



राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आव्हान पर एसएमएस चिकित्सालय परिसर में चल रहे धरना प्रदर्शन के दौरान बुधवार को नर्सेज बहिनों ने नर्सेज भाईयों की कलाई पर राखी बांधी।

# पूर्व मुख्य सचिव राजीव महर्षि की हालात स्थिर

## बुधवार को सीटी स्कैन रिपोर्ट में कोई सुधार नजर नहीं आया है।

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी के जेएलएन मार्ग पर मोती डूंगरी स्थित सोनी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और केन्द्र में पूर्व सी.ए.जी. रहे राजीव महर्षि की हालात स्थित बनी हुई है। उनकी स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं होने पर संभवतः उन्हें गुरूवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में शिफ्ट किया जा सकता है।

महर्षि सोमवार को साइकिल से गिरने पर सिर में गंभीर चोट लगने के बाद से सोनी अस्पताल में भर्ती है। यहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स के अनुसार अब तक उनकी पिछले तीन दिन में चार सीटी स्कैन करवाई जा चुकी है। बुधवार को की गई सीटी स्कैन रिपोर्ट में कोई सुधार नजर नहीं आया है। उनकी हालात गंभीर व स्थिर बनी हुई है। इससे देखते हुए अब उनके परिजन उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराने की तैयारी कर रहे हैं।

- **महर्षि को आज दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया जा सकता है।**

संभवतः गुरूवार को उन्हें एयर एम्बुलेंस से दिल्ली एम्स भेजा जाएगा। गौरतलब है कि राजीव महर्षि सोमवार को जेएलएन मार्ग पर साइकिल चलाते हुए गिर गए थे। इस दौरान उनके सिर में गंभीर चोट लग गई थी। जिससे उनके सिर में चोट लगने के कारण इंटरनल ब्लीडिंग हो गई थी और इससे सिर में हेमेटोमा बन गया था। उन्हें गंभीर हालात में मोती डूंगरी स्थित सोनी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

सोमवार को सीटी स्कैन रिपोर्ट में महर्षि के क्लॉट की साइज छोटी थी, लेकिन मंगलवार को दूसरी सीटी स्कैन में क्लॉट की साइज ढाई गुना हो गई है। हालांकि वे अब होश में हैं और बोल चाल रहे हैं।

### फैमिली पेंशन क्यों रोकी ?

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने जेवीवीएनएल के पूर्व कर्मचारी की पत्नी को नॉमिनी में नाम नहीं लिखा होने के चलते उसे फैमिली पेंशन नहीं देने पर प्रमुख ऊर्जा सचिव, जेवीवीएनएल के चेयरमैन व एमडी सहित पेंशन विभाग के उपनिदेशक से जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा कि क्यों ना याचिकाकर्ता विधवा को फैमिली पेंशन जारी करने के आदेश दिए जाए।

# उदयपुर की रैफल्स होटल में निवेश को लेकर ई.डी. जांच में जुटी

## मंगलवार को ई.डी. की टीम ने उदयसागर टापू पर बनी इस पांच सितारा होटल में छापेमारी की थी

**जयपुर (कासं)।** उदयपुर में उदसागर झील के टापू पर स्थित पांच सितारा रैफल्स होटल में मंगलवार को ईडी की टीम ने दबिश दी थी। अब ई.डी. की टीम यहां से जब्त दस्तावेजों व अन्य सबूतों की जांच में जुटी है। जल्द ही ई.डी. पूछताछ के लिए होटल ग्रुप से जुड़े लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुला सकती है।

सूत्रों की मानें तो रैफल्स होटल विदेशी होटल ग्रुप की चेन का हिस्सा है और इसमें राजस्थान के बड़े नेताओं के जुड़े होने की जानकारी सामने आयी है। हालांकि अभी तक ईडी ने इस प्रकरण की जानकारी किसी से साझा नहीं की है। ईडी की ओर से आधिकारिक बयान आने के बाद ही साफ़ हो पाएगा कि दबिश क्यों दी गई है?

- **हालांकि अभी तक ई.डी. ने कोई अधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि दिल्ली के अफसरों की टीम होटल में निवेश के दस्तावेज जांच रही है।**

सूत्रों की मानें तो दिल्ली तथा राजस्थान की टीमें सर्च की कार्रवाई में जुटी हुई है। हर एंगल पर जांच की जा रही है। होटल से जुड़े लोगों से भी होटल में किए गए निवेश को लेकर भी पूछताछ की जाएगी। अभी तक होटल के कई बड़े लोगों के हिस्सेदारी होने की जानकारी मिली है। होटल के दस्तावेजों के साथ-साथ अन्य ट्रांजेक्शनों को लेकर भी होटल के स्टाफ से पूछताछ जारी है। होटल के निदेशक तथा प्रबंधन से जुड़े लोगों को सर्वे की जानकारी देते हुए सहयोग किए जाने को लेकर कहा गया है। सर्वे में मिले तथ्य अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बताया जा रहा है कि सर्वे की कार्रवाई अगले कुछ दिनों तक चल सकती है। गौरतलब है कि रैफल्स ग्रुप की इस होटल को कुछ साल पहले उदयसागर झील के टापू पर बनाया गया। इसमें राजस्थान के बड़े राजनेता की हिस्सेदारी की बात कही जा रही है।

बताया जा रहा है कि ईडी को इस होटल से जुड़े जो भी इनपुट्स मिले हैं उसी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। माना जा सकता है कि ईडी इस जांच में तमाम तरह के दस्तावेज़ों को तो देखेगी ही, साथ ही होटल मालिकों और इसके निवेशकर्ताओं सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि राजस्थान में समय-समय पर ई.डी. की दबिश को लेकर सीएम अशोक गहलोत नाराज़गी जताते रहे हैं। वे ई.डी. पर केंद्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस शासित राज्यों में ही रेड कार्रवाई करने के आरोप लगाते रहे हैं।

# आरटीई के तहत प्रवेश नहीं देने वाले 24 नामी स्कूलों की मान्यता पर लटकी तलवार

## जिला शिक्षा अधिकारी ने एनओसी वापस लेने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजा

**जयपुर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश नहीं देने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू की है। शहर के ऐसे 24 निजी स्कूलों की एनओसी वापस लेने की सिफारिश की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार हंस ने इसका प्रस्ताव बनाकर शिक्षा विभाग को भेज दिया है। अब शिक्षा विभाग इस प्रस्ताव पर विचार करेगा। अगर विभाग ने एक्शन लिया तो स्कूलों की मान्यता पर भी संकट आ सकता है।


विभाग की ओर से जुलाई में आरटीई के तहत बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी की थी। करीब 15 हजार से अधिक स्कूलों में 76 हजार बच्चों को आरटीई के तहत एडमिशन दिया था, लेकिन जयपुर में अधिकतर निजी स्कूलों ने बच्चों को प्रवेश नहीं दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी की ओर भेजे गए प्रस्ताव में जयपुर का भारतीय विद्या भवन विद्या आश्रम स्कूल, जयपुर स्कूल, रूकमणि बिरला मॉडन हाई स्कूल, सेंट्रल एकेडमी, वॉरेन एकेडमी स्कूल, संस्कार स्कूल, मॉडन पब्लिक स्कूल, वर्धमान श्री कल्याण इंटरनेशनल स्कूल, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, ब्राईटलैंड गर्ल्स सीनियर सैकंडरी स्कूल, सीडलींग मॉडन हाई स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, श्री माहेश्वरी सी.सै. स्कूल, नीरजा मोदी स्कूल, सीडलींग पब्लिक स्कूल, कपिल ज्ञान पीठ, महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल, महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल, सेंट एडमन्स कॉन्वेंट स्कूल, क्रैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल, ज्ञान विहार स्कूल, द पैलेस स्कूल, डिफेंस पब्लिक स्कूल और भारतीय विद्या भवन आश्रम स्कूल शामिल है।

# स्वतन्त्रता सेनानी रामचन्द्र नन्दवाना स्मृति सम्मान अवधेश प्रधान को

**जयपुर,(कासं) ।** साहित्य संस्कृति के संस्थान संभावना द्वारा स्वतन्त्रता सेनानी रामचन्द्र नन्दवाना स्मृति सम्मान की घोषणा कर दी गई है।

संभावना के अध्यक्ष डॉ के सी शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 के लिए स्वतन्त्रता सेनानी रामचन्द्र नन्दवाना स्मृति सम्मान बनारस निवासी प्रसिद्ध आलोचक अवधेश प्रधान को उनकी चर्चित कृति सीता की खोज के लिए दिया जाएगा। डॉ शर्मा ने बताया कि जोशी की यह कृति भारतीय साहित्य की सुदीर्घ परम्परा में सीता जैसे कालजयी चरित्र का विशद अध्ययन है जिसमें संस्कृत साहित्य से लगाकर लोक साहित्य तक व्याप्त सीता के चरित्र का सिंहावलोकन है। वाराणसी निवासी वरिष्ठ हिंदी साहित्यकार प्रो काशीनाथ सिंह, भोपाल निवासी वरिष्ठ हिंदी कवि राजेश जोशी और जयपुर निवासी वरिष्ठ लेखक डॉ दुर्गाप्रसाद अठावाल की चयन समिति ने सर्व सम्मति से इस कृति को सम्मान के योग्य पाया। काशीनाथ सिंह ने वक्तव्य में कहा कि प्रो.अवधेश प्रधान आधुनिक, मध्यकालीन और पौराणिक साहित्य के गम्भीर अध्येता हैं। अनंत रामकथाओं में



अवधेश प्रधान

से सीता के उज्ज्वल चरित्र को खोज निकालना अनूठा कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधान जी की खोज से असहमत तो हुआ जा सकता है, उसे अनदेखा या उसकी उपेक्षा नही की जा सकती। इसके पीछे उनका गहन श्रम है और दृष्टि भी। राजेश जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अवधेश प्रधान जैसे विद्वान मध्यकालीन और आदिकालीन भारतीय साहित्य का जिस तरह पुनरावलोकन करते हैं वह हम सबके लिए बहुत उपयोगी और ज्ञानवर्धक है। डॉ दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने अपनी अनुशंसा में कहा कि पांडित्य और गहन शोध के साथ प्रधान जी की सहज-सरल भाषा इस कृति को अविस्मरणीय बनाती है। उन्होंने कहा कि उनका अध्ययन काशी की ज्ञान परम्परा का नया सोपान है।

डॉ शर्मा ने बताया कि स्वतन्त्रता सेनानी रामचन्द्र नन्दवाना स्मृति सम्मान में कृति के लेखक को ग्यारह हजार रुपये, शाल और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाता है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ में दिसम्बर माह में आयोज्य समारोह में वर्ष 2022 के लिए सम्मानित लेखक सोपान जोशी तथा अवधेश प्रधान को आमंत्रित किया जाएगा। संभावना द्वारा स्थापित इस पुरस्कार के संयोजक डॉ कनक जैन ने बताया कि राष्ट्रीय महत्त्व के इस सम्मान के लिए इस वर्ष परछाईं और मध्यकालीन साहित्य की विवेचना पर आधारित कृतियों की अनुशंसा माँगी गई थी जिसमें देश भर से कुल सतरह कृतियां प्राप्त हुई थीं। प्राप्त कृतियों के मूल्यांकन के आधार पर चयन समिति ने अपनी अनुशंसा में सीता की खोज को श्रेष्ठतम कृति घोषित किया। डॉ जैन ने बताया कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से आचार्य के पद से सेवानिवृत्त अवधेश प्रधान की ख्याति भारतीय वांग्मय के गहन अध्येता और विचारक के रूप में है।

### दुष्कर्मी को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग मानसिक दिव्यांग को अपने घर लाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दिलीप को बीस साल की सजा सुनाई है।

**खोया पाया**

गोविन्द विहार गोपालपुरा बाईपास का संविधान एवं रजिस्ट्रेशन की मूल प्रति खो गई है। किसी को प्राप्त हो तो निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

ए.के.चिल्ड्रन्स एकेडमी संस्था, प्लाट नं. 1 व 2, गोविन्द विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर मो. 9351972892

# सीएम कानून व्यवस्था संभालने में असफल, इसलिए ज्यूडिशियरी को बता रहे हैं भ्रष्ट : सी.पी.जोशी

## 'गहलोत को चुनाव में सताने लगा हार का डर, अनर्गल बयानबाजी को बनाया बचने का हथियार'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका ज्यूडिशियरी, संविधान और केंद्र सरकार पर दिया बयान उनकी हताशा, चुनाव में अपनी हार और अपनी सरकार की गलतियों को छिपाने और जनता को गुमराह करने का उद्देश्य मात्र है। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का न्यायपालिका पर इस तरह का बयान यह दर्शाता है कि संविधान और देश की न्याय व्यवस्था में इनका कोई विश्वास नहीं है, क्योंकि यह प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने में पूर्ण रूप से विफल रहे हैं।

जोशी ने कहा कि आप कहते हैं कि संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं जबकि आप संवैधानिक पद पर बैठे हैं और न्याय व्यवस्था पर प्रश्न उठा रहे हैं। सीएम एसीबी जैसी संस्था में दखलंदाजी नहीं देने की बात करते हैं, जबकि 600 से अधिक मामले मुख्यमंत्री की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण लंबित पड़ी हैं और आरोपियों को फिर से वहीं पोस्टिंग दी जा रही है जहां उन्होंने भ्रष्टाचार किया था। आरपीएससी में करोड़ों रुपए लेकर सदस्य बनाए जाते हैं, जो पेपर लीक करवा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में प्रदेश की आर्थिक स्थिति सबसे अच्छी है यह कहकर वह अपनी पीठ थपथपाना चाहते हैं, लेकिन यह आर्थिक संपन्नता कहीं दिखाई क्यों नहीं देती। प्रदेश की बेरोजगारी की दर देश में सबसे अधिक क्यों है। चुनावी वादों के मुताबिक युवाओं को बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला। किसानों की हालत आज भी दयनीय है।

मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के लिए बोल रहे हैं कि देश को विश्व गुरु बनाने से पहले अपना घर संभाले। मुख्यमंत्रीजी आप राजस्थान संभाले, आपने पूरे 4.5 साल में प्रदेश को बर्बाद कर दिया आपसे प्रदेश की व्यवस्थाएं नहीं संभल पाई, इस तरह की सलाह आप ना दें तो अच्छा रहेगा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा सूचना**

संख्या : जीएसयू/सीपीएम/जयपुर/निविदा सूचना/23-24 दिनांक 28.08.23

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क. सं. 1. निविदा संख्या/कार्य का नाम :** गति-शक्ति /इंजी./जय/2023-24/36 उप मुख्य इंजी. (जी.एस.यु.) जयपुर **"अमृत भारत स्टेशन स्कीम"** के सम्बन्ध में दौसा-2, बॉदीकुई -2 एवं अलवर - 3 लिफ्टों का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** 12534265/- **बयाना राशि :** 212700/- **क. सं. 2. निविदा संख्या/कार्य का नाम :** गति-शक्ति/इंजी./जय/2023-24/37 उप मुख्य इंजी. (जी.एस.यु.) जयपुर **"अमृत भारत स्टेशन स्कीम"** के सम्बन्ध में फुलेरा-2, नीम का थाना-2, रींगस - 1, सीकर - 2 एवं झुन्झुनू-1 लिफ्टों का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** 16485799/- **बयाना राशि :** 232400/- **क.सं. 3. निविदा संख्या/कार्य का नाम :** गति-शक्ति/इंजी./जय/2023-24/38 उप मुख्य इंजी. (जी.एस.यु.) जयपुर, फुलेरा-अजमेर अनुभाग के किशनगढ़ में कि.मी. 266/0-1 पर आरयूबी के निर्माण के सम्बन्ध में 02 युनिट टाईप- ||| क्वाटर का कार्य। **अनुमानित लागत :** 3327285/- **बयाना राशि** :66500/- **क. सं. 4. निविदा संख्या/ कार्य का नाम :** गति-शक्ति/एस एण्ड टी/जय/2023-24 /39 उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजी. (जी.एस.यु.) जयपुर - पुराने किशनगढ़ स्टेशन पर कि.मी. 266/0-1 पर आरयूबी के निर्माण के सम्बन्ध में दूरसंचार कार्य। **अनुमानित लागत** :1069148/- **बयाना राशि** : 21400/- **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2 निविदा स. गति-शक्ति/इंजी./जय/2023-24/36 से गति-शक्ति/इंजी./जय/2023-24/38** और **गति-शक्ति/एस एण्ड टी /जय/2023-24/39** तक की बन्द होने की तिथि 21.09.23 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 21.09.23 समय 16.00 बजे।

**923-DG/23**


हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

### रोडवेज बसों में आज भी महिलाओं के लिये फ्री यात्रा

**जयपुर, (कासं)।** बुधवार को रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर प्रथम गारन्टी कार्ड एवं पहला 500 रूपए का सिलेण्डर प्राप्त करने वाली महिला लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा।

गहलोत ने महिलाओं को रक्षाबंधन के अवसर पर दी गई रोडवेज बस किराये में शत-प्रतिशत छूट को 31 अगस्त तक जारी रखने की घोषणा की।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

# पिछले विधानसभा चुनावों में 26 सीटों पर बड़े अंतराल से हारी थी कांग्रेस

## इन सीटों पर नए विकल्पों पर पार्टी कर रही है विचार

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के सामने यह बात प्रमुख रुप से आई है कि 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में राजस्थान में बेहतर माहौल था। उसके बावजूद बहुत सारे ऐसे उम्मीदवार हैं, जो कि बड़े अंतर से चुनाव हार गए। प्रदेश चुनाव समिति में यह बात आई और प्रदेश चुनाव समिति के अधिकांश सदस्यों की राय यही रही है कि जो लोग कांग्रेस की हवा में बड़ा अंतराल नहीं पाट पाए। इस बार किसी भी स्थिति में वे जीत नहीं पाएंगे। ऐसे लोगों की टिकट काटकर नए लोगों को मौका देना चाहिए।

2018 के विधानसभा चुनाव में 20 हजार के आसपास से लेकर 74 हजार तक कांग्रेस के कई उम्मीदवार हारे थे। इनमें शाहपुरा भीलवाड़ा से महावीर प्रसाद सबसे ज्यादा 74 हजार वोटों से भाजपा के कैलाश मेघवाल से हारे थे। वहीं बस्सी से दौलत मीणा 64 हजार से ज्यादा वोट से, किशनगढ़, अजमेर से नंदाराम 67 हजार से ज्यादा से और सिरोही से जिला कांग्रेस अध्यक्ष जीवाराम आर्य 66 हजार से ज्यादा वोटों से हारे थे।

इनके अलावा जिन लोगों के टिकट पर संकट के बादल हैं क्योंकि यह सभी कांग्रेस की हवा के बावजूद बड़े अंतराल से चुनाव हार गए उन लोगों में 2018 विधानसभा चुनाव में डूंगरगढ़ से मंगलाराम गोदारा 24 हजार से ज्यादा, विद्याधर नगर से सीताराम अग्रवाल 32 हजार से ज्यादा, सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज 35 हजार से ज्यादा, अलवर शहर से श्वेता सैनी 22 हजार से ज्यादा, धौलपुर से शिवचरण कुशवाहा 19 हजार से ज्यादा, सोजत से शोभा सोलंकी 32 हजार से ज्यादा, सुमेरपुर से रंजू रामावत करीब 33 हजार, आहोर से सवाराम पटेल 31 हजार से ज्यादा, जालौर से मंजू मेघवाल 35 हजार से ज्यादा, पिंडवाड़ा आबू से लालाराम 26 हजार से ज्यादा, उदयपुर ग्रामीण से विवेक कटारा 18 हजार से ज्यादा, मावली से पुष्कर डांगी 26 हजार से ज्यादा, सलूंबर से रघुवीर मीणा 21 हजार से ज्यादा, धरियाबद से गौतम लाल मीणा 23 हजार से ज्यादा, घड़ी से कांता भील 24 हजार से ज्यादा, चित्तौड़गढ़ से सुरेंद्र जाड़ावत 23 हजार से ज्यादा, राजसमंद से नारायण सिंह भाटी 24 हजार से ज्यादा, भीलवाड़ा से ओमप्रकाश नारायनीवाल 49 हजार से ज्यादा, लाडपुरा से गुलनाज गुड्डू 22 हजार से ज्यादा, डग से मदनलाल 19 हजार से ज्यादा, झालरापाटन से मानवेंद्र सिंह 34 हजार से ज्यादा और मनोहर थाना से कैलाश चंद 21 हजार से ज्यादा वोटो से हारने वालों में शामिल हैं।

- **सबसे बड़ी हार शाहपुरा भीलवाड़ा की थी, जयपुर शहर की सांगानेर और विद्याधर नगर में था हार का सबसे बड़ा अंतराल**

इन सभी सीटों पर प्रदेश चुनाव समिति में हुई आपसी बातचीत से स्क्रीनिंग कमेटी के सामने यही बात निकलकर आई है कि इन सभी सीटों पर इस बार नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए ताकि पार्टी के लिए अच्छे परिणाम आ सके। दरअसल इन सभी सीटों पर यह माना गया है कि जब कांग्रेस के पक्ष में माहौल के बावजूद यह उम्मीदवार इतने लंबे अंतराल से हारे हैं, तो अब जब पहले जैसी स्थितियां नहीं हैं, तो इन उम्मीदवारों के जीतने की संभावनाएं नगण्य जैसी है। ऐसे में यदि नए उम्मीदवार आते हैं, तो पार्टी के लिए पहले से बेहतर परिणाम हो सकते हैं। दरअसल स्क्रीनिंग समिति ने भी इस मापदंड को लेकर चर्चा की है और अब जब स्क्रीनिंग समिति सभी संभागों का दौरा करके अगली बैठक करेगी, तो इस बात पर विचार किया जाएगा कि इन सब की जगह नए और बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं।

### 'मुख्यमंत्री न्यायपालिका को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं'

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के न्यायपालिका को लेकर दिए बयान पर ट्वीट के जरिए प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आपको खुद की सरकार में हो रहा भ्रष्टाचार नजर नहीं आता और आप न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार को लेकर सीधा हमला कर रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि संविधान के तीसरे स्तंभ के रूप में न्यायपालिका को कई व्यापक अधिकार संविधान में मिले हैं। संविधान के आर्टिकल 121 व 211 के अनुसार राज्य की विधायिका सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और अधीनस्थ न्यायालयों के किसी भी न्यायाधीश के आचरण और कर्तव्य के बारे में कोई टीका टिप्पणी नहीं कर सकती है।

राठौड़ ने कहा कि इससे बड़े दुर्भाग्य की बात क्या होगी कि खुद संवैधानिक पद पर आसीन बयानवीर मुख्यमंत्री अब न्यायपालिका को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

# हाऊसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा सरकारी जमीन के पट्टे देने की तैयारी में जुटा जेडीए प्रशासन!

## प्रताप नगर सेक्टर-5 स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी में करीब 3-4 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है, इसके बावजूद जे.डी.ए. के अफसरों ने इस कॉलोनी का नियमन कैंप 29 अगस्त को लगा दिया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रताप नगर सेक्टर-5 की कृष्णा विहार कॉलोनी में हाऊसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा 35 करोड़ की सरकारी जमीन पर जेडीए प्रशासन पट्टे देने की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए जेडीए जोन-8 के अफसरों ने 29 अगस्त को नियमन कैंप भी लगा दिया।

जबकि इस कॉलोनी में करीब 3-4 बीघा सरकारी जमीन पर भू-माफिया ने हाऊसिंग बोर्ड की जमीन पर कब्जा करके होटल, कॉम्पलेक्स और अन्य निर्माण कर रखे हैं। जिस पर तत्कालीन आवासन आयुक्त ने इसी वर्ष जनवरी-फरवरी माह में कृष्णा विहार निवासी बिरदीचंद शर्मा व कमल किशोर शर्मा को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए भी कहा था।

- **हाऊसिंग बोर्ड ने गत जनवरी-फरवरी माह में बिरदीचंद शर्मा व कमल किशोर शर्मा को नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई**

**रोचक तथ्य यह है कि इसी कृष्णा विहार कॉलोनी के 2 नक्शे जेडीए प्रशासन पूर्व में भी स्वीकृत कर चुका है, लेकिन दोनों नक्शों में जमीन के माप में करीब 5 हजार वर्गगज का अंतर है।**

**उधर जेडीए के अफसरों का कहना है कि वर्ष 2007 में स्वीकृत हुए नक्शे के मुताबिक कॉलोनी का नियमन कैंप लगाया गया हैं, लेकिन कोई यह बताने को तैयार नहीं कि बाद में कॉलोनी में करीब 5 हजार वर्गगज जमीन अधिक कैसे हो गई?**

मजेदार तथ्य यह है कि इन नोटिसों के बाद बिरदीचंद शर्मा व कमल किशोर ने हाऊसिंग बोर्ड को नोटिस का जवाब तो भेजा, लेकिन उन्होंने जमीन के टाइटल को लेकर कुछ स्थिति स्पष्ट नहीं की। पिछले 8 माह से यह मामला अटका हुआ है। जबकि हाऊसिंग बोर्ड ने जो नोटिस दिया था, उसमें साफ लिखा था कि हाऊसिंग बोर्ड की अवाप्तशुदा भूमि पर इन्होंने होटल माई जयपुर, होटल कृष्णा इन, पूमा फैक्ट्री आउटलेट, कृष्णा बाथ कलेक्शन और गुरूकृपा सेल्स एंड मार्केटिंग का ऑफिस बना रखा है।

इसी बीच गत 25 अगस्त को जेडीए जोन-8 के उपायुक्त ने कृष्णा विहार कॉलोनी के नियमन के लिए 29 अगस्त को कैंप लगा दिया। जबकि कृष्णा विहार कॉलोनी के दो नक्शे जेडीए प्रशासन पूर्व में भी स्वीकृत कर चुका है। वर्ष 2007 के नक्शे के मुताबिक जमीन करीब 82 हजार वर्गगज दर्शायी गई थी, लेकिन करीब 4-5 साल बाद इसी कॉलोनी की जमीन बढ़कर 87 हजार वर्गगज हो गई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अचानक कृष्णा विहार कॉलोनी में जमीन करीब 5 हजार वर्गगज कैसे बढ़ी। इसका जवाब जेडीए के अधिकारियों के पास भी नहीं है। उधर प्रताप नगर सेक्टर-5 में हाऊसिंग बोर्ड ने जो जमीनें मुआवजा देकर अवाप्त की थी, वह जमीनें आखिर कहां गई। ऐसे में यह पूरा मामला रहस्यमयी बना हुआ है। जब इस बारे में जोन-8 के तहसीलदार शशांक शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कृष्णा विहार कॉलोनी के पूर्व के नक्शे के अनुसार नियमन कैंप लगाया गया है, हालांकि वे यह नहीं बता पाए कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि कृष्णा विहार कॉलोनी का 87 हजार वर्गगज जमीन का नक्शा जेडीए प्रशासन को दुबारा जारी करना पड़ा। तहसीलदार का कहना है कि हाऊसिंग बोर्ड से किसको नोटिस जारी हुए हैं, उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# बहनों ने बांधी भाईयों की कलाई पर राखी

## दिनभर भद्राकाल के कारण रात 9 बजे के बाद घर-घर में बांधा रक्षा सूत्र

**जयपुर (कासं)।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर बुधवार को रक्षाबंधन का त्यौंहार विशिष्ट योग में मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर स्नेह की प्रतीक राखी बांधकर मुंह मीठा करवाया। वहीं भाइयों ने बहनों पर रक्षा का वचन देते हुए उपहार भेंट किए।

दिनभर भद्रा होने के कारण शुभ मुहूर्त के लिए रात्रि 9 बजने का इंतजार किया गया। हालांकि बहन-बुआ दोपहर बाद ही भाई-भतीजों के घर पहुंच गई। पूर्णिमा बुधवार सुबह 10:59 बजे से शुरू हो गई, लेकिन शुरुआत के साथ ही भद्रा लग गई। रात 9:02 बजे तक भद्रा रही। ऐसे में ज्यादातर घरों में रात 9:02 बजे बाद ही राखी बांधी गई। रात 9: 02 बजे से निशीथ समय रात 12: 28 तक राखी बांधने का क्रम चला।

वहीं दूसरी ओर सेंट्रल जेल में कैद भाईयों को भी राखी बांधने के लिए उनकी बहनें पहुंची। इसके लिए जेल प्रशासन ने अलग से व्यवस्था की थी। जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए बहनों का बुधवार सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया। राखी बांधते वक्त भाई-बहनों दोनों की आंखे भर आई। भाइयों ने भी इस दौरान बहनों को वचन दिया कि वह दोबारा अपराध के रास्ते पर नहीं जाएंगे।

जेल प्रशासन की ओर से राखी के त्यौहार पर मुलाकात के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।



**रक्षाबंधन पर जयपुर सेंट्रल जेल में कैद भाईयों को राखी बांधने के लिए बहनें पहुंची।**

बहनों को भाइयों के लिए फल व मिठाई ले जाने की छूट दी गई। जयपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से राखी के त्यौहार को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए। सुबह से ही बहनों को रुकने के लिए टेंट लगा दिए गए और वहां पर पानी और अन्य सुविधा की गई। साथ ही सुगमता के साथ बहनों को उनके भाइयों से मुलाकात कराई गई। सुबह से ही बहनों का जेल में आना शुरू हो गया था। जानकारी में आया है कि आज भद्रा होने के कारण काफी कम संख्या में बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए आई हैं। अगर कल भी कोई बहन भाई को राखी बांधने के लिए आएगी तो उनको भी उनके भाई से मिलने का मौका दिया जाएगा। रक्षा बंधन पर यह व्यवस्था प्रदेश की सभी जेलों में की गई हैं।

उधर, राजधानी जयपुर के पुलिस थानों में बहनों ने राखी बांधी। आस्ट्रेलिया नागरिक सहित अन्य महिलाओं ने पुलिस थानों में जाकर राखियां बांधी। जवाहर नगर, बजाज नगर, बनीपार्क, मालवीय नगर व अन्य पुलिस थानों में जाकर बहनों ने राखियां बांधी। इस दौरान पशु प्रेमी मरियम अबू हैदरी, आस्ट्रेलिया निवासी चारा, समाज सेवी संताना व अन्य मौजूद रहीं। इस दौरान बहनों ने पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधी।

बहनों ने अपने भाई पुलिस कर्मियों को तिलक लगाकर उनकी पूजा की और मिठाई खिलाकर उन्हे राखी बांधी। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बहनों को रक्षा का वचन दिया। बहनों ने बेजुबान पशुओं की रक्षा करने के लिए भी पुलिस कर्मियों से वचन मांगा। इस पर पुलिस कर्मियों ने पशुओं की रक्षा करने का वचन भी दिया। साथ ही बहनों को मिठाई खिलाई और उपहार दिए।

## रिश्वत के लेनदेन में दलाल का ऑडियो वायरल

**जयपुर (कासं)।** हैरिटेज नगर निगम में महापौर पति सुशील गुर्जर और दो दलालों नारायण सिंह और अनिल दुबे की गिरफ्तारी के बाद बुधवार को इस मामले का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें पट्टा जारी करने के एवज में लेन-देन की बात की जा रही है। सूत्रों की माने तो यह ऑडियो एसीबी द्वारा हैरिटेज महापौर के पति सुशील गुर्जर, दलाल नारायण सिंह व अनिल दुबे की गिरफ्तारी के पहले का बताया जा रहा है। ऑडियो में एक मोबाइल पर बातचीत हो रही है, जिसमें युवक दलाल नारायण सिंह से बातचीत कर रहा है। वह यहां तक कहता नजर आया कि उसने पट्टा लेने के बदले 50 हजार रुपये दिए हैं, फिर उसका काम क्यों अटका हुआ है। ऑडियो में नारायण गुर्जर भी तक कहता नजर आया कि पट्टा जारी करने का काम भी बंटा हुआ है और दलाल एक-दूसरे के काम में दखल नहीं देते। गौरतलब है कि एसीबी ने महापौर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर व दलाल नारायण सिंह व अनिल दुबे को पट्टे जारी करने की एवज में 2 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। मामले में अभी जांच जारी है।

# कांस्टेबल ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

## चार दिन बाद होनी थी बेटी की सगाई

**जयपुर (कासं)।** दौलतपुरा इलाके में बुधवार सुबह पुलिस कांस्टेबल घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाएं है। वहीं मृतक कांस्टेबल के मोबाइल को भी जब्त कर पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतक कांस्टेबल मंगल चंद सैनी (45) बनीपार्क थाने में तैनात था और कई वर्षो से गणपति नगर राजावास में परिवार समेत रहता था। मृतक की दो बेटियां और एक बेटा हैं। 3 सितंबर को ही कांस्टेबल की बेटी की सगाई होने वाली थी। मंगलवार को बनीपार्क थाने के एक एसआई की विदाई पार्टी थी। पार्टी में खाना खाने के बाद मंगल चंद घर के

- **बनीपार्क थाने में तैनात था मृतक कांस्टेबल**

लिए निकल गया था। घर आने के बाद परिवार से बात की और फिर सोने चला गया। सुबह करीब 5 से 7 बजे के बीच में कांस्टेबल ने घर पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

सुबह परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से काफी देर तक कोई आवाज नहीं आई। बाद में खिड़की से झांककर देखा तो कांस्टेबल फंदे पर लटका मिला। खुदकुशी के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिवार के सदस्य और थाना स्टाफ से भी इस संबंध में पूछताछ कर रही हैं। वहीं मृतक कांस्टेबल के मोबाइल को भी जब्त कर जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री अपराधियों के समक्ष सरेंडर : डॉ. पूनिया

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बयान जारी कर प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी के शासन में अशोक गहलोत के राज में जिस तरीके से राजस्थान की बदहाली हुई है, अराजकता हुई है, बहुत डरावने हालात हो गये हैं। सात हत्याएं प्रतिदिन यह राजस्थान की कांग्रेस सरकार के शासन की बानगी है, राजस्थान इस समय सर्वाधिक अपराधग्रस्त राज्य है। व्यक्ति ना घर में सुरक्षित है, ना सड़क पर सुरक्षित है, ना मंदिर में सुरक्षित है, कुचामन क्षेत्र में जिस तरीके से कुचलकर दो नौजवानों की हत्या और टोंक जिले के डिग्गी में एक महंत की हत्या, इन वीभत्स घटनाओं से यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपराधियों के समक्ष सरेंडर कर चुके हैं, पूरे प्रदेश में माफियाओं का आतंक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले कुछ अरसे से दलितों पर अत्याचार बढ़ने का जो क्रम है, उसमें 61 फीसदी अपराध दलितों पर हुए। कांग्रेस शासन में महंत और मंदिरों पर भी हमले की यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी भरतपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा इत्यादि जिलों में भी वारदातें हो चुकी हैं। राज्य में पौने पांच वर्षों में 11 लाख मुकदमों की बानगी यह स्पष्ट तौर पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को पुख्ता करती है, राजस्थान सरकार के गृहमंत्री अशोक गहलोत की सरपरस्ती में जिस तरीके से कानून व्यवस्था की बदहाली हुई है, इससे समाज तो विचलित है ही, लेकिन शासन की संवेदनाएं खत्म हो गईं, यह प्रतीत होता है।

# मकान से 15 लाख नकद और लाखों के गहने चोरी

**जयपुर।** सुभाषचौक थाना इलाके में मकान से 15 लाख नकद और 6 लाख के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। दादा-दादी ने अपने पोता-पोती के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि राजामल का तालाब निवासी कमला देवी (65) ने रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। कमला देवी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्ति हुई है। सेवानिवृत्ति के बाद मिले अधिकांश पैसे तो बैंक खाते में जमा करवा दिए और कुछ पैसों का सोना ले लिया। कुछ दिन पहले कमला देवी के पति कस्तूर चंद ने मकान खरीदने की योजना बनाई थी। जिस पर 25 अगस्त को कमला देवी बैंक गई और खाते से 15 लाख रुपए निकालकर घर ले आई। सौदा नहीं हुआ तो पैसे को घर के एक बक्से में रख कर ताला लगा दिया। इसी तरह के दो अन्य बक्सों में सोना-चांदी रखी हुई थी। तीनों बक्सों की चाबी पीड़िता के पास थी। 27 अगस्त को कस्तूर चंद ने पत्नी को 15 लाख रुपए के बारे में पूछा और देने के लिए कहा।

- **दादा-दादी ने पोता व पोती पर लगाया चोरी का आरोप**
- **तीनों बक्सों पर लगे मिले ताले, पुलिस जांच में जुटी**

इस पर कमला देवी ने ताला खोला तो बक्से में पैसों की जगह मनोरंजन बैंक के नोट रखे मिले। 2 बक्सों को खोला तो उसमें रखे 6 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने गायब थे। चोर सोने का हार, सोने के टॉप्स, सोने के हाथ कड़े, आधी किलो चांदी की कमरक, सवा किलो चांदी के कड़े, चांदी का वजनी टनका, चांदी के कलदार, सोने के दो जंतर, बेटे की शादी में आए सोने के जेवर, सोने का हार, सोने का झुमका बेटे की शादी में आए सोने के जेवर और करीब 5-7 किलो चांदी थी। कमला देवी ने पोता-पोती पर शक जताया है।

# रोडवेज में जगह नहीं, निजी बसों में परेशान हुई बहनें





**रक्षाबंधन के पर्व पर राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा की घोषणा तो राज्य सरकार ने की, लेकिन पर्याप्त संख्या में बसें संचालित नहीं होने के कारण बहनों को परेशानी उठानी पड़ी। सिंधी कैंप बस स्टैण्ड पर टिकट खिड़की पर महिला-पुरूषों की लंबी कतारें लगी रही। भीड़ में सबसे ज्यादा परेशानियां बच्चों के साथ पहुंची महिलाओं और वृद्धजनों को उठानी पड़ी। उधर जब रोडवेज बसें चौमूं पुलिया बस स्टैंड पर पहुंची तो वहां भी महिलाओं को सीट नहीं मिली। इसके चलते बहुत सी महिलाओं को गंतव्य तक पहुंचने के लिए मजबूरन निजी बसों का सहारा लेना पड़ा।** फोटो-राष्ट्रदूत

## सार-समाचार

### फैक्ट्री की छत से गिरे मजदूर की मौत

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में फैक्ट्री की छत से गिरने पर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने मंगलवार को फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में सैंथल दौसा निवासी गणपत सिंह (50)की मौत हो गई। वह पिछले करीब 1 साल से रोड नंबर-12 विश्वकर्मा स्थित फैक्ट्री में रहकर मजदूरी का काम रह रहा था। 30 जुलाई की रात करीब सात बजे वह फैक्ट्री में पहली मंजिल से नीचे गिर गया। लहूलुहान हालत में पड़ा देखकर फैक्ट्री में मौजूद अन्य लोगों ने उसके भाई रतन सिंह को सूचना दी। रतन सिंह ने अपने परिचित को फोन कर फैक्ट्री भेजा। साथी पहुंचे तो रात साढ़े नौ बजे तक गणपत बेहोशी की हालत में फैक्ट्री में फर्श पर पड़ा मिला। परिचितों ने उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान 4 अगस्त को उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रतन सिंह ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि पहली मंजिल पर रेलिंग नहीं लगाने के चलते गणपत पैर फिसलने से नीचे गिर पड़ा। पुलिस जांच कर रही है।

### हिस्ट्रीशीटर ने किया युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** जालूपुरा थाना इलाके में स्थित एक होटल में हिस्ट्रीशीटर द्वारा युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मुंह बोला भाई उसे दोस्त से मिलवाने के बहाने होटल ले गया था। पीड़िता ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि रामगंज निवासी 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि भीलवाड़ा निवासी रिजवान उसका मुंह बोला भाई है। आरोप है कि 28 अगस्त की रात भाई रिजवान उसके पास मिलने आया था। दोस्त से मिलवाने के बहाने उसे एक्टिवा पर बैठाकर संसार चंद्र रोड स्थित एक होटल में ले गया। होटल में रिजवान के दो दोस्त मिले, जिसमें से एक रामगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर दानिश कुरैशी उर्फ भोट था। उनसे मिलवाने के बाद बातचीत करने सभी होटल के कमरे में चले गए। पीड़िता ने बताया कि कुछ देर बाद रिजवान अपने दूसरे दोस्त को लेकर कमरे से बाहर चला गया। कमरे में अकेला पाकर आरोपी हिस्ट्रीशीटर दानिश कुरैशी उर्फ भोट ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी दानिश कुरैशी के चुंगल से छूट कर घर पहुंची। मुंह बोले भाई रिजवान को उसके हिस्ट्रीशीटर दोस्त की करतूत बताने पर भी वह चुप रहा। इसके बाद सहेली के साथ थाने जाकर आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल करवाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवई कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के कब्जें से चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार पुत्र रामकेश मीणा 21 निवासी गांव बड़ी पट्टी नादौती गंगापुर और विमलेश पुत्र गंगा साहेब मीणा 22 निवासी गंगवाल पट्टी नादौती गंगापुर है। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार ने पूछताछ में बताया किएक बाइक गंगापुर से चोरी करके लाया था और दूसरी जवाहर सर्किल से चोरी करना बताया है। आरोपी विमलेश के खिलाफ पूर्व में सांगानेर, प्रतापनगर थाने में गैस सिलेण्डर चोरी के तीन प्रकरण दर्ज है। पूछताछ में इनसे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

### जनेऊधारियों ने पहनी नई यज्ञोपवीत

**जयपुर।** रक्षाबंधन पर भद्रा लगने से पूर्व विभिन्न स्थानों पर श्रावणी उपाकर्म किए गए। ज्ञात-अज्ञात पापों से निवृत्ति के लिए यज्ञोपवीत धारी लोगों ने गलताजी, आमेर के मावठे सहित अन्य जल स्त्रोतों पर श्रावण उपाकर्म किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में मणिशंकर चौधरी ने विधि विधान से परिजनों को भस्म, मिट्टी, गोबर, गोमय, दूध, दही, घी, शहद, हल्दी, कुशा से मंत्रोच्चार के साथ दशविध स्नान कराया। उन्होंने प्रत्येक का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व भी बताया। शुद्ध जल से स्नान के बाद भी ने पुरानी जनेऊ की जगह नई जनेऊ धारण की। इसके बाद पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित की। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ एवं गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में मुरलीपुरा की रामेश्वर धाम कॉलोनी के गौड़ विप्र भवन में हेमाद्रि संकल्प, दसविध स्नान, यज्ञ और पौधरोपण के कार्यक्रम हुए। व्यासपीठ से प्रहलाद शर्मा ने कहा कि ज्ञात-अज्ञात पापों से निवृत्ति के लिए हर यज्ञोपवीतधारी को श्रावणी कर्म करना अनिवार्य होता है। गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, किरण पथ मानसरोवर के वेदना निवारण केन्द्र में भी श्रावणी कर्म का कार्यक्रम हुआ।

### एडीजी क्राइम को कुचामन भेजा

**जयपुर।** राज्य सरकार ने कुचामन में दो दलित युवकों की हत्या को लिया अत्यंत गंभीरता से लिया है। वहीं तत्काल प्रभावी कार्रवई कर हत्यारों को पकड़ने के निर्देश दिए गए है।पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर एडीजी क्राइम दिनेश एमएन को कुचामन रवाना किया गया है। पुलिस ने अभी तक 3 संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार को कुचामन के राणासर गांव के पास एक गाड़ी से कुचलकर दो युवकों की हत्या की गई थी। बोलेरो से बाइक को कई बार टक्कर मारी और कुचल कर 2 युवकों की हत्या कर दी औश्र एक गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक पर तीन जने सवार थे। वारदात में गंभीर घायल एक अन्य युवक को जयपुर रेफर कर किया गया था। जहां एसएमएस अस्पताल में घायल को उपचार चल रहा है। वारदात में परबतसर के बिदियाद गांव निवासी राजू और चुन्नीलाल की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं तीसरा युवक कृष्णाराम गंभीर रूप से घायल हो गया था। आईजी लता मनोज कुमार सहित कुचामन सिटी के आला पुलिस अफसरों ने मौका मुआयना किया था।

### कालबेलिया बस्ती में मनाया रक्षाबंधन

**जयपुर।** घुमंतू जाति उत्थान न्यास द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्र, पुजारी योजना एवं आरोग्य मित्र बस्ती योजना के अंतर्गत बुधवार को विद्याधरनगर की कालबेलिया बस्ती में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। बस्ती के मंदिर में सामूहिक आरती हुई। प्रांत कार्यवाह गेंदालाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि घुमंतु बस्तियों में निवास करने वाले सभी लोग हमारे बंधु है। इनकी सहायता करना हम सबका दायित्व है। घुमंतु जाति उत्थान न्यास के महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। इसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे के रक्षाबंधन किया और मुंह मीठा करवाया।

### स्वरोजगार के लिए मदद मिलेगी

**जयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वर्ष 2023-24 के पेश बजट में विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना की घोषणा की अनुपालन में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा योजना की अधिसूचना जारी होने पर इसके क्रियान्वयन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि राज्य में महिलाओं, कामगार विभिन्न वर्ग यथा हस्तशिल्पी, केश कला, माटी कला के दस्तकार एवं घुमन्तु वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का रोजगार करने हेतु यह योजना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत एक लाख लोगों को आवश्यक किट, उपकरण, सिलाई मशीन इत्यादि खरीदने के लिए पांच हजार रुपए की सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य में स्वरोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ ावा देने के लिए निरंतर अहम फैसले लिए जा रहे हैं तथा विभाग इन फैसलों को धरातल पर मूर्तरूप देने के लिए कटिबद्धता से कार्य कर रहा है।

### ब्राह्मण महासंगम की तैयारियां जोरों पर

**जयपुर, (कासं)।** सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए जयपुर के रामनिवास बाग अल्बर्ट हॉल पर विराट ब्राह्मण महासंगम की तैयारियों में हजारो विप्र बंधु पुरे प्रदेश में पिछले 2 माह से जुटे हुये है। पुरे प्रदेश में बडे बडे होर्डिंग व बैनर लगाये हुये है। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि तैयारियां जोरो पर चल रही है। इसके लिए अलग अलग समितियों का गठन भी किया गया है। समारोह के लिये सभी समितियां मुस्तैदी से अपना कार्य कर रही है। विशेषकर 3 सितम्बर को आयोजित होने वाले कलश यात्रा में 5100 महिलाएं एक ही रंग में रंगी नजर आयेगीं। इसके लिये सभी का साड़ी वितरण का कार्य पूरा हो चुका है। 3 सितंबर को प्रात: 8:00 बजे सभी महिलाएं चांदनी चौक त्रिपोलिया गेट के अंदर एकत्रित होगी और यहां पर मंगल कलश यात्रा का पूजन जयपुर के महाराजा पद्मनाभ सिंह करेंगे और महिलाओं को कलश देकर रवाना करेगें। ये महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर कलश के साथ पहुंचेगी।



## International Overdose Awareness Day


With the increasing drug problem in countries all over the world, in many cases, tragedies happen. For those who suffer from the consequences of overdose, it can be hard for families to cope with the after-effects of what happened. It can also be hard for people who don't understand to find sympathy for those families. International Overdose Awareness Day is all about bridging the gap between those who don't understand and those who know it all too well.




#THEORY

# The Fifth Force

Experts closing in on potentially identifying new force after surprise wobble of subatomic particle





The tantalising theory that a fifth force of nature could exist has been given a boost thanks to unexpected wobbling by a subatomic particle, physicists have revealed.

According to current understanding, there are four fundamental forces in nature, three of which – the electromagnetic force and the strong and weak nuclear forces – are explained by the standard model of particle physics.

However, the model does not explain the other known fundamental force, gravity, or dark matter – a strange and mysterious substance thought to make up about 27% of the universe.

Now researchers have said there could be another, fifth, fundamental force of nature.


Dr Mitesh Patel, from Imperial College London, said: "We're talking about a fifth force because we can't necessarily explain the behaviour [in these experiments] with the four we know about."

The data comes from experiments at the Fermilab US particle accelerator facility, which explored how subatomic particles called muons – similar to electrons but about 200 times heavier – move in a magnetic field.

Patel says the muons behave a bit like a child's spinning top, in rotating around the axis of the magnetic field. However, as the muons move, they wobble. The frequency of that wobble can be predicted by the standard model.

But the experimental results from FermiLab do not appear to match those predictions.

Prof Jon Butterworth of University College London, who works on the Atlas experiment at the Large Hadron Collider (LHC) at Cern, said: "The wobbles are due to the way the muon interacts with a magnetic field. They can be calculated very precisely in the standard model but that calculation involves quantum loops, with known particles appearing in those loops. "If the measurements don't line



up with the prediction, that could be a sign that there is some unknown particle appearing in the loops – which could, for example, be the carrier of a fifth force."

The findings follow previous work from FermiLab that showed similar results.

But Patel said there was a "fly in the ointment", noting that between the first results and the new data, uncertainty has increased around the theoretical prediction of the frequency.

That, he said, could shift the situation. "Maybe what they are seeing is standard scientific thinking – the so-called standard model," Patel said.

There are other issues. Butterworth said: "If the discrepancy is confirmed, we will be sure there is something new and exciting but we won't be sure exactly what it is.

"Ideally the discrepancy would inform new theoretical ideas that would lead to new predictions – for example, of how we might find the particle that carries the new force, if that's what it is. The final confirmation would then be building an experiment to directly discover that particle." Butterworth added that the unexpected frequency of the muons' wobbles was one of the longest-standing and most significant discrepancies between a measurement and the standard model.

"The measurement is a great achievement, and very unlikely to be in error now," he said. "So if the theory predictions get sorted out, this could indeed be the first confirmed evidence for a fifth force – or something else strange and beyond the standard model."




# What A Soft Landing !

In a giant leap for its space programme, Chandrayaan-3 touched down on Moon's South Pole at 6.04 pm on 23rd August, propelling the country to an exclusive club of four and making it the first country to land on the uncharted surface. With this groundbreaking feat, India has secured its place in history as the first nation to successfully land a spacecraft on the Lunar South Pole. The Chandrayaan-3 mission, a testament to India's progress in space technology, has garnered worldwide attention for its audacious ambition and pioneering spirit.





Chandrayaan-3 Lander Module



Chandrayaan-3 First Image of Moon



Shruti Kothari

India scripted history on 23rd August with the successful landing of Chandrayaan-3 on the moon's surface. The Chandrayaan-3 lander successfully touched down on the moon's South Pole, thought to be a potential source for water and oxygen, days after Russia's mission failed. The Indian space agency - ISRO - launched the rocket on July 14, blasting off from the country's main spaceport in the southern state of Andhra Pradesh.

In a giant leap for its space programme, Chandrayaan-3 touched down on Moon's South Pole at 6.04 pm on 23rd August, propelling the country to an exclusive club of four and making it the first country to land on the uncharted surface.

With this groundbreaking feat, India has secured its place in history as the first nation to successfully land a spacecraft on the Lunar South Pole. The Chandrayaan-3 mission, a testament to India's progress in space technology, has garnered worldwide attention for its audacious ambition and pioneering spirit.

"India is on the Moon," said ISRO chief S Somanath as Chandrayaan 3 lander module Vikram making safe and soft landing on the Moon.

People across the country were glued to television screens and said prayers as the spacecraft approached the surface. This was India's second attempt to land a spacecraft on the moon and comes less than a week after Russia's Luna-25 mission failed.

Here, we further take a look at why a 'soft landing' is crucial to the mission, what makes landing on the South Pole a difficult feat, and what happens next.


### The Journey

The Chandrayaan-3's journey began from Earth on July 14 when the spacecraft took off from Sriharikota. After this, a few orbit-raising manoeuvres eventually led to its insertion into the lunar orbit on August 5. Slowly, the spacecraft contracted the distance between itself and the Moon's surface before landing on Earth's only natural satellite.

## #INDIA-ON-THE-MOON



ISRO chairman Shri S. Somanath



> Soft landing simply means landing at a gentle, controlled speed to not sustain damage to a spacecraft. Doing so showcases a spacecraft's technical capabilities. The landing site is near the south pole of the moon at 70 degrees latitude. All of the previous spacecraft to have landed on the Moon have landed in the region near the Moon's equator.

### What is a Soft Landing?


According to ISRO, the mission's three objectives are to demonstrate a safe and soft landing on the lunar surface, to demonstrate a Rover roving on the Moon and to conduct in-situ scientific experiments.

Soft landing simply means landing at a gentle, controlled speed to not sustain damage to a spacecraft. Doing so showcases a spacecraft's technical capabilities. The landing site is near the south pole of the moon at 70 degrees latitude. All of the previous spacecraft to have landed on the Moon have landed in the region near the Moon's equator, firstly because it is easier and safer here. The terrain and temperature are more conducive for a long and sustained operation of instruments. Sunlight is also present, offering a regular supply of energy to solar-powered instruments.

The polar regions of the Moon, however, are different. Many parts lie in a completely dark region without sunlight, and temperatures can go below 230 degrees Celsius. This creates difficulty in the operation of instruments. In addition, there are large craters all over the place.

As a result, the polar regions of the Moon have remained unexplored. The extremely cold temperatures could mean that anything trapped in the region would remain frozen in time, without undergoing much change. The rocks and soil in Moon's north and south poles could therefore provide clues to the early Solar System.

Notably, Chandrayaan-2 also planned to land in this region in 2019, but it was not able to accomplish a soft landing and lost contact after it hit the surface.




### Learnings From Chandrayaan-2

Subsequent analyses reported that there were both software and hardware problems in 2019's Chandrayaan-2. ISRO chairperson S Somanath recently said the changes to the current mission were "failure-based." He said, "Instead of a success-based design in Chandrayaan-2, we are doing a failure-based design in Chandrayaan-3 —we are looking at what can go wrong and how to deal with it." Some of the changes that have been made are:

- Chandrayaan-2 lost control over its descent around 7.2 km from the surface of the Moon. Its communications system relayed data of the loss of control up to around 400 m above the surface. The Lander had slowed down to about 580 km/hr when it crashed.
- A Lander does not have wheels; it has stilts, or legs, which are supposed to touch down on the lunar surface, the legs of Chandrayaan-3 have been strengthened to ensure that it would be able to land, and stabilise, even at a speed of 3 m/sec, or 10.8 km/hour.
- The prospective landing site has had its range increased. Instead of trying to reach a specific 500mx500m patch for landing as targeted by Chandrayaan-2, the current mission was given instructions to land safely anywhere in a 4kmx2.4km area.
- The Chandrayaan-3 Lander carried more fuel than Chandrayaan-2. This was done to ensure that the Lander would be able to make a last-minute change in its landing site, if it needed.
- The Chandrayaan-3 Lander has solar panels on four sides, instead of only two in Chandrayaan-2. This was to ensure that the Lander continued to draw solar power, even if it landedin a wrong direction, or tumbled over. At least one or two of its sides would always be facing the Sun, and remain active.

> The six payloads on the Vikram lander and rover Pragyan remain the same as the previous mission. There are four scientific payloads on the lander to study lunar quakes, thermal properties of the lunar surface, and a passive experiment to help accurately measure the distance between Earth and the Moon.

### What's Next?

Spacecraft are often carrying certain instruments and experiments with them (called payloads) that observe and record what is happening in Space. This information is then relayed to Earth for scientists to analyse and study.

The six payloads on the Vikram lander and rover Pragyan remain the same as the previous mission. There are four scientific payloads on the lander to study lunar quakes, thermal properties of the lunar surface, changes in the plasma near the surface, and a passive experiment to help accurately measure the distance between Earth and the Moon. The fourth payload comes from NASA.

There are two payloads on the Rover, designed to study the chemical and mineral composition of the lunar surface and to determine the composition of elements such as magnesium, aluminium and iron in the lunar soil and rocks.

### Exploring Moon's South Pole

The Moon's South Pole presents a unique and challenging environment, characterised by rugged terrains, extreme cold, and constantly changing lighting conditions due to its unique axial tilt. ISRO's accomplishment reflects the culmination of years of meticulous planning, advanced engineering, and unwavering determination. The Vikram lander's successful touchdown on this uncharted region is a testament to the dedication and skill of India's scientific community.

The implications of this achievement are far-reaching. The Lunar South Pole has long remained an enigmatic location, holding the potential for invaluable scientific insights and resource exploration. The ability to explore this region opens avenues for unlocking mysteries of the Moon's history and understanding its geological evolution.

The rover and lander have one more week on the Moon to make their assessments. The South Pole is of particular interest to scientists because Chandrayaan-1 found evidence of frozen water on the far side of the Moon that cannot be viewed from Earth due to a phenomenon called "Tidal Locking."

### Towards New Discoveries

The Chandrayaan-3 mission's success not only elevates India's status in space exploration but also serves as an inspiration for aspiring scientists, engineers, and dreamers across the nation. It underscores the importance of bold ambitions, meticulous planning, and collaborative efforts in pushing the boundaries of human knowledge.

As the nation celebrates this historic accomplishment, the focus now shifts to the scientific discoveries that will emerge from Chandrayaan-3's Pragyan rover on the Lunar South Pole. The data gathered and insights gained will undoubtedly contribute to humanity's broader understanding of the Moon, its formation, and its role in the cosmic tapestry.

Ancient water ice could provide a record of lunar volcanoes, and about material that comets and asteroids brought to Earth. It will also help shed light on how oceans formed. This ice from the lunar South Pole may be used to extract water, oxygen, and fuel for future crewed missions to the Moon.

Indeed, India's achievement with Chandrayaan-3 reinforces the notion that the sky is not the limit, but rather the beginning of a limitless journey into the realms of exploration and discovery.

rajeshsharma1049@gmail.com




The people behind the Chandrayaan-3 mission

#SKILLS

# How To Read The Room Like A Pro

Reading the room is about seeing and hearing what's both spoken and unspoken. And it's a skill well worth mastering.





Chances are, you've been there. You walk into a conference room, dinner party, or group of playground parents and make a comment that immediately shifts the ballast of the conversation. Eyes dart at you. Their message is clear: Dude, read the room. But you've already said or done something out of sync with what's appropriate in the moment.

While the impulse may be rooted in shyness or social anxiety, people who fail to read the room rarely suffer from passivity. They don't enter as much as barge in. Subtle and restrained are not calling cards.

It happens. But it's avoidable. When you're told to — or sense that you should — "read the room," it means that you need to slow down and pick up on the social cues around you. Is someone upset? Having a serious conversation? What is the overall tone? Learning how to read the room is an important skill, one that can be honed by pausing to observe a few key details. Here's how to improve.

### Get Comfortable With Silence

Reading the room is about listening, or more precisely shutting up and listening. If you're talking, you're not gathering. Find a partner who's willing and will provide honest feedback. The immediate kind especially helps. When it's positive, you're more likely to repeat the behaviour. When it's negative, you're less likely.


Set a timer for 30 seconds where they talk and you don't. It sounds easy but it will hurt at first because you desperately want to interject. But when you resist that urge, you'll start to become more comfortable with silence. You can start taking in information and learn about the other person; how they feel about the information, and once you enter a room, you're better prepared.

### Tune Into Body Language

As in bring your eyes up from the floor. Look at how people's shoulders are angled. Then notice where their chests are pointing. That's the focus. You also want to notice people's expressions as you listen to what they're talking about, keying in on the paraverbals — the cadence, tone, volume, pace. You put it all together and you can get a sense of the vibe. You'll be able to tell tell whether someone's response of "great" to "how's it going?" is genuine, happy, sarcastic, or something else.

### Listen To What People Are Saying

If you've mastered the basics, try to decipher what people aren't saying, because people are usually holding something back or couching their terms. It will give you further insight, but more than information, when you're playing detective at this level, you're already out of your head and completely engaged in the moment, which means, that when you do eventually speak, "you're probably not talking out of your ass."



### Notice Your Environment


Pay attention to the acoustics and size. Pay attention to the setting and atmosphere — are things casual, or more formal? Look at the hosts and take a cue from how they're acting. And remember an important fact: "It's not your space". Your job is to fit into it. You might know everyone there, and they might be people with whom you usually talk sports and use salty language. But this might not be the setting for that, and engaging in your usual dynamic can up people's insecurities. "Let the room dictate it, not the relationship".

### Keep Your Eyes On The Prize

When you're reading a room, you're not looking to be a perpetual observer. The goal is to observe and then engage. You still say "Hi" and smile and answer questions and make small talk. It's more about slowing down your pace, assessing and eventually responding, not with mirroring but calibration. If the tone is sad, you don't have to become sad. You just don't have to tell jokes or talk business.

It'll take time, and you'll make mistakes but because you're trying, they're usually non-fatal. It might feel like too much effort for people you may never see again, but think about those past conversations when someone perfectly gauged the situation and gave you the time and space to talk. That's the impact you can have.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पेट्रोल पम्प लूट की योजना बनाते आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार

## अवैध बंदूक, कारतूस सहित दो चोरी की बाइक भी बरामद की

**दौसा,** (निसं)। जिले की सिकंदरा थाना पुलिस द्वारा बाजरे के खेत में लूटपाट डकैती की योजना बनाते आधा दर्जन शातिर बदमाशों को अवैध हथियार एवं चोरी की मोटरसाइकिल आदि सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

सिकंदरा थाना अधिकारी मनोहर लाल मीणा ने बताया कि गीजगढ़ रोड स्थित नहानया के तिवारी के पास करीब आधा दर्जन संदिग्ध लोगों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा घेराबंदी कर डकैती व लूटपाट की योजना बना रहे इन आधा दर्जन लोगों को बाजरे के खेत में ही दबोच लिया गया। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि बाजरे के खेत में डकैती की योजना बनाते हुए कुलदीप जाट, शुभम जाट निवासी विजयपुरा थाना सूरौठ जिला करौली, बंटी मीणा फतेहपुर, जगबीर उर्फ जीतू मीणा व विष्णु मीणा निवासी सीरथली थाना नगर डीग, यादवीर जाट निवासी सरसैना थाना हेलेना जिला भरतपुर सहित आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।



पेट्रोल पंप लूट की योजना बनाते पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **गीजगढ़ रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बना रहे थे**

थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने पर सामने आया कि वे गीजगढ़ रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर लूट डकैती की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने के बाद ही सामने आएगा कि पहले ये कहां-कहां किन किन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। थाना अधिकारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इस की गई कार्यवाही में आरोपियों के कब्जे से दो अवैध 315 बोर के देसी कट्टे एवं दो कारतूस सहित चोरी की दो मोटरसाइकिल एवं अन्य हथियार बरामद हुए हैं।

# माल को खुर्द-बुर्द करने वाले आरोपी के दो सहयोगी गिरफ्तार

## करीब 3 करोड़ 78 लाख के आईफोन मोबाईल का गबन किया था

**ब्यावर,** (निसं)। सिटी थाना पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के अंतर्गत जयसिंहपुर पुलिस थाना पिलवा जिला एटा उत्तरप्रदेश निवासी सुनिल कुमार पुत्र नाथुराम, नगला कदम पुलिस थाना कोतवाली देहात जिला एटा उत्तरप्रदेश निवासी पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र कालीचरण को गिरफ्तार किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह चौधरी के मार्गदर्शन से सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष सिंह चौधरी की देखरेख में सिटी थानाधिकारी भूराराम खिलेरी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। करीब 3 करोड 78 लाख के आईफोन मोबाईल का गबन किया गया था, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के दो साथी सुनिल व पुष्पेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सुनिल द्वारा गबन हुये माल का उपयोग करना भी पाया गया आरोपी पुष्पेन्द्र द्वारा अपने साथियों को रहने खाने की व्यवस्था करना व माल छिपाने के लिये सहयोग किया गया। पूरे प्रकरण में अन्य आरोपी की तलाश पुलिस टीम द्वारा सरगर्मी से की जा रही है। जल्द की मामले का पुर्ण खुलासा किया जाकर माल बरामद किया जावेगा।



सिटी थाना पुलिस ने गबन के मामले में दो जनों का गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि हरियाणा के धारूहेड़ा निवासी अविनेश कुमार पुत्र दामोदर लाल शर्मा ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें बताया कि उसका ट्रक संख्या एचआर 55 एएल 0885 चैन्नई से दिल्ली के लिए 22 अगस्त को ड्राईवर दिपक कुमार व ड्राईवर यशवीर सिंह लेकर निकले थे। 25 अगस्त को हमारे किसी स्टाफ के पास फोन आया तो ड्राईवर ने बताया कि हम लोग पूरा माल जो गाडी में भरा था उसमे से ब्यावर शहर में बेच दिया है। फोन बन्द कर लिया जिस पर हम गाड़ी के पास गए तो उसकी सील टूटी हुई थी और काफी सारा माल गायब था। पुलिस टीम में भूराराम खिलेरी थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक, हरीराम उ.नि., हेड कांस्टेबल रफीक खान, शेरसिंह, गोपीराम, कांस्टेबल मोहित सिंह, दिनेश कुमार, पवन कुमार, ओमप्रकाश, गोविन्द कुमार आदि थे।

# क्षतिग्रस्त सड़कों पर डामरीकरण करने की गुहार

**जोधपुर,** (कासं)। न्यू पाली रोड झालामंड स्थित पृथ्वीराज नगर कॉलोनी में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सडक़ों पर डामरीकरण कराने की मांग को लेकर पृथ्वीराज नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र भंसाली ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में पृथ्वीराज नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र भंसाली ने बताया कि जोधपुर विकास प्राधिकरण के जोन दक्षिण के क्षेत्र अधिकार में स्थित पृथ्वीराज नगर में सीवर लाइन से क्षतिग्रस्त सड़कों पर डब्ल्यूबीएम व डामरीकरण कार्य मैसर्स जंभेश्वर एंटरप्राइजेज ग्राम कांकाणी तहसील लूणी को दिया गया था। ठेका फर्म ने पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में 22 अप्रैल 2018 से डब्ल्यूबीएम व डामरीकरण का कार्य शुरू किया तथा 7 सितंबर 2018 को पूरा किया। ठेका फर्म द्वारा कार्य घटिया सामग्री से बहुत ही निम्न स्तर का किया गया जिसकी शिकायत पृथ्वीराज नगर विकास समिति ने जेडीए आयुक्त को दी थी। ठेका फर्म ने तीन वर्ष की गारंटी खत्म होने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए।

- **ठेका फर्म द्वारा कार्य घटिया सामग्री से बहुत ही निम्न स्तर का किया गया था**

ज्ञापन में समिति के अध्यक्ष डॉ. भंसाली ने बताया कि गत दो वर्षों से वर्षा के कारण पृथ्वीराज नगर में क्षतग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए जेडीए से आग्रह करने पर गिट्टी व मिट्टी से खड्डे भरकर इतिश्री कर ली।

# विद्यापीठ का विशेष दीक्षांत समारोह कल

**उदयपुर,** (निसं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय का 18 वां विशेष दीक्षांत समारोह शुक्रवार को डबोक स्थिति स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस के सभागार में आयोजित किया जायेगा। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि समारोह में शिक्षा और समाज के उत्थान में अतुल्नीय योगदान के लिए असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को डी. लिट की उपाधि से नवाजा जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर होंगे, जबकि अध्यक्षता कुलाधिपति प्रो. बलवंतराय जानी करेंगे।

# हत्याओं का राजफाश करने की मांग

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के आहोर क्षेत्र में पिछले कई दिनों में हुई हत्याओं का पुलिस द्वारा राजफाश नहीं हो पाने पर पीड़ित परिजनों ने शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में बुधवार को भी कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी रखा।

शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने धरना स्थल को सम्बोधित करते हुए बताया कि पिछले दो माह पहले वचनाराम पुत्र मादा रेबारी निवासी भैंसवाडा की बारात खारा निवासी खीमाराम के यहां गई थी। जिसमें रती देवी पत्नि चौपाराम रेबारी निवासी भैसवाडा का इकलौता पुत्र अमृत उम्र 15 वर्ष गया था, जिसकी हत्या कर तालाब में फेंक दिया गया। जिसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। वहीं अमृत के परिवार को संदेह है कि नाबालिग अमृत के साथ कुकर्म कर हत्या की गई है व परिवार का कहना है कि बालक के शव पर चोट के निशान थे। वहीं एक अन्य प्रकरण में तिकमसिंह पुत्र सादलीगंजी, निवासी-आहोर की वर्ष 2020 को अज्ञात लोगों द्वारा हत्या हुई थी, जिसका अभी तक आहोर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीडित परिवार आज दिन तक अपने पिता की मौत की वजह को लेकर ईधर-उधर भटक रहे है, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। आहोर तहसील के शंखवाली गांव में लक्ष्मण मीणा की हत्या हुई थी, उसका भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ है।



जालोर के आहोर क्षेत्र में हुई हत्याओं का राजफाश करने की मांग को लेकर आईजी के नाम जिला कलेक्टर के रीडर रूस्तम खान को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने कहा कि आज धरने का तीन दिन हो गये है। वहीं कहा कि आहोर तहसील में बहुत सारे हत्या के प्रकरण देखने को मिल रहे जिसका मुख्य कारण आहोर पुलिस प्रशासन अपने स्तर पर कार्य नहीं कर पाने से होता है, जिससे हत्यारों का आत्म विश्वास बडी तीव्रता से बढ रहा है। पुरोहित ने कहा कि आहोर में प्रमिला देवी पत्नी महन्त यादव जो 1 मई 2022 को गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, उसका भी आहोर पुलिस सुराग नहीं कर पाई। यदि समय रहते आहोर क्षेत्र में हुई इन घटनाओं का राजफाश नही किया तो धरना प्रदर्शन रखा जायेगा।

- **शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में धरना दिया**

इसी दौरान जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित व अन्य पीडित परिवार के साथ भीखाराम, भीमाराम, हरतीगाराम, रतनलाल, ताराराम, उमाराम, प्रेमाराम, अमराराम, मांगीलाल, लाखाराम, भरतनाथ, चौपाराम, मांगीलाल देवासी, रमेश, कुयाराम, कुमार अन्य लोगों के साथ महिलाएं रतीदेवी, छगनीदेवी, गोगीदेवी, हरीयादेवी, मोरकीदेवी, सीतादेवी आदि सभी देवासी परिवार के लोग सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# किशनगढ़ बास-खैरथल सड़क पर लगे टोल प्लाजा से लोगों को मुक्ति मिली

**किशनगढ़बास,** (निसं)। नवगठित खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास खैरथल रोड पर लगे टोल प्लाजा को दोपहर बाद से हटा दिया गया है। अब किशनगढ़ बास खैरथल की सड़क पर निकलने वाले वाहनों को कोई टोल नहीं अदा करना होगा। आरएसआरडीसी की ओर से टोल मुक्त किए गए खैरथल किशनगढ़ बास घासीपुरा किमी 7 पर लगे टोल प्लाजा के आदेश बाद से कांग्रेस-बीजेपी कार्यकर्ताओं में श्रेय लेने की होड मची है।

विधायक दीपचंद खेरिया की ओर से पूर्व में इस टोल प्लाजा को हटाए जाने की मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई थी वहीं खैरथल किशनगढ़ बास के लोगों से कहा गया कि टोल को हर सूरत में उनके द्वारा हटवाया जाएगा। निरंतर उनकी ओर से टोल हटाए जाने को लेकर प्रयास किए जा रहे थे। अब जब टोल हट गया है तो भाजपा के लोग वाहवाही को लूटकर लोगों को गुमराह कर ने में लगे हैं।



किशनगढ़बास खैरथल टोल प्लाजा को बंद किए जाने पर विधायक दीपचंद का लोगों ने स्वागत किया।

पूर्व विधायक रामहेत यादव का कहना है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में टोल समाप्त किए गए थे उसके बाद कांग्रेस ने फिर से स्थापित कर दिए जिसको लेकर सीएम के खैरथल आगमन से एक दिन पहले खैरथल में धरना देकर टाल हटाए जाने की मांग भाजपा की ओर से की गई। इसके अलावा जिला व उपखंड स्तर पर टोल हटाए जाने के लिए ज्ञापन दिए गए। इसके बाद भी टोल नहीं हटाया गया तो 27 अगस्त को युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच से सरकार और जिला कलेक्टर को 2 सितंबर तक टोल हटाए जाने के लिए चेतावनी दी गई थी अगर टोल को नहीं हटाया गया तो भाजपा कार्यकर्ता टोल हटाने के लिए खैरथल जाएंगे। यादव और उनके भाजपा कार्यकर्ता टोल हटाए जाने के आदेश को उनके द्वारा दी गई चेतावनी का असर बता रहे हैं। किशनगढ़ बास से कोटपूतली मार्ग पर तीन टोल प्लाजा स्थापित है। इसमें घासीपुरा कि मी 7 के खैरथल किशनगढ़ बास रोड पर लगे टोल प्लाजा पर पथकर वसूली बंद कर हटाए जाने के आदेश आरएसआरडीसी की ओर से जारी किए गए हैं।

# महिलाएं आज भी कर सकेंगी निशुल्क यात्रा

**जोधपुर,** (कासं)। हर साल की तरह इस बार भी रोडवेज बसों में रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सौगात दी गई। इस बार भद्रा का साया होने के कारण रक्षा बंधन पर्व रात को मनाया जाएगा। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज सुबह एक ट्वीट कर यात्रा की अवधि एक दिन और बढ़ाने की सौगात दी। अब रोडवेज बसों में महिलाएं गुरुवार रात बारह बजे तक रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा कर सकती है।

रोडवेज जोधपुर डिपो प्रबंधक उम्मेदसिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निशुल्क यात्रा के प्रस्ताव की मंजूरी के बाद महिलाओं-बालिकाओं को बुधवार को राजस्थान रोडवेज की सभी साधारण और एक्सप्रेस बसों में राज्य की सीमा में निशुल्क यात्रा सुविधा दी गई। महिलाएं रोडवेज की बसों में बैठकर अपने भाइयों को राखी बांधने गई। रोडवेज ने रक्षाबंधन के मौके पर महिलाएं एवं बालिकाओं के लिए रोडवेज की साधारण व दुरतगामी बसों में राजस्थान में निशुल्क यात्रा का तोहफा दिया।

# यूनेस्को एसोसिएशन ने बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान एवं जिला यूनेस्को एसोसिएशन के तत्वावधान में भारत के राष्ट्रीय पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय यूनेस्को क्लब महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल लाल माली के सानिध्य में यूनेस्को क्लब के सदस्यों ने नए अंदाज में रक्षाबंधन त्योहार मनाया। यूनेस्को क्लब के सदस्यों ने झोपड़ियों में रह रही बच्चियों से राखी बंधवाकर शगुन के तौर पर सभी बच्चियों को सौ-सौ रूपये व एक-एक मिठाई का डिब्बा व राखियां सहित अन्य सामग्री दी। एक तरफ जहां खुद के घरों को संवारने व अपने बच्चों के लिए मिठाई की व्यवस्था में जुटे हैं, वहीं यूनेस्को सदस्यों ने झुग्गी झोपड़ियों के गरीब महिलाओं व बच्चों के साथ रक्षाबंधन त्योहार मनाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माली ने कहा कि आज भी कच्ची बस्तियों में मौलिक सुविधाएं उनके परिवार को नहीं मिल पा रही है। इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए यूनेस्को क्लब द्वारा कच्ची बस्तियों व झुग्गी झोपडियों में रक्षाबंधन मनाने का निर्णय किया गया। यूनेस्को ने ऐसे जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने उनके साथ मिलकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया।



भारतीय यूनेस्को क्लब के सदस्यों ने बच्चियों से राखी बंधवाई।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने बताया कि यूनेस्को टीम जैसे ही बस्ती में पहुंची बच्चों के बीच खुशियों की लहर दौड़ गई। इन बच्चों के चेहरों पर खुशियां लाने के लिए नई पहल करते हुए प्रत्येक परिवार को एक पैकेट मिठाई व अन्य सामग्री 100 परिवारों को उपहार स्वरूप दी। कार्यक्रम स्व. श्रीमती बरजी बाई माली की स्मृति में आयोजित किया गया।

# राजस्थान स्टेट नीट-यूजी काउंसलिंग 2023 के द्वितीय राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान स्टेट काउंसलिंग कमेटी ने राजस्थान के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसलिंग के द्वितीय राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि राजस्थान राज्य स्तरीय 85 प्रतिशत कोटे में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीस कोर्स के लिए जनरल कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 13972, जनरल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 14244, ओबीसी कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक में 14466, ओबीसी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 14501, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी में बॉयज की क्लोजिंग रैंक 14806, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 15252 रही। एमबीसी कैटेगिरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 27374, एमबीसी कैटेगिरी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 32686 रही।

एससी में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 88569, एससी कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 88520, एसटी नॉन ट्राइबल में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 101264, एसटी नॉन ट्राइबल कैटेगिरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 103694, एसटी ट्राइबल एरिया में बॉयज कैटेगिरी की क्लोजिंग रैंक 297614, एसटी ट्राइबल एरिया गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 299353 रही। मिश्रा ने बताया कि इसी प्रकार कॉमन काउंसलिंग में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की मैनेजमेंट कोटा सीट्स की क्लोजिंग रैंक जनरल कैटेगरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 36134, जनरल कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 36474, ओबीसी कैटेगरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक में 37156, ओबीसी कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 38668, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में बॉयज की क्लोजिंग रैंक 41301, ईडब्ल्यूएस कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 43156 क्लोजिंग रैंक रही। एमबीसी कैटेगरी बॉयज की क्लोजिंग रैंक 57356, एमबीसी कैटेगरी कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 98327 रही।

एससी में बॉयज कैटेगरी की क्लोजिंग रैंक 254402, एससी कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 258357, एसटी नॉन ट्राइबल में बॉयज कैटेगरी की क्लोजिंग रैंक 240812, एसटी नॉन ट्राइबल कैटेगरी गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 240223, एसटी ट्राइबल एरिया में बॉयज कैटेगरी की क्लोजिंग रैंक 1051985, एसटी ट्राइबल एरिया गर्ल्स की क्लोजिंग रैंक 983450 रही। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में सवाईमान सिंह मेडिकल (एसएमएस) कॉलेज जयपुर सभी कैंडिडेट्स कि प्रथम चॉइस रहा तथा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज करौली व हनुमानगढ़ सबसे बाद की पसंद रही। इस वर्ष करौली व हनुमानगढ़ मेडिकल कॉलेज का प्रथम सत्र है। गौरतलब है कि राजस्थान स्टेट मेरिट की प्रथम रैंक वाले कैंडिडेट ने जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर को वरीयता दी है।

# अजमेर के लोगों को मिलेगी बंदरों से मुक्ति

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के लोगों को अब जल्द ही बंदरों के आतंक से मुक्ति मिलेगी। अजमेर नगर निगम ने शहर के विभिन्न कॉलोनियों में लाल मुंह के बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए बंदरों को पकड़ने के लिए जयपुर एक फर्म ठेका दिया। फर्म के कर्मचारी एक सितंबर से बंदरों को पकड़ने का काम शुरू कर देंगे। निगम ने 15 लाख रुपए वर्कऑर्डर जारी किया है, जिसमें प्रति बंदर 1900 रुपए के हिसाब से फर्म को भुगतान किया जाएगा।

अजमेर नगर निगम ने शहर के विभिन्न कॉलोनियों में लाल मुंह के बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए बंदरों को पकड़ने का ठेका एक फर्म को दिया है। बंदर पकड़ने के लिए उक्त फर्म के कर्मचारी सबसे पहले उन क्षेत्रों में पिंजरे लगाएंगे, जहां इन दिनों बंदर ज्यादा आतंक मचा रहे हैं। शहर के प्रमुख पंचशील, छतरी योजना के सभी ब्लॉक, शास्त्रीनगर, वैशाली नगर, रामदेव नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, एलआईसी कॉलोनी सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में बंदरों का आतंक सबसे ज्यादा है। बंदर आपस में झगड़ते हैं, लोगों को काटते हैं।

# रक्षाबंधन पर भाई ने बहन को दिया अनूठा तोहफा, चांद पर खरीदी दो एकड़ जमीन

## चाँद पर लेक ऑफ हैपीनेस के पास दो एकड़ जमीन खरीदकर गिफ्ट के रूप में दी

**करौली,** (निसं)। इन दिनों देशभर में चन्द्रयान-3 के चांद पर सफलतापूर्वक लैंड होने की चर्चा है इसी बीच करौली के एक युवक ने रक्षाबंधन पर अपनी बहन को चांद पर जमीन खरीदकर उपहार में दी है।

जाकनारी के अनुसार करौली के होली खिड़किया निवासी तरुण अग्रवाल ने इस रक्षाबंधन पर अपनी दोनों बहनों सोनिया व प्रियंका अग्रवाल के लिए चाँद पर लेक ऑफ हैपीनेस के पास दो एकड़ जमीन खरीदकर गिफ्ट के रूप में दी है। संभवत: चांद पर जमीन खरीदने का राजस्थान का चौथा व करौली जिले का यह पहला मामला है।तरुण ने बताया कि उन्हें इस रक्षाबंधन पर अपनी दोनों बहनों के लिए बेशकीमती व यादगार तोहफा देने का विचार आया जिसके बाद उन्होंने अपनी छोटी बहन प्रियंका अग्रवाल के नाम पर जमीन खरीदकर दोनों को गिफ्ट की है। दोनों बहने अनोखा उपहार पाकर खुशी महसूस कर रही हैं।



करौली के तरूण अग्रवाल ने चांद पर जमीन खरीद कर उसके कागजात बहनों को सौंपे।

तरुण ने बताया कि उन्होंने रक्षाबंधन से डेढ़ महीने पूर्व अमेरिका स्थित इंटरनेशनल लूनर लैंड अथॉरिटी को चाँद पर जमीन खरीदने के लिए आवेदन किया था और कंपनी से रक्षाबंधन से पूर्व जमीन के सारे पेपर उपलब्ध कराने के लिए निवेदन किया गया था। जिसके उपरांत करीब डेढ़ माह कि प्रोसेस के बाद रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व आखरिकार अब उन्हें रजिस्ट्रेशन मिल गया है जिसमें जमीन खरीदी का प्रमाण पत्र व जमीन का नक्शा भी मिला है। वहीं तरुण की बहन प्रियंका ने बताया कि चाँद पर मनुष्य रह सकता है या नहीं यह तो वैज्ञानिक अनुसंधान कर रहे हैं लेकिन चाँद पर हमारी जमीन है यह हमारे लिए हमेशा यादगार रहेगा। साथ ही परिवार के सभी सदस्य इस गिफ्ट से बेहद खुश हैं।

- **संभवतः चांद पर जमीन खरीदने का राजस्थान का चौथा व करौली जिले का यह पहला मामला है**

# अज्ञात बदमाशों ने आश्रम में 93 वर्षीय महंत की हत्या की, हिन्दू संगठनों में आक्रोश

## आक्रोशित हिन्दू संगठनों व अनुयायियों के आव्हान पर बाजार बंद किये, धरना दिया



एसपी राजर्षि राज सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से समझाईश की।

- पांच लोगों को पुलिस ने डिटेन किया, डॉग स्कवायर्ड व एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाये
- हिन्दू संगठनों व ग्रामीणों ने आश्रम पर धरना दिया, शाम के पांच बजे आश्रम पर ही पोस्टमार्टम के बाद शव का हुआ अंतिम संस्कार

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की धार्मिक नगरी डिग्गी कस्बे में गढ़ के पास स्थित भूरिया महादेव आश्रम पर मंगलवार की रात अज्ञात बदमाशों ने 93 वर्षीय महंत सियाराम बाबा उर्फ छोटे लाल चौधरी उर्फ घोटे बाबा निवासी ग्राम पटोन्दा तहसील नादौती जिला करौली की निर्मम हत्या कर देने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

आक्रोशित हिन्दू संगठनों व बाबा के अनुयायियों के आव्हान पर धार्मिक नगरी डिग्गी के बाजार बंद किये गए। डॉग स्कवायर्ड टीम व एफएसएल टीम ने आश्रम से साक्ष्य जुटाये। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा व एडीएम अशोक त्यागी की मौजूदगी में ग्रामीणों की मांग पर मेडिकल बोर्ड की टीम ने आश्रम पर ही शव का पोस्टमार्टम किया। दिनभर चले धरना प्रदर्शन के बाद शाम पांच बजे आश्रम पर ही महंत सियाराम बाबा का अंतिम संस्कार किया गया। डिग्गी गढ़ के पास भूरिया महादेव आश्रम के महंत सियाराम बाबा के सिर पर अज्ञात बदमाशों द्वारा मंगलवार की रात्रि में सम्भवतया लाठी से जानलेवा हमला कर निर्मम हत्या कर देने की घटना का पता बुधवार की सवेरे बाबा के भगत रामकिशन को आश्रम पहुंचने पर लगा। आश्रम पर फैले खून व मृत अवस्था में पड़े बाबा के शव को देख डिग्गी पुलिस व ग्रामीणों को घटना से अवगत करवाया। बाबा की निर्मम हत्या आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की आश्रम पर भीड़ लग गई।

ग्रामीणों व हिन्दू संगठनों के आव्हान पर डिग्गी के बाजार बंद कर आश्रम पर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आश्रम पर ही मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाने व हत्यारों को गिरफ्तार करने के बाद ही शव का अन्तिम संस्कार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसपी राजर्षि राज वर्मा, एडीएम अशोक त्यागी, एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुशील मान ने ग्रामीणों से शव का पोस्टमार्टम डिग्गी सीएचसी पर करवाने की समझाईश करते हुए पुलिस टीमों द्वारा पांच लोगों को डिटेन कर पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की जानकारी दी। लेकिन ग्रामीण जिद्द पर अडे रहे। कई दौर की चली वार्ताएं विफल रही। अजमेर से आये डॉग स्कवायर्ड व टोंक से आई एफएसएल एवं एमओयू टीमों ने आश्रम व पांचसौ मीटर की परिधि से दो घंटे गहन जांच कर साक्ष्य जुटाये तथा आश्रम के पास खेत से एक लकड़ी का डंडा बरामद किया गया।

आश्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि बीते एक वर्ष में आश्रम पर दो बार चोरी की वारदातें होने पर डिग्गी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करवाने के बावजूद कार्यवाही नहीं किये जाने के चलते आज महंत पर जानलेवा हमला कर निर्मम हत्या की गई है। आश्रम पर पहुंचे सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सांसद सुमेधानन्द स्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, महामंत्री सहित डीआर रामचन्द्र गुर्जर ने संत की हत्या की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस राज्य में संत समाज सुरक्षित नहीं उस राज्य के मुख्यमंत्री को कुर्सी पर रहने का कोई अधिकार नहीं। एक सप्ताह में संत की हत्या का खुलासा कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन प्रदेश के कोने-कोने में किया जायेगा। विधायक कन्हैयालाल चौधरी, कांग्रेस पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी, उपप्रधान मूल शंकर शर्मा,पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी सहित हिन्दु समाज ने घटना की निन्दा की। अंत में ग्रामीणों की मांग पर आश्रम पर ही मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद मौके पर पहुंचे संत के परिजनों ने अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की।

# पाली के एक ही परिवार के चार लोगों की पुणे में दर्दनाक मौत

## हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग, पति-पत्नी और दो बच्चे जिंदा जले

- महाराष्ट्र के पुणे की पूजा हाइट्स बिल्डिंग के बेसमेंट में हार्डवेयर की दुकान में आग लग गई थी
- घटना की जानकारी पर परिवार में शोक, शवों की हालत ऐसी हो गई कि पाली नहीं लाए जा सके

**पाली, (नि.सं.)।** महाराष्ट्र के पुणे की पूजा हाइट्स बिल्डिंग के बेसमेंट में बनी हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग में पाली के एक परिवार के पति-पत्नी और दो बच्चे जिंदा जल गये। आग की लपटें दुकान के ऊपर बने कमरे तक फैल गईं। आगजनी में कमरे में सो रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। परिवार राजस्थान के पाली जिले का रहने वाला था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

हादसा बुधवार सुबह 5.25 बजे पुणे के पूर्णा नगर की पूजा हाइट्स बिल्डिंग में सचिन हार्डवेयर नाम की दुकान पर हुआ। मौत की खबर लगते ही पाली में उनके भाई के घर रिश्तेदारों और पड़ोसियों का आना शुरू हो गया। हादसे में चिमनाराम चौधरी (48), उनकी पत्नी नम्रता चिमनाराम चौधरी (40) और उनके दोनों बेटे भावेश चौधरी (15) व सचिन चौधरी (13) की मौत हो गई। इमारत के अंडरग्राउंड में हार्डवेयर की दुकान है। उसके ऊपर कमरा बना हुआ है। उस कमरे में चारों सो रहे थे। आगजनी में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। शवों को निकालकर हॉस्पिटल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट-सर्किट से आग लगी होगी।

पाली जिले के केरला (रोहट) में मृतक चिमनाराम चौधरी के बड़े भाई वालाराम सीरवी रहते हैं। घटना की जानकारी पर पूरा परिवार शोक में डूब गया। शवों की हालत ऐसी हो गई कि पाली नहीं लाया जा सका। ऐसे में उनका पुणे में ही अंतिम संस्कार करने का रखा।

# किसानों का बीज भंडार पर धरना

## खरीद फसल के भुगतान की मांग

- किसानों ने जिला प्रशासन से छह करोड़ रुपए बकाया दिलाने की मांग की
- 400 किसानों ने राजस्थान बीज भंडार के कुछ लोगों को चना, सरसों व मूंग की 12 हजार बोरी बेची थी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों से चना-सरसों की खरीद कर करोड़ों धोखाधड़ी व ठगी करने वालों के खिलाफ नाराज किसानों ने केसरगंज स्थित राजस्थान बीज भंडार दुकान के बाहर एक बार फिर धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन से शिकायत करने और विरोध प्रदर्शन के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा जब तक खरीद फसल का भुगतान नहीं मिल जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

किसान महापंचायत अजमेर के जिलाध्यक्ष बालूराम ने बताया कि राजस्थान बीज भंडार के अनिल गहलोत, सुनील गहलोत व मुनीम मुकेश सैनी ने अजमेर के नसीराबाद, सरवाड़, अंराई, श्रीनगर, मांगलियावास, भिनाय सहित अन्य क्षेत्रों के किसानों से चना, सरसों व मूंग की खरीद की है। करीब 400 किसानों ने इन लोगों को 12 हजार बोरी बेची है, लेकिन आज भुगतान किया गया किसानों का छह करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। रकम भुगतान की मांग को लेकर विगत दिनों जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन दिया गया और थाने में मुकदमें दर्ज भी कराए गए, लेकिन अभी कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में किसानों ने फिर से महापड़ाव डाला है और जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार चना सरसों की खरीद को लेकर धोखाधड़ी व ठगी से आहत किसानों ने अजमेर के सरगंज स्थित राजस्थान बीज भंडार दुकान पर पहुंचकर कई बार विरोध जता चुके हैं और पहले भी दुकान के बाहर धरना दिया, लेकिन भुगतान करने का आश्वासन देने पर मान गए। किसानों ने राजस्थान बीज भंडार के अनिल गहलोत, सुनील गहलोत व मुनीम मुकेश सैनी पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस थानों में मुकदमे दर्ज कराये है।

# दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के एक गांव में आमने-सामने रहने वाले दो परिवारों ने एक दूसरे के खिलाफ आपस में दुष्कर्म करने के प्रयास जैसे मामले दर्ज कराए हैं, पुलिस ने दोनों ओर से मामला दर्ज कर तुरंत जांच कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाने में एक गांव की नाबालिग छात्रा ने नामजद आरोपी किरोड़ी लाल मीणा के खिलाफ रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने व अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर परेशान करने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में अपने पिता के साथ उपस्थित होकर नाबालिग 17 वर्षीय छात्रा ने बताया कि 29 अगस्त को वह भैंस चराने गई थी इसी दौरान आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया तब मैं चिल्लाई तो मेरी बड़ी मम्मी मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गया।

इसी प्रकार दूसरे पक्ष की भी एक लड़की व एक महिला ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि हमारे साथ भी दूसरे पक्ष के लोगों ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

बौंली सर्किल इंस्पेक्टर हरलाल मीणा ने बताया कि दोनों ओर से मामला दर्ज होने के बाद मौके पर पहुंचकर प्रथम दृष्टिया से जांच की गई इसमें यह सामने आया है कि आपस में दोनों परिवारों के एक दूसरे के खिलाफ भूमि विवाद चल रहा है फिर भी पुलिस गहन अनुसंधान के बाद इसका निष्कर्ष निकलेगी एवं दुष्कर्म करने के प्रयास जैसे दर्ज मामले अगर गलत साबित हुए तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नव मतदाता अभिनंदन समारोह में युवाओं में भाजपा से जुड़ने का उत्साह दिखा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने नव मतदाताओं को पहला मतदान राष्ट्र, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नाम डालने का किया आव्हान



कार्यक्रम में आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में युवा पहुंचे।

- कार्यक्रम को कैलाश खेर के गायन और चंद्रयान-3 की प्रतीकात्मक लैंडिंग ने भव्य बनाया
- सीपी जोशी ने उपस्थित बहिनों से बंधाई राखी, शहीदों की वीरांगनाओं का किया सम्मान

**चित्तौड़गढ़/जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के लोकसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में नव मतदाताओं के भव्य और विशाल अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें हजारों नव मतदाताओं का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति, रीति, राष्ट्रवादी सोच, विकास कार्य और योजनाओं से प्रभावित नव मतदाताओं में अत्यधिक उत्साह रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निर्देशानुसार विशाल नव मतदाता अभिनंदन संगम कार्यक्रम चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित हजारों युवा नव मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें अपना पहला मतदान राष्ट्र, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम देने का आव्हान किया। कार्यक्रम में हजारों युवाओं को एक साथ पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने अपनी भव्य संगीत प्रस्तुति से युवाओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में चन्द्रयान 3 की लेंडिंग का रोचक प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्षाबंधन उत्सव भी मनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी उपस्थित अनेक बहिनों से राखी बंधवाई। साथ ही शहीदों की वीरांगनाओं, माता पिता, परिजनों का सम्मान भी किया गया। इसका उद्देश्य मेवाड़ के वीर सपूत शहीदों का स्मरण करना रहा। इस कार्यक्रम में संसदीय क्षेत्र के करीब डेढ लाख युवा मतदाताओं को घर घर जाकर संगठन कार्यकर्ताओं ने आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम में आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में युवा पहुंचे। इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए चितौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कई दिनों से इस विशाल कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिये उत्साह परिपूर्ण होकर जोर शोर से जुटे हुए थे।

# महिला से दुष्कर्म

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के एक क्षेत्र में मजदूरी करके अपना पेट पालने वाली एक महिला के साथ तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। सामूहिक दुष्कर्म की ये घटना 2 दिन पुरानी है लेकिन हिम्मत करके महिला ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है।

श्रीडूंगरगढ़ की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला रोटियां बनाने का काम करती है। विवाह समारोह या किसी भी बड़े भोजन वाले कार्यक्रमों में वो रोटी बनाने जाती है। 24 अगस्त को उसके पास फोन आया कि चालीस-पचास लोगों का खाना है। इसके लिए रोटी बनाने के लिए जरूरत है। महिला को एक व्यक्ति लेने आया। रास्ते में उसने दो और युवकों को साथ में ले लिया। जंगल से होते हुए रोड पर गाड़ी ले ली। एक सुनसान क्षेत्र में उसे जान से मारने की धमकी देकर बारी-बारी गैंगरेप किया। काफी देर बाद महिला को श्रीडूंगरगढ़ में आबादी क्षेत्र के पास छोड़ गए। महिला की तबीयत बिगड़ी तो उसने अपना इलाज करवाया।

# एडवोकेट के सूने मकान में चोरी

**टोंक, (निसं)।** घाड थाना क्षेत्र में एडवोकेट भगवान सिंह सोलंकी के सूने मकान में चोरों ने दिनदहाड़े चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोर करीब 3 लाख रुपए जेवरात चुराकर ले गए। चोरी के समय एडवोकेट भगवान सिंह दूनी कोर्ट में थे और उनकी पत्नी भी राखी का त्योहार मनाने पीहर गई हुई थी। इनके दो लड़के हैं एक राजस्थान पुलिस में सेवा दे रहे हैं वह भी बाहर रहता है व दूसरा बेटा एडवोकेट है। वह टोंक कोर्ट में कार्य करता है।

# प्रहलाद सिंह हत्याकांड के दूसरे आरोपी को पकड़ा

- तीन राज्यों में आठ दिन किया पीछा, टीम को भरतपुर में मिली सफलता
- 23 अगस्त को कांस्टेबल प्रहलाद सिंह को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी

**दौसा, (निसं)।** पुलिस ने जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में बदमाशों द्वारा जिला स्पेशल टीम के कांस्टेबल की हत्या के दूसरे आरोपी सौरभ जाट निवासी सूरोठ जिला करौली को पीछा करते हुए भरतपुर से दबोच लिया गया। जिला स्पेशल टीम के पुलिस कांस्टेबल प्रहलाद सिंह मर्डर केस में मुख्य आरोपी को जिला पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। 23 अगस्त को जिला स्पेशल टीम के कांस्टेबल प्रहलाद सिंह को तीन मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा सिर में गोली मार दी गई थी जहां जयपुर एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान कांस्टेबल की मौत हो गई थी।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि प्रहलाद सिंह मर्डर केस में एक आरोपी नवीन सिनसिनवार को उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया था एवं दूसरा आरोपी फरार चल रहा था जिसे जिले की विभिन्न पुलिस टीमें सरगर्मी से तलाश कर रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक राणा ने बताया कि आरोपी को पुलिस टीम ने जम्मू कश्मीर, दिल्ली, सहित गुरुग्राम आदि 3 राज्यों में 8 दिन लगातार पीछा करते हुए भरतपुर से दस्तयाब कर लिया। पुलिस अधीक्षक राणा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि कांस्टेबल की हत्या का दूसरा आरोपी सौरभ जाट कंपटीशन की तैयारी करने के बहाने जयपुर एक किराए के मकान में रह रहा था। जहां रेकी कर बाईक चोरियों को अंजाम देता व आसपास की पार्किंग में बाइक लगाकर मौका मिलते ही उसे जयपुर से भरतपुर के लिए रवाना कर देता था। वहीं इन हत्या के आरोपियों से अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने की जानकारी भी सामने आई है जिस पर पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि जिला पुलिस स्पेशल टीम के कांस्टेबल प्रहलाद सिंह को बाइक चोरों से संबंधित सूचना मिलते ही उनको पकड़ने के लिए वे रवाना हो गए थे जहां बदमाशों द्वारा घिरा देख फायरिंग की गई थी जहां फायरिंग की हुई।

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधा

## बाड़मेर शहर में पांच स्थानों पर रक्षाबंधन के कार्यक्रम आयोजित




बाड़मेर में सीमाजन कल्याण समिति की ओर से रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया।

**बाड़मेर, (निसं)।** राष्ट्र सुरक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों में गजब का जोश और जज्बा देखने को मिलता है, जब इस तरह के राष्ट्रवादी संघटन समय समय पर आयोजन करके मनोबल बढाते है। सीमाजन कल्याण समिति और सीमा सुरक्षा बल एक दूसरे के सहयोग से कार्य करते रहें, ताकि शहर से सरहद तक देशभक्ति का माहौल बना रहे। उक्त उद्गार सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी प्रीतपालसिंह भट्टी ने सीमाजन कल्याण समिति द्वारा सेक्टर हेडक्वार्टर में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में व्यक्त किये।

सीमाजन कल्याण समिति के जिला प्रचार प्रमुख रघुवीरसिंह तामलोर ने बताया कि बाड़मेर शहर में 5 स्थानों पर रक्षाबंधन के कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें सेक्टर हेडक्वार्टर में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अम्बालाल जोशी, 83 वीं वाहिनी में जिला संरक्षक भंवरसिंह अकली, 13वीं वाहिनी में नगर अध्यक्ष नारायण खत्री, 76 वीं वाहिनी और 22 गार्ड में नारायणसिंह कोटडा के नेतृत्व में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें फौजी भाइयों के तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाकर रक्षा सूत्र बांधे गये। इस दौरान 22 गार्ड के कर्नल प्रवीण तोमर, आवा अध्यक्ष और सृजन फाउंडेशन की अध्यक्ष इंदु तोमर, 76 वीं वाहिनी के कमांडेंट सतीश कुमार मिश्रा, 13 वीं वाहिनी के कमांडेंट शिव गोपाल शुक्ला, 83 वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेट उदयवीर सिंह ने सीमाजन कल्याण समिति के इस प्रयास का आभार जताया।

इस दौरान सभी बटालियन को सीमाजन कल्याण समिति की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। सीमाजन कल्याण समिति के जिला मंत्री छुगसिंह गिराब ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर सीमाजन कल्याण समिति ने साता में जिलाध्यक्ष मोतीराम हेगडे, गडरारोड़ में तहसील अध्यक्ष दिलीप कुमार, रामसर में तहसील अध्यक्ष नारायणसिंह, चौहटन में तहसील अध्यक्ष अजयसिंह के नेतृत्व में जिले भर में करीब 75 टोलियों ने सभी बीओपी पर जाकर रक्षाबंधन पर बॉर्डर पर तैनात जवानों को रक्षासूत्र बांधे। इस दौरान सीमाजन कल्याण समिति के गोविंदसिंह, अशोक गीगल, तनसिंह सोढा, मनोज आचार्य, प्रेमसिंह लखा, हरजीराम, ताजाराम, मदन बिश्नोई, वीरसिंह, बाबूलाल, ममता सोनी, प्रियंका राजपुरोहित, नीलम चौधरी, वसुंधरा संखलेचा, दिव्या भाटी, निकिता कोटडिया, काव्यासिंह तामलोर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल आईडी-sardeep.rathore@idfcbank.com

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-ए**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 06.10.2023 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 21039607, 36407190 में 01.06.2022 को बकाया राशी रूपये 27,62,980/-/- की महेन्द्र सिवाल, बाबू लाल सिवाल, राधा देवी, महेन्द्र सिवाल (द्वारा लक्ष्मी एन्टरप्राइजेज) ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सह-ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रूपये 3,302,200/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये 3,30,220/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 05.10.2023 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 29.09.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 06.10.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | रिहायशी प्लाट (पट्टा नं. 30 का दक्षिण भाग) क्षेत्रफल 200.00 वर्ग गज (167.22 वर्ग मीटर), कुल भूमि क्षेत्रफल 266 वर्ग गज में से, ग्राम पंचायत खोनागोरियान (घाटीकरोलान) तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-खाली भूमि, उत्तर-इसी प्लाट का बाकी भाग, दक्षिण-खाली भूमि |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
**स्थान - जयपुर**
**दिनांक- 30.08.2023**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)**

## संक्षिप्त

### सुगन ने भाजपा की सदस्यता ली

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता व विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष सुगन भाई (सैनी) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विगत दिनों यहां पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी की बूथ विजय संकल्प बैठक में सुगन भाई को जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, प्रभारी सत्यवीर यादव व विधानसभा प्रभारी नरेश शर्मा ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर सुगन भाई ने भाजपा की रीति नीति में आस्था जताते हुए पार्टी के लिए आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में कार्य करने का संकल्प लिया।

### रक्षा का संकल्प लिया

**मालपुरा, (निसं)।** रक्षाबंधन के उत्सव पर बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध भारतीय संस्कृति की परम्पराओं का निर्वहन किया। बालिका आदर्श विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। प्रान्तीय बोद्धिक प्रमुख दिनेश मणिरत्नम ने पवित्र भगवा ध्वज की पूजा अर्चना कर ध्वज को रक्षासूत्र बांधा। स्वयं सेवकों ने एक-दूजे की कलाई पर मौली का रक्षासूत्र बांध रक्षा का संकल्प लिया। घर-घर में राखी का त्यौहार उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात्री 9 बजे डिग्गी कल्याण जी को राखी बांधी गई।

### रक्षाबंधन का पर्व मनाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** स्थानीय कस्बे सहित आस पास के समूचे क्षेत्र में भाई बहन के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। शुभ मूहर्त में बहनों ने अपने भाईयों को राखी बांधते हुए भाई की सलामती की दुआएं करते हुए आरती उतारी भाई बहन की उन्नित सुख समृद्धि के प्रति भगवान से प्रार्थना की गई।

### भोलेनाथ की झांकी सजाई

**शाहपुरा, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर 6 वृन्दावन विहार कॉलोनी स्थित में सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर में सावन की विदाई पर फूलों से मन मोहक झांकी सजाई गयी। इस दौरान लोगों ने शिव का जलाभिषेक कर पूजन किया। इस मौके पर नरेन्द्र जाला, अभिषेक शर्मा, आशुतोष शर्मा, रतनलाल जागिड़, छीतरमल जागिड़, रामेश्वर गढ़वाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# विराटनगर क्षेत्र की महिलाओं ने सी.एम. को काली राखी भेजी

**पावटा, (निसं)।** रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा और फाउंडेशन की संस्थापिका और भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को काली राखी भेजकर प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, दुष्कर्म की घटनाओं एवं असुरक्षा को लेकर विरोध जताया।

■ प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर विरोध जताया



विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को काली राखी भेजकर विरोध जताया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने कहा कि राजस्थान में अपराध बेलगाम है, भ्रष्टाचार चरम पर है, महिला और बालिका असुरक्षित हैं, युवा बेरोजगार हैं, किसान कर्जदार है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने हाल में मस्त है। उन्हें प्रदेश की जनता की कोई फिक्र नहीं है, लगातार पेपर लीक, गैंगरेप, मारपीट जैसी घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है।

वहीं रत्ना कुमारी ने महिलाओं की स्थिति को लेकर कहा कि पूरे राजस्थान में कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, दिन प्रतिदिन बहन-बेटियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। पूरा सरकार तंत्र विफल हो चुका है, जनता के रक्षक की भक्षक बने हुए हैं। प्रदेश की जनता को सुरक्षा देने में कांग्रेस सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है, सड़क से लेकर स्कूल, कॉलेज, कार्यस्थल पर कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। रत्ना कुमारी ने बताया कि विराटनगर क्षेत्र की जनता में मौजूदा सरकार के प्रति काफी आक्रोश है।

महाभारतकालीन एवं पौराणिक महत्व रखने वाले विराटनगर को जिला न बनाकर इसको कोटपुतली बहरोड जिले में शामिल कर दिया, कई महीनों तक आंदोलन करने पर मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन देने के बाद भी जनभावनाओं का अनादर किया गया। बिजली फ्री देने के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार बिजली कटौती से आमजन और किसानों को परेशानी हो रही है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन और जंगलराज में लूटपाट, महिलाओं, युवाओं पर अत्याचार तथा दलितों पर शोषण की घटनाएं लगातार बढ रही हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है, पेपर लीक हो रहे हैं, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। प्रदेश की शांति व्यवस्था बदहाल है, अपराधी बैखौफ घूम रहे हैं।

प्रदेश का युवा, किसान, बेरोजगार और महिलाएं अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही हैं। आज तक किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ। युवा और किसानों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने झूठे वादे किए जो आज तक पूरे नहीं किया जा सके।

### पुलिस थाने में रक्षाबंधन मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे में भाई बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का त्यौहार रक्षाबन्धन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे की दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति की महिलाओं और बालिकों द्वारा फुलेरा थाने के पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा करवाया। जोरावर सिंह ने बताया कि वाहिनी के सदस्यों द्वारा पुलिस कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की। वहीं स्वयं का ध्यान रखते हुए क्षेत्र वासियों की सुरक्षा करने की अपील की। फुलेरा थाने के एएसआई कैलाश चन्द शर्मा, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, श्रवण कुमार, नारायण लाल, राजेन्द्र कुमार, राजेश मुण्ड, जय सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों को दुर्गा वाहिनी के सभी सदस्यों को उनकी सुरक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विशाल मेला व भण्डारा दो को

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा में ठाडेश्वर महाराज का विशाल मेला व भण्डारा आगामी 2 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर इन्द्राज म्हासी व जयराम ठेकला द्वारा नेहड़ा कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी जायेगी। इससे पूर्व शुक्रवार रात्रि को जागरण का आयोजन होगा। मेले में हर वर्ष की भांति लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।

## सार-समाचार

### राजपूत समाज की संगोष्ठी आयोजित



**सांभरझील, (निसं)।** राजपूत समाज की संगठनिक सामाजिक एकजुटता को लेकर और आगामी विधानसभा चुनावों में राजपूत समाज की दावेदारी या भूमिका को लेकर एक सामाजिक संगोष्ठी भोजपुरा(जोबनेर)के विजेंद्र बाल भारती विद्यालय में राजपूत समाज के बुद्धिजीवी वर्ग ने आयोजित करवाई। इस संगोष्ठी में समाज के सैंकड़ों सजातीय बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सांभर के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत ने कार्यक्रम की अगुवाई की। राजपुत सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह खंगारोत, महामंत्री राजपूत सभा दौलत सिंह खंगारोत के साथ मिलकर समाज के सभी गणमान्य राजपूत सरदारों की उपस्थिति में सामाजिक संगठन की एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए सभी से समाज को मजबूती प्रदान करने का आव्हान किया। इस अवसर पर राजपूत समाज वरिष्ठ एवं पूर्व सचिवालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, पूर्व प्रधान एवं नेता रणवीर सिंह हरसोली, समाज के वरिष्ठ नेता श्याम सिंह मंढा, शिव सिंह प्रतापपुरा, पूर्व सरपंच करणी सिंह भोजपुरा, भँवरराज सिंह ड्योढ़ी, लादू सिंह ड्योढ़ी आदि ने समाज की एकजुटता और सामाजिक,राजनीतिक चेतना के लिए समाज बंधुओं को चेताया और सामाजिक एकजुटता का सभी से आव्हान किया।

### इलाज के अभाव में हुई मौत का मामला

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांढण में विकलांग हीरालाल व्यास को इलाज के लिए ले जाने पर उपस्थित कर्मचारी द्वारा उपचार में असमर्थता जाहिर करने पर डॉक्टर के इलाज अभाव में प्राथमिक उपचार के बिना कुंड हरियाणा के अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में हुई मौत के बाद बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार करने के बाद 29 अगस्त को परिजनों ने आखिर पगड़ी रस्म निभाई। घटना की जानकारी देते परिजनों के द्वारा बताया गया कि मरीज को 17 अगस्त को देर शाम पड़ोस के वाहन चालक की ईको गाड़ी में लेकर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांढण में गए जहां प्राथमिक उपचार नहीं मिला और कुंड ले जाने की कही गई। जिससे प्राथमिक उपचार के बिना रास्ते में ही विकलांग हीरालाल व्यास की मौत हो गई थी और जिसका बिना पोस्टमार्टम के ही 18 अगस्त को अंतिम संस्कार करना पड़ा था। वहीं मृतक के पोस्टमार्टम के बारे में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि परिजनों के द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

### प्रभारियों ने दावेदारों का फीडबैक लिया

**फुलेरा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश अनुसार जयपुर जिला देहात के अध्यक्ष गोपाल मीणा ने विराटनगर, पावटा विधानसभा प्रभारी अयूब खान फुलेरा राज्य स्तरीय खाद्य एवं नागरिक विभाग सदस्य राजस्थान सरकार, सहप्रभारी पार्षद नागेन्द्र कावटिया, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजस्थान, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल गौरी शंकर सैनी, पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल शर्मा ने स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधायक प्रत्याशी का फीडबैक लेकर कांग्रेस पदाधिकारी को कांग्रेस निष्ठावान विधायक प्रत्याशी के बारे में आपसी बातचीत की। जबकि इसके पूर्व में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभारीयों का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं प्रभारी अयूब खान ने सभा को संबोधित करते हुए पूरे राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने की बात कही। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने दिव्यांग को स्कूटी भेंट की

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** ग्राम पंचायत विजयसिंहपुरा निवासी दिव्यांग कानाराम सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी को विधायक रामलाल शर्मा ने मोटराइज्ड स्कूटी भेंट की। दिव्यांग को उसके निवास स्थान पर स्कूटी देने पहुंचे विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों ने साफ़ा एवं माला पहनाकर स्वागत किया और साथ ही दिव्यांग और उसके परिजनों ने आभार व्यक्त किया। दिव्यांग कानाराम सैनी ने विधायक शर्मा से स्कूटी देने की मांग की थी। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि दिव्यांग को गणेश मानकर उनकी सेवा करनी चाहिए। दिव्यांग को स्कूटी मिलने से अपने निजी कार्यों के लिए दूसरो पर आश्रित नहीं होना पड़ेगा और अब स्कूटी मिलने से वो स्वयं कही भी आ जा सकते है। इस मोके पर फतेहपूरा सरपंच बाबुलाल गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश शर्मा, सरदार जाट, मंगल चंद सैनी, बाबूलाल सैनी, सुल्तान गुर्जर सहित ग्रामवासी और परिवार जन उपस्थित रहें।

### प्रवीण संयोजक, जय सहसंयोजक बने

**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में सदस्यता अभियान-2023 एवं भाजयुमो द्वारा नव मतदाता अभियान-2023 शुरू किया गया है। इसी क्रम में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी व भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के निर्देशानुसार विधानसभा वार संयोजकों व सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल को संयोजक एवं युवा नेता जयसिंह पायला को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने सह संयोजक जयसिंह पायला का दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र में तेजी से सदस्यता अभियान एवं नव मतदाता अभियान को गति देने की बात कही।

### विशाल महिला कुश्ती दंगल 2 सितम्बर को

**नगर, (निसं)।** अलवर के रैणी तहसील में दो सितम्बर को विशाल महिला कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। मानवतावादी समाज विचारधारा मिशन के अध्यक्ष डॉ. बाबूलाल (बराला) ने यह जानकारी दी। बराला ने बताया कि पिनाक कस्बे के बायपास रोड पर खेल मैदान पर आगामी दो सितम्बर को 11 बजे से महिलाओं का विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें आखरी कुश्ती 21 हजार की होगी तथा ग्यारह हजार की दो कुश्ती कराई जाएंगी। इसके अलावा 51 सौ की दो कुश्ती, 31 सौ की तीन कुश्ती, दो हजार की पांच कुश्ती, 1 हजार की दस कुश्ती, 500 रुपए की बीस कुश्ती, 200 रुपए की पचास कुश्ती व 100 रुपए की 100 कुश्तियां कराई जाएगी। कुश्ती समारोह में आईजीपी (राजस्थान) किशनसहाय (आईपीएस) व पूर्वरक्षा उपसचिव रमेश चन्द्र भी उपस्थित रहेंगे।

### ईमानदारी का परिचय दिया



**जयपुर, (निसं)।** 28 अगस्त को रेलगाड़ी संख्या 12216 में कार्य करने के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ बिल्लु गुर्जर टीटीआई/जेपी को एक पर्स मिला जिसमें बहुमूल्य कागजात और 20300 रुपये नकद थे। टिकट चेकिंग स्टाफ ने काफी मशक्कत के बाद यात्री को संपर्क कर बुलाया और बैग लौटा दिया। यात्री अपना खोया हुआ पर्स पाकर बहुत खुश हुए और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## रक्षाबंधन पर बाजारों में दिन भर रहा मेले सा माहौल

**लालसोट/ मंडावरी/ रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र सहित विभिन्न जगहों पर रक्षाबंधन के पावन पर को हर्षोउल्लास से मनाया गया। इसके कारण क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में खरीदारी करने पहुंचे लोगों के चलते दिनभर मेले सा माहौल देखा गया।

रक्षाबंधन के मौके पर प्रदेश सरकार में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के निज निवास मंडावरी पहुंची ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा मंत्री मीणा के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर बहनों की रक्षा का संकल्प दिलाया। रक्षाबंधन के मौके पर बुधवार सुबह करीब नौ बजे पहुंची ब्रह्माकुमारी जानकी बहन द्वारा चिकित्सा मंत्री मीणा की शुभ मुहूर्त में कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया।

इस मौके पर चिकित्सा मंत्री मीणा ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर बांधे जाने वाला सूत का धागा कोई एक साधारण धागा नहीं है यह संकल्प है उन बहनों के लिए जिनके रक्षार्थ हम संकल्पित रहकर जीवन भर बहनों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। ईश्वरीय बहनों द्वारा कई जगहों पर रक्षाबंधन के मौके पर रक्षा सूत्र बांधकर भाइयों को बहनों की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित होने के लिए वचनबद्ध कराया गया। वही रक्षाबंधन के दिन मंडावरी कस्बे में दिनभर भीड़ का आलम बना रहा। रक्षाबंधन के दिन दिन में भद्रा का योग रहने के चलते समय पर्याप्त मिलने के कारण बहनों द्वारा रक्षाबंधन पर राखी एवं मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। दिन भर खरीदारी होने के चलते रक्षाबंधन पर कस्बे में व्यापारिक गतिविधियां ठीक रही एवं व्यापार ठीक ठाक रहा। शुभ मुहूर्त में बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया। वही मंडावरी थाना पुलिस द्वारा रक्षाबंधन के मौके पर थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा के नेतृत्व में कस्बे में नगरपालिका के सामने नाकेबंदी कर दिन भर होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखी।

■ ब्रह्मकुमारी बहनों ने चिकित्सा मंत्री के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा

## स्नेह मिलन व संत सम्मान समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)।** पूर्व जिला पार्षद और भाजपा नेता ललित गोयल के जन्मदिवस पर प्रागपुरा सुभाष चौक पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं सुबह से ही उनके प्रागपुरा निवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।

ललित गोयल ने सबसे पहले राधाकांत जी के मंदिर और गोपीनाथ जी के मंदिर में भगवान से आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री कृष्ण गौशाला में गौ सेवा करते हुए गायों को चारा व गुड खिलाया। इस अवसर पर सुभाष चौक पर सुबह 11 बजे से नाडा वाले हनुमान मंदिर महंत बिहारीदास महाराज के मुख्य आथित्य में आयोजित समारोह में क्षेत्र के संतों का सम्मान तथा क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वहीं संगीतमय हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, भाजपा नेता महेंद्र शर्मा, मुकेश गोयल, भाजपा नेता पवन शर्मा, रामनिवास यादव, सुरेश गिठाला, सुंदर सिंह शेखावत, रानी रत्ना कुमारी, सुवालाल यादव, कैलाश ताखर, जीएल यादव, ओपी बायला, राजेंद्र टीटू प्रधान, निर्मल पंसारी, जगन चौधरी, नरपत सिंह शेखावत, अशोक सैनी, कोटपुतली भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, दिनेश मित्तल समाजसेवी, डॉक्टर अश्वनी गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष महेश गोयल, गोकुल शर्मा, बाबूलाल सैनी आतेला, शिंभू दयाल मोदी, वार्ड पार्षद विजय अग्रवाल, गणेश मोदी, अमीन गुर्जर, सावरमल बंसल, रामजीलाल यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोयल, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अंजनी शर्मा, छात्र नेता विजय स्वामी, महासचिव दीपिका स्वामी, भाजपा नेता जगदीश यादव, अनिल शर्मा, रामकिशन मेहरा सहित जनप्रतिनिधि व हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।


भाजपा नेता ललित गोयल के जन्मदिवस पर प्रागपुरा सुभाष चौक पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## वालीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव ने बुधवार को पंचायत समिति क्षेत्र बहरोड़ के तसींग के शिव मौहल्ले एवं गादोज तेली की ढाणी में बाबा बुधरामदास के भंडारे में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते 5 लाख की घोषणा की और वर्तमान विधायक के नकेल डालने की बात करते कहा कि जिस तरह विधायक के अपराध तथा भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए प्रधान का चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी उसी तरीके से आने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती से क्षेत्र की जनता के सहयोग जीत हासिल करेंगे। तसींग सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ढोल नगाड़ों से हुए स्वागत के बाद मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव के द्वारा प्रधान कोटे से इंटरलॉकिंग सड़क एवं मेघवाल चौपाल तथा श्मशान में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य तथा तेली की ढाणी में स्कूल के कमरों की छत और चौपाल में इंटरलॉकिंग कार्य को करवाने के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य अमर सिंह, इंदूबाला, रमेश यादव, अशोक सरपंच, पूर्व सरपंच रोहिताश्व, पंचायत समिति पूर्व सदस्य देवदत्त, अमीलाल सैनी, रोहतास पार्षद, रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

### क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम सवाई माधोसिंहपुरा के अमन बाल निकेतन में चल रही 67 वीं ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की 60 टीमों ने हिस्सा लिया। यहां से जीती हुई टीमें जिला स्तर पर भाग लेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कबड्डी में टैगोर नवोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हारियावास,खो-खो ,वॉलीबॉल में एवं रिले रेस में अमन बाल निकेतन सवाई माधोसिंहपुरा और जिमनास्टिक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टूंटोली विजयी रहे। मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया।

## आर्य समाज ने श्रावणी उपाकर्म मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** आर्य समाज के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा बुधवार को वैदिक आश्रम पर श्रावणी उपाकर्म पर्व मनाया गया। इस मौके पर अशोक आर्य द्वारा हवन करवाया गया।

राजेश आर्य ने बताया कि इस दिन हमारी सनातन परम्परा में यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण करने व नया बदलने की परम्परा रही है जो तीन धागे का यज्ञोपवीत हमें माता-पिता, गुरु एवं ईश्वर के प्रति समर्पण व कर्तव्य भाव को याद दिलाने हेतु प्रतीक चिन्ह होता है। हाल ही में रविवार 27 अगस्त को आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान द्वारा आयोजित अधिवेशन में साधारण सभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया हुई। जिसमें कोटपूतली से अशोक आर्य को प्रदेश कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर सभी कार्यकर्ताओं ने अशोक आर्य का स्वागत किया। रमेश कुमार आर्य ने आभार व्यक्त करते हुए श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी।

इस दौरान प्रधान डॉ. हरिश कुमार, कोषाध्यक्ष शीशराम यादव, जयराम आर्य, जगदीश आर्य, रामशरण पूतली, चंद्रशेखर, अर्पित आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### अन्नपूर्णा फूड पैकेट बांटे

**सांभरझील, (निसं)।** अंजुमन हुसामिया दरगाह कमेटी के पूर्व सदर अब्दुल हमीद कादिर ने कहा कि हर जरूरतमंद को सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने में जन प्रतिनिधियों को अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। यहां सिंधी मौहल्ला में वार्ड सात व बारह के लोगों को अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण किए जाने हेतु कार्यक्रम का उचित मूल्य दुकानदार अब्दुल सईद की तरफ से कार्यक्रम आयोजित कर इसका शुभारंभ करवाया गया। इस मौके पर उचित मूल्य दुकानदार अब्दुल सईद की तरफ से मुख्य अतिथि व पार्षदगणों को माला पहनकर उनका अभिवादन किया गया। इसके पश्चात लोगों को फूड पेकट्स का वितरण किया गया।

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा

**टोंक, (निसं)।** रक्षाबंधन के पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा राजयोग भवन टोंक की ओर से ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी व राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी को रक्षा सूत्र बांधकर बधाइयां देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। दीदी ने कहा कि यह पवित्रता का पर्व हमे स्नेह, सम्मान व सेवा के साथ-साथ ईश्वरीय बंधन में बांधकर मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पारणा, उपाध्यक्ष बेणी प्रसाद जैन, पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, भारत सरकार की दिशा कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता, महामंत्री विष्णु शर्मा, आईटी विभाग के प्रमुख लोकेश गुप्ता,महिला मोर्चा महामंत्री अंजली गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश गुप्ता तथा विभिन्न संस्थानों के प्रमुख, आरएसी बटालियन, पुलिस थाना कोतवाली, पुलिस थाना सदर थाना, पुलिस थाना पुलिस लाइन, पुलिस थाना बनेठा के जवानों को, जिला कारागृह के बंदियों को रखा सूत्र बांधकर मुख मीठा कराया।

## चिकित्सा मंत्री ने कक्षा कमरों का शिलान्यास किया

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा काकरिया ग्राम पंचायत के कानलोदा ग्राम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में करीब 50 लाख रुपए लागत के कक्षा कक्ष निर्माण का शिलान्यास किया गया।

इस शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पूरे विधानसभा की राजकीय विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष नए भवन स्वीकृत करा निर्माण कराया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि पूरे लालसोट विधानसभा क्षेत्र में गांव ढाणियों में कोई जरूरतमंद बालक जो कि राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत है उसे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो उसके लिए उनके द्वारा पहले से ही रूट चार्ट तैयार किया गया था। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उनके द्वारा तय किया गया था कि कई ऐसे राजकीय विद्यालय जो जर्जर हो चुके हैं एवं उनमें अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता है एवं नए भवन बनाने की जरूरत है उनके द्वारा उनका तकमीना बनवाकर स्वीकृति के प्रस्ताव लिए राजस्थान सरकार को भिजवाया गया था और पूरे लालसोट विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर नए विद्यालय भवनों का निर्माण हुआ है एवं जहां स्कूलों में कक्षा कक्षों की कमी थी वहां पर अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराकर वहां अध्ययनरत बालक को को सुविधाजनक शिक्षा देने का कार्य किया गया है।

इस शिलान्यास कार्यक्रम को लालसोट पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। प्रधान एडवोकेट मीणा ने कहा कि जो विकास स्थानीय विधायक प्रदेश सरकार में चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा कराया गया है वह आज तक किसी के द्वारा नहीं कराया गया है। प्रधान मीणा ने कहा कि इसका कर्ज हमें मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव में चुकाना है। शिलान्यास समारोह के दौरान कई जनप्रतिनिधि अधिकारी आदि मौजूद रहे।



लालसोट की काकरिया ग्राम पंचायत के कानलोदा ग्राम में 50 लाख की लागत से बनने वाले कक्षा कक्षों का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने शिलान्यास किया।

### रक्षाबंधन पर बाजारों व बसों में रही भारी भीड़

**निवाई, (निसं)।** रक्षा बन्धन के त्योहार पर घर-घर में बहनों ने अपने भाईयों के राखी बांधकर उनका जीवन प्रकाशमय रहने की कामना की, तो भाईयों ने बहिनों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

राखी बांधने का मुहूर्त रात 9:15 बजे से होने के कारण अधिकतर परिवारों में शुभ मुहूर्त में ही राखी बंधन की रस्म पूरी की । कई लोगों ने मुहूर्त को महत्व नहीं देते हुए दिन में ही अपनी बहिनों से राखी बंधवाई।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से उत्साह के साथ मनाया। रक्षाबन्धन के त्यौहार को लेकर घरों एवं बाजारों में बुधवार सुबह से ही चहल पहल देखी गई।

राज्य सरकार द्वारा बहिनों के लिए सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की घोषणा के चलते रोडवेज बसों में भारी भीड़ रही।

बस स्टेण्ड पर निजि वाहनों से भी लोगों को यात्रा करनी पडी। इस अवसर पर खरीददारी को लेकर बाजारों व मिठाईयों की दुकानों पर दिन भर भारी भीड देखी गई।



बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अगर लगातार अच्छी पारियां खेलते रहे तो एशिया कप और विश्व कप में पाकिस्तान बेहद खतरनाक टीम होगी। – आर. अश्विन

भारतीय क्रिकेटर, पाकिस्तान टीम को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**नीरज चोपड़ा**



**हाल** ही में विश्व चैंपियन बने नीरज चोपड़ा गुरुवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में नामी खिलाड़ियों के बीच पुरुषों के भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में अपनी अजेय लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने रविवार को बुडापेस्ट में 88.17 मीटर की थ्रो के साथ अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता। उन्होंने 2022 सत्र में रजत पदक जीता था। चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेजनी और नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के बाद भारतीय सुपरस्टार ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप दोनों खिताब जीतने वाले इतिहास में केवल तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी बन गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## पहले दौर में बाहर हुईं वीनस विलियम्स

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त। अपने करियर का 100वां अमेरिकी ओपन मैच खेल रहीं 2000 और 2001 की चैंपियन वीनस विलियम्स को इस साल के संस्करण के शुरुआती दौर में क्वालीफायर ग्रीट मिनेन ने बाहर कर दिया है। बेल्जियम की क्वालीफायर मिनेन ने आर्थर ऐश स्टेडियम में मंगलवार रात के महिला एकल मैच में दो बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को 6-1, 6-1 से हराया। पूर्व विश्व नंबर एक विलियम्स अपने करियर में 24वीं बार घरेलू टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन का मुख्य ड्रॉ खेल रही थीं। उन्होंने 2000 और 2001 में अपने घरेलू ग्रैंड स्लैम इवेंट में लगातार एकल खिताब जीते, जबकि वह पांच बार विंबलडन एकल खिताब भी जीत चुकी हैं। वीनस हालांकि मंगलवार के मुकाबले में कोई दमखम नहीं दिखा सकीं और विश्व नंबर 97 मिनेन ने एक घंटे और 13 मिनट में उन्हें हरा दिया। विलियम्स ने मैच के बाद कहा, ''मुझे अपनी प्रतिद्वंद्वी को श्रेय देना होगा। ऐसा कोई शॉट नहीं था जो वह नहीं लगा सकती थी। यहां तक कि जब मैं वास्तव में अद्भुत शॉट लगाती थी तो वह विनर या ड्रॉप शॉट खेल रही थी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैंने ख़राब खेला। मुझे लगता है कि आज का दिन बस दुर्भाग्यपूर्ण था।'' अमेरिकी ओपन में मिनेन के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो साल पहले अमेरिकी ओपन में ही आया जब वह तीसरे दौर तक पहुंची थीं। दूसरे दौर में उनका मुकाबला गुरुवार को साथी क्वालीफायर अमेरिका की साचिया विकी से होगा। इस बीच, पिछले साल की सेमीफाइनलिस्ट एरिना सबालेंका ने बेल्जियम की मरीना ज़ानेव्स्का को 6-3, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में कदम रखा, जहां उनका सामना ब्रिटेन की जोडी बरेज से होगा।

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेगी पीटी ऊषा

चेन्नई, 30 अगस्त। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) के उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेगी। सीजीएफ ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और खेल समिति के सदस्यों के पदों के लिए बुधवार को उम्मीदवारों की सूची जारी की। उषा के अलावा कुक आइलैंड्स के ह्यू ग्राहम, बैरी हेंड्रिक्स (दक्षिण अफ्रीका), सैंड्रा ओसबोर्न (बारबाडोस), रिचर्ड पॉवर्स (कनाडा), इयान रीड (स्कॉटलैंड) और डॉ डोनाल्ड रुकेरे (युगांडा) भी उपाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। उषा को पिछले साल दिसंबर में आईओए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। सीजीएफ के अध्यक्ष पद के लिए क्रिस जेनकिंस (वेल्स) और केरेन स्मिथ (न्यूजीलैंड) दो उम्मीदवार मैदान में हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार इस प्रकार हैं – अफ्रीका: कर्नल बोत्सांग त्शेनेगो (बोत्सवाना); अमेरिका: जूडी सिमंस (बरमूडा); एशिया: क्रिस्टोफर चान (सिंगापुर), मैक्सवेल डीसिल्वा (श्रीलंका), डॉ. पी टी उषा (भारत); कैरेबियन: एफ्रैम पेन (ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह); यूरोप: लुईस मैकी (इंग्लैंड), हैरी मर्फ़ी (जिब्राल्टर), हेलेन फिलिप्स (वेल्स); ओशिनिया: क्रेग फिलिप्स (ऑस्ट्रेलिया)। सीजीएफ की 14 और 15 नवंबर को सिंगापुर में होने वाली आम सभा में चुनाव कराए जाएंगे।

## बुखार के कारण एशिया कप से बाहर हुए लिटन

ढाका, 30 अगस्त। बंगलादेश के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास वायरल बुखार के कारण एशिया कप 2023 से बाहर हो गये हैं। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। बीसीबी ने लिटन की जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज अनामुल हक को टीम में शामिल किया है। अनामुल ने बंगलादेश के लिये आखिरी वनडे दिसंबर 2022 में भारत के खिलाफ खेला था। वह अब तक 50 वनडे मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जिनमें उन्होंने 30.58 की औसत से 1254 रन बनाये हैं। बंगलादेश के चयन पैनल के अध्यक्ष मिन्हाजुल आबेदीन ने कहा, ''वह (अनामुल) घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और हमने बंगलादेश टाइगर्स कार्यक्रम में उस पर नजर रखना जारी रखा है। वह हमेशा हमारे विचार में था।'' उन्होंने कहा, ''लिटन की गैर-मौजूदगी के कारण हमें एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज की जरूरत थी जो विकेटकीपिंग कर सके और अनामुल को मंजूरी मिल गई।'' लिटन की अनुपस्थिति बंगलादेश के लिये बड़ा झटका साबित हो सकती है। वह 2022 की शुरुआत से 25 पारियों में 41.80 की औसत से 878 रन बनाकर वनडे क्रिकेट में बंगलादेश के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने इस दौरान सात अर्द्धशतक और एक शतक बनाया है, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर पिछले साल फरवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ 136 रन था। बंगलादेशी टीम अपना एशिया कप अभियान शुरू करने के लिये 27 अगस्त को श्रीलंका आ गयी। ग्रुप-बी में बंगलादेश का पहला मुकाबला 31 अगस्त को श्रीलंका से होगा। एशिया कप के लिये बंगलादेश टीम : शाकिब अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुशिफकुर रहीम, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, नईम शेख, शमीम हुसैन, तंज़ीद हसन तमीम, तंज़ीम हसन साकिब, अनामुल हक बिजॉय।

# पाकिस्तान ने नेपाल को किया चारों खाने चित्त



**एशिया कप**

मुल्तान, 30 अगस्त। कप्तान बाबर आज़म (151) और इफ्तिख़ार अहमद (109 नाबाद) के विस्फोटक शतकों की बदौलत पाकिस्तान ने एशिया कप 2023 के उद्घाटन मैच में बुधवार को नेपाल को 238 रन से रौंदकर टूर्नामेंट का दमदार आगाज़ किया। पाकिस्तान ने नेपाल के सामने 343 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में नेपाल की पूरी टीम 23.4 ओवर में 104 रन पर सिमट गयी।

बाबर ने अपना 19वां वनडे शतक जड़ते हुए 131 गेंद पर 14 चौकों और चार छक्कों के साथ 151 रन बनाये, जो एशिया कप में किसी कप्तान का सबसे बड़ा स्कोर है। बाबर इसी के साथ सबसे कम पारियों (102) में 19 वनडे शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। बाबर के साथी इफ्तिखार ने 71 गेंद पर 11 चौके और चार छक्के जड़कर नाबाद 109 रन बनाये और दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 214 रन की साझेदारी बुनकर नेपाल के गेंदबाजों को पस्त कर दिया।

नेपाल की ओर से सोमपाल कामी ने सर्वाधिक 28 रन बनाये, जबकि आरिफ शेख ने 26 रन की पारी खेली। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिये शादाब खान ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ को दो-दो विकेट मिले। नसीम शाह और मोहम्मद नवाज़ को एक-एक विकेट हासिल हुआ। यह एकदिवसीय क्रिकेट में पाकिस्तान की तीसरी सबसे बड़ी जीत है, जबकि एशिया कप के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। एशिया कप की सबसे बड़ी जीत भारत ने 2008 में हॉन्ग कॉन्ग के ऊपर (256 रन) दर्ज की थी।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके सलामी बल्लेबाज मुल्तान स्टेडियम की आसान पिच पर मज़बूत शुरुआत नहीं कर सके। फखर ज़मान 20 गेंद पर तीन चौकों की मदद से 14 रन बनाने के बाद करण केसी का शिकार हुए, जबकि इमाम उल हक़ 14 गेंद पर पांच रन बनाकर रनआउट हो गये।

शुरुआती झटकों के बाद बाबर ने मोहम्मद रिज़वान के साथ पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिये 86 रन की साझेदारी की लेकिन रिज़वान के रूप में पाकिस्तान का दूसरा बल्लेबाज रनआउट हो गया। रिज़वान ने 50 गेंद पर छह चौकों की मदद से 44 रन बनाये और दूसरा रन चुराने की कोशिश में आउट हो गये। पहली बार एशिया कप खेल रहे नेपाल ने आग़ा सलमान (पांच) को भी छोटे स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया, लेकिन बाबर-इफ्तिखार की जोड़ी मेहमान टीम के गले का कांटा साबित हुई।

इफ्तिखार ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए 43 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। बाबर 109 गेंद में सैकड़े तक पहुंचे, लेकिन 100 रन का आंकड़ा पार करते ही उन्होंने अपनी पारी की रफ्तार बदल दी। बाबर ने 43वें ओवर में गुलशन झा के खिलाफ अपना पहला छक्का जड़ा। कुछ देर बाद उन्होंने संदीम लमिछाने को लगातार दो छक्के जड़ते हुए 46वें ओवर में 19 रन जोड़े।

इस बीच इफ्तिखार ने भी अपनी आक्रामकता कम नहीं होने दी और 49वें ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर 67 गेंद पर शतक पूरा किया। पाकिस्तान ने आखिरी ओवर में बाबर और शादाब (दो गेंद, चार रन) के विकेट गंवाये, लेकिन 11 रन बटोर कर 342/6 का विशाल स्कोर भी खड़ा किया। नेपाल के लिये सोमपाल कमी ने दो विकेट लिये, हालांकि वह 10 ओवर में 85 रन देकर टीम के सबसे महंगे गेंदबाज भी साबित हुए। करण ने नौ ओवर में 54 रन देकर एक विकेट लिया।

जबकि लमिछाने ने 10 ओवर में

# पाकिस्तान के खिलाफ दबाव में अच्छा क्रिकेट खेलने पर पांड्या का ध्यान

नयी दिल्ली, 30 अगस्त। भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों में अतिरिक्त दबाव होता है, लेकिन वह बाहर से आने वाली आवाज़ों को नज़रंदाज़ करते हुए अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान देते हैं।

चिर-प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान शनिवार को एशिया कप 2023 में आमने-सामने होंगे। पिछले साल 20 ओवर प्रारूप में खेले गये टूर्नामेंट में दोनों टीमें दो बार सामने-आयी थीं, जहां एक बार भारत ने और एक बार पाकिस्तान ने बाज़ी मारी थी।

पांड्या ने बुधवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम फॉलो द ब्लूज़ पर कहा, प्रशंसकों की बहुत सारी भावनाएं जुड़ी होती हैं। हमारा ध्यान एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ मैच खेलने पर होता है, जिसने हाल के दिनों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कुछ फाइनल खेले हैं और हमारे बीच तनाव हमेशा बना रहता है। हम बाहरी शोर को बाहर रखने की कोशिश करते हैं और इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि अच्छा क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं।''

हम भी आख़िरकार क्रिकेटर हैं। हम इसके बारे में बहुत अधिक भावुक नहीं हो सकते क्योंकि तब कुछ निर्णय गलत हो सकते हैं। साथ ही, यह (एशिया कप) एक बड़ा टूर्नामेंट है। यह एक ऐसा आयोजन है जो आपके खेल को और आपके व्यक्तित्व को परखता है। आप देख सकते हैं कि आप कितने गहरे पानी में तैर सकते हैं। ये सभी कारक मुझे बहुत उत्साहित करते हैं। इस बीच, पांड्या ने एकदिवसीय क्रिकेट के प्रति अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और लंबे प्रारूप में ढलने की जरूरत पर बल दिया।

हार्दिक ने वनडे क्रिकेट पर कहा, वनडे क्रिकेट में आप जितना सोचते हैं उसे अधिक वक्त होता है। टी20 में भी हमारे पास अधिक वक्त होता है लेकिन वनडे काफी लंबा खेल है। यह एक ऐसा खेल है जहां आपको प्रारूप के अनुसार ढलना होगा, आपको परिस्थितियों से अभ्यस्त होना होगा क्योंकि खेल 50 ओवरों तक चल रहा है। एक अच्छी टीम के खिलाफ जीतने के लिये आपको 100 ओवरों का अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।'' उन्होंने कहा, ''एक क्रिकेटर के रूप में मेरे लिये मेरी मानसिकता केवल इस बात के लिये बदलती है कि मैं एकदिवसीय प्रारूप की मांग के अनुसार तैयारी शुरू करता हूं। अगर तैयारी उचित है तो मुझे बस मैदान पर जाने और स्थिति को पढ़ने की जरूरत है। स्थिति समझने के लिये आपको रॉकेट विज्ञान की ज़रूरत नहीं है, आपको बस खेल देखना है, समझने की कोशिश करनी है कि क्या हो रहा है और एक बेहतर निर्णय लेना है।'' पाकिस्तान के विरुद्ध अपना अभियान शुरू करने के बाद भारतीय टीम चार सितंबर को नेपाल के विरुद्ध अपना दूसरा ग्रुप-ए मैच खेलेगी। अगर भारत और पाकिस्तान सुपर चार में पहुंचते हैं तो उन्हें कम से कम एक बार और भिड़ने का मौका मिलेगा।

# सीनियर खिलाड़ियों की कमी खलेगी : शाकिब-अल-हसन

पालेकल, 30 अगस्त। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने बुधवार को लिटन दास जैसे अनुभवी खिलाड़ी की अनुपस्थिति पर निराशा व्यक्त की लेकिन कहा कि उनके पास एशिया कप में उनकी कमी को पूरा करने के लिए काफी खिलाड़ी हैं। बांग्लादेश का सामना गुरुवार को यहां छह बार और गत चैम्पियन श्रीलंका से होगा। लेकिन टीम अनुभवी दास, तमीम इकबाल और इबादत हुसैन के बिना होगी क्योंकि सभी विभिन्न कारणों से बाहर हो गये हैं। दास वायरल बुखार से नहीं उबर सके हैं जबकि इकबाल और हुसैन चोटिल हैं। शाकिब ने कहा, ''निश्चित रूप से, इनकी कमी खलेगी। अगर आप लिटन के बारे में बात करो तो वह पिछले चार या पांच वर्षों से टीम का हिस्सा रहा है और वह निरंतर बांग्लादेश के लिए अच्छा भी कर रहा है। ''

उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''लेकिन इसका मतलब है कि इससे किसी अन्य खिलाड़ी को मौका मिलेगा और मुझे उम्मीद है कि वे इस मौके का पूरा इस्तेमाल करेंगे। शाकिब ने उम्मीद जतायी कि तौहित हृदय जैसे युवा खिलाड़ी एशिया कप में अच्छा करेंगे जो 2020 में बांग्लादेश की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे। शाकिब ने कहा, ''जहां तक तौहित का संबंध है तो वह इस साल हमारे लिये वास्तव में अच्छा खेल रहा है। उसने हाल में एलपीएल (लंका प्रीमियर लीग) में हमारे लिए काफी अच्छा किया है और इससे एशिया कप के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। शाकिब ने कहा कि बांग्लादेश की निगाहें आगामी आईसीसी विश्व कप 2023 में अच्छे प्रदर्शन पर लगी होगी लेकिन उनका ध्यान अभी फिलहाल एशिया कप में अच्छा खेलने पर लगा है।

## मनिंदर के चार गोल से भारत ने बांग्लादेश को 15-1 से हराया

सालालाह, 30 अगस्त। मनिंदर सिंह और मोहम्मद राहील के क्रमशः चार और तीन गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर के पहले मैच में बांग्लादेश को 15 . 1 से हराया। मनिंदर ने 10वें, 18वें, 28वें और 30वें मिनट में गोल दागे। वहीं राहील ने दूसरे, 15वें और 24वें मिनट में गोल किया। सुखविंदर ने 13वें और 22वें, गुरजोत सिंह ने 13वें और 23वें, पवन राजभर ने 19वें और 26वें मिनट में गोल किये। मनदीप मोर ने आठवें और दिप्सन टिर्की ने नौवे मिनट में गोल दागा। बांग्लादेश के लिये एकमात्र गोल सावन सरोवर ने दूसरे मिनट में किया। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पवन ने विरोधी सर्कल में प्रवेश किया लेकिन बांग्लादेश ने उन्हें गोल नहीं करने दिया।

## अमेरिकी ओपन : मेदवेदेव, रुबलेव दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क, 30 अगस्त। पूर्व चैंपियन रूस के दानिल मेदवेदेव और उनके हमवतन आंद्रे रुबलेव ने अपने-अपने पहले चरण के मुकाबले जीतकर अमेरिकी ओपन 2023 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। मेदवेदेव ने मंगलवार को हंगरी के एटिला बालाज़ को 6-1, 6-1, 6-0 से हराया। रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर काज़ौक्स को 6-4, 7-6(5), 6-1 से मात दी।

मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, ''अच्छी शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं अगले मैचों का इंतजार कर रहा हूं और जब तक संभव हो न्यूयॉर्क में खेलूंगा। आशा करता हूं कि मैं हर मैच बेहतर से बेहतर खेल सकूंगा क्योंकि हर मैच अधिक कठिन होने वाला है।'' मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के लिये अवसर सीमित रखने के लिये बेसलाइन के पीछे रहकर प्रहार किये। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने केवल 13 अप्रत्याशित गलतियां कीं और मात्र दो गेम गिराते हुए क्रिस्टोफर ओकोनेल के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने कहा, ''एक समय पर मुझे लगा कि मैच पर मेरा पूरा नियंत्रण है। मैंने शायद कुछ शॉट लगाने की कोशिश की। यहां तक कि मुझे लगा कि मैं पूरे मैच में बेहतर से बेहतर खेल रहा था। मैं अपने शॉट्स अधिक मजबूती और अधिक आत्मविश्वास से मार रहा था।'' इस बीच, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव, ब्रिटेन के एंडी मरे और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने दूसरे दौर में जगह बनायी।

ज़्वेरेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्जेंडर व्यूकिक को 6-4, 6-4, 6-4 से मात दी। मरे ने फ्रांस के कोरेंटिन मूटेट को 6-2, 7-5, 6-3 से हराकर बड़े अपनी 200वीं ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की। अल्काराज़ अपने पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 3-2 से आगे चल रहे थे जब उनके जर्मन प्रतिद्वंदी ने टखने की चोट के कारण मुकाबले से बाहर होने का फैसला किया।

## ईसीबी ने पुरुषों, महिलाओं की मैच फीस समान की

लंदन, 30 अगस्त। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने महिला और पुरुष क्रिकेटरों को प्रति मैच मिलने वाली फीस समान करने की घोषणा बुधवार को की। भारत, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बाद इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐतिहासिक समानता की ओर कदम बढ़ाने वाला चौथा देश है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पहले ही आईसीसी आयोजनों में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा कर चुका है।

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट ने इस खबर को 'शानदार' करार देते हुए कहा कि इससे क्रिकेट लड़कियों और युवा महिलाओं के लिये एक आकर्षक खेल बन जायेगा। उन्होंने कहा, ' यह बहुत जरूरी है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें। इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिये समान मैच फीस देखना शानदार है।

उन्होंने कहा, महिलाओं के खेल के लिये यात्रा की दिशा हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बात रही है। हमारा लक्ष्य एक टिकाऊ उत्पाद बनाना रहा है, जिसे लोग देखना और खेलना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि समान मैच फीस का फैसला क्रिकेट को लड़कियों और युवा महिलाओं के लिये एक आकर्षक खेल बनायेगा। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि यह विकास महिला क्रिकेट में इंग्लैंड के बढ़े हुए निवेश का परिणाम है। उन्होंने कहा, इस गर्मी की रोमांचक महिला एशेज शृंखला ने दिखाया कि इस देश में स्टेडियम और टीवी पर दर्शकों की रिकॉर्ड उपस्थिति के साथ महिला क्रिकेट कैसे तेजी से बढ़ रहा है।

गोल्ड ने कहा, महिलाओं और लड़कियों के खेल को बढ़ाना हमारे लिये एक प्रमुख प्राथमिकता है। हाल के वर्षों में हमने भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिये घरेलू महिला संरचना के निर्माण और खिलाड़ियों के पुरस्कारों को बढ़ाने में निवेश में काफी वृद्धि की है। मैच फीस में बढ़ोतरी गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के अगले अंतरराष्ट्रीय मैच से प्रभावी होगी।

## चोटों पर कोई नियंत्रण नहीं, भरोसा है कि युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे : शनाका

पालेकल, 30 अगस्त। श्रीलंका को एशिया कप से पहले अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने से झटका लगा है लेकिन कप्तान दासुन शनाका ने बुधवार को कहा कि इस तरह के संकट का उनके काबू में नहीं है लेकिन उन्हें भरोसा है कि इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अन्य खिलाड़ी उनकी अनुपस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। छह बार की चैम्पियन श्रीलंका एशिया कप में गुरुवार को यहां अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगी लेकिन टीम अपने मुख्य खिलाड़ी वानिंदु हसारंगा, दुश्मंता चामीरा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशंका के बिना होगी।

शनाका ने यहां मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''हम चोटों को नियंत्रित नहीं कर सकते। दुर्भाग्य से हमारे जो खिलाड़ी चोटिल हुए वो बड़े खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारी टीम युवा है और यह उनके लिए अच्छा अनुभव होगा और हम टूर्नामेंट में अच्छा करने का प्रयास करेंगे। शनाका ने कहा कि उनके पास एशिया कप में प्रभावित करने के लिए काफी बेहतरीन स्तर के खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, ''पिछली बार 2022 एशिया कप में भी हम छुपेरूस्तम के तौर पर गये थे और अफगानिस्तान के खिलाफ पहले मैच में हार गये थे। लेकिन फिर भी हमने ट्राफी जीती थी। शनाका ने कहा, ''हम इस समय किस स्थिति में हैं और टीम का संतुलन क्या है, इसके बारे में कोई सवाल नहीं है। इसलिये हम टूर्नामेंट में अच्छा करने का प्रयास करेंगे। श्रीलंकाई टीम गुरुवार को मैच के बाद पाकिस्तान की यात्रा करेगी जहां लाहौर में उसका मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। उन्होंने कहा, ''हम पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान भी इसी स्थिति में थे। मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इसी तरह खेला जाता है और हम इसके आदी हो चुके हैं। यह चिंताजनक हो सकता है लेकिन हम फिर भी इससे निपट रहे हैं।

## युवा ब्रिगेड के पास शतरंज में आनंद की विरासत को आगे बढ़ाने की क्षमता : हम्पी

कोलकाता, 30 अगस्त। दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला ठौंडमास्टर (जीएम) कोनेरू हम्पी ने बुधवार को कहा कि शतरंज विश्व कप में युवा भारतीयों की हालिया सफलता विश्वनाथन आनंद की विरासत को आगे ले जाएगी। आर प्रज्ञानानंदा पिछले हफ्ते विश्व कप उपविजेता बनने वाले 18 साल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। अपने अभियान के दौरान, उन्होंने आठ-खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी अपनी जगह पक्की कर ली, जो 2024 में शतरंज में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के लिए चुनौती का निर्धारण करेगा।

# चोटों से उबरकर एशिया कप में विजयी शुरुआत करना चाहेगी श्रीलंका, बांग्लादेश की टीमें

पालेकल, 30 अगस्त। श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें गुरुवार को यहां एशिया कप में जब एक दूसरे के सामने होंगी तो उनकी निगाहें अपने अहम खिलाड़ियों की चोटों से उबरकर जीत से अभियान शुरु करने पर लगी होंगी। श्रीलंका ने 2022 में (टी20 प्रारूप में) एशिया कप जीता था लेकिन मंगलवार तक वह इस चरण के लिए अपनी टीम की घोषणा भी नहीं कर सकी क्योंकि उसके कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं जबकि दो कोविड-19 संक्रमित पाये गये हैं। श्रीलंकाई खिलाड़ी वानिंदु हसारंगा, दुश्मंता चामीरा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशंका चोटों से जूझ रहे हैं जबकि कुसाल परेरा अभी कोविड-19 संक्रमण से नहीं उबरे हैं। इन झटकों से पहले भी श्रीलंकाई टीम इस साल वनडे में फॉर्म खराब से गुजर रही थी। उन्हें साल के शुरु में भारत के हाथों 0-3 से हार मिली और फिर न्यूजीलैंड ने भी उसे 2-0 से पराजित किया। इसके बाद टीम घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान को हराने में सफल रही जिससे पहले हरारे में आईसीसी क्वालीफायर में उसने काफी रन बनाये लेकिन फिर भी वह शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने खेल को सुधारने में विफल रही जिससे यह उनके लिए चिंता बनी होगी। बांग्लादेश को चुनौती देने के लिए उन्हें उम्मीद करनी होगी कि पाथुम निसांका (2023 में 687 रन), दिमुथ करूणारत्ने (481 रन) और चरिथ असालंका (341 रन) अच्छा प्रदर्शन करें जो अभी तक इस साल उसके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। साथ ही टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान दासुन शनाका बांग्लादेश के खिलाफ अपनी फॉर्म हासिल कर ले जिन्होंने पूरे साल भारत के खिलाफ शतक जड़ने के अलावा आक्रामक बल्लेबाजी नहीं की है। गेंदबाजी की बात की




जाये तो स्पिनर महीश तीक्ष्णा (2023 में 10 मैचों में 23 विकेट) और तेज गेंदबाज कासुन रजीता (14 विकेट) को अपने मुख्य गेंदबाजों की कमी पूरी करनी होगी। श्रीलंका की टीम इस बात से राहत ले सकती है कि बांग्लादेश की टीम भी इसी स्थिति में जूझ रही है। बांग्लादेश की टीम को चोटिल तमीम इकबाल, तेज गेंदबाज इबादत हुसैन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की कमी खलेगी। दास वायरल बुखार से अभी तक उबर नहीं सके हैं जिससे बुधवार को वह पूरे एशिया कप से बाहर हो गये। विकेटकीपर बल्लेबाज अनामुल हक बिजॉय को दास की जगह शामिल किया गया। बांग्लादेश की टीम आमतौर पर घरेलू मैदान पर मजबूत होती है लेकिन वह इस साल इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला गंवा बैठी। एशिया कप से पहले आयरलैंड पर जीत ही उनकी चिंताओं को कम करने के लिए काफी नहीं होगी। हालांकि उनके पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में व्यक्तिगत प्रदर्शन वाले खिलाड़ी मौजूद हैं। कप्तान शाकिबुल हसन, मुशिफकुर रहीम और नजमुल शांटो ने इस साल 400 से ज्यादा रन बनाये हैं जबकि युवा तौहिद हृदय ने भी 300 से ज्यादा रन बनाये हैं। लेकिन इनमें से ज्यादा रन आयरलैंड के खिलाफ बने थे। अनुभवी मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तास्किन अहमद ने इस साल गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वे मजबूत प्रतिद्वंद्वी जैसे इंग्लैंड या भारत के खिलाफ कुछ खास नहीं कर पाये हैं। दोनों टीमों के लिए गुरुवार को मैच जीतना काफी अहम होगा क्योंकि उन्हें ग्रुप बी के अगले मैच में अफगानिस्तान से भिड़ना है। दोनों टीमें जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगी क्योंकि बारिश की संभावना को देखते हुए 'नेट रन रेट' अहम हो सकता है।



*हम सभी एक साल में चार मौसम जानते हैं, बसंत, गर्मी, पतझड़ और सर्दी। लेकिन ये चार मौसम जलवायु में होने वाले छोटे -छोटे परिवर्तनों को सटीक तरीके से नहीं दर्शा पाते। वर्ष भर में जलवायु में आने वाले परिवर्तनों के आधार पर पूर्वी एशिया के देशों में सूर्य व चंद्रमा के विभिन्न चरणों के आधार पर कैलैण्डर बनाए गए हैं। इनमें हिंदू कैलैण्डर में 6 मौसम हैं, चीन के कैलैण्डर में 24 मौसम हैं और जापानी कैलैण्डर में सबसे ज्यादा, 72 मौसम हैं। जापानी कैलैण्डर में पश्चिमी जगत की तरह ही चार मौसम हैं, पर हरेक मौसम 6 भागों में बंटा हुआ है। जिससे 15-15 दिन के 24 ''सेकी'' बनते हैं। यह अवधि मूलतः चीन के पारम्परिक लूनीसोलर (सौर चन्द्र) कैलैण्डर से ली गई है। इस पद्धति में वर्ष को चंद्रमा के चरणों तथा सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की परिक्रमा के आधार पर बांटा जाता है। जापान में इन 24 सेकी को फिर से तीन-तीन भागों में बांटा जाता है। इस प्रकार 72 ''को'' या माइक्रो सीज़न बनते हैं। हरेक ''को'' लगभग 5 दिन का होता है। ये माइक्रो सीज़न जापान के इकोसिस्टम की नाज़ुक रिदम (लय) को दर्शाते हैं। हरेक मौसम उस समय प्राकृतिक जगत में हो रही वास्तविक घटना से सम्बंधित है, जैसे, बांस की कोंपले फूटना, गेहूं की फसल पकना आदि। कुछ ही दिनों में नया मौसम आ जाता है और एक नया अवसर भी। जापान में सूक्ष्म मौसम का यह चलन छठी सदी के मध्य में कोरिया से आया था। हरेक सूक्ष्म मौसम का नाम उत्तरी चीन में होने वाले जलवायु परिवर्तन व प्राकृतिक परिवर्तनों से लिया गया था। नतीजतन जब जापान में इसे लागू किया गया तो कुछ परिवर्तन भी किया गया। वर्ष 1685 में जापान राज परिवार के दरबारी खगोल शास्री शिबूकावा शुन्काई ने स्थानीय जलवायु परिवर्तनों के आधार पर इनका नामकरण किया। परिवर्तित कैलैण्डर 1873 तक रहा उसके बाद मेइजी सरकार ने इसे खत्म कर दिया और पश्चिम का सोलर आधारित ग्रैगोरिअन कैलैण्डर स्वीकार कर लिया। पर जापान के किसान, मछुआरे व सौंदर्योपासक आदि, ग्रैगोरिअन के साथ-साथ आज भी पारंपरिक कैलैण्डर को मानते हैं।*

# दिल्ली में एमेज़ॉन कंपनी के मैनेजर की गोली मारकर हत्या

## एमेज़ॉन के मैनेजर हरप्रीत सिंह का कुछ ही देर पहले सड़क पर दूसरे मोटरसाइकल सवार कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था

- **हरप्रीत सिंह को जब गोली मारी गई तो वे अपने मामा के साथ कहीं जा रहे थे। बाइक सवारों ने हरप्रीत के साथ उनके मामा को भी गोली मारी थी।**
- **दिल्ली के भजनपुरा इलाके में रात के करीब मंगलवार रात 11 बजे यह घटना हुई। आपस में बाइक की टक्कर होने के बाद दोनों पक्षों का आपस में झगड़ा शुरु हो गया तभी पीछे से आये दो युवकों ने दोनों को गोली मार दी।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। दिल्ली के भजनपुरा इलाके में अमेजन कंपनी के मैनेजर की गोली मारकर हुई हत्या ने राष्ट्रीय राजधानी में लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े कर दिये हैं। 36 साल के हरप्रीत की हत्या के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि हत्या से पहले नॉर्थईस्ट दिल्ली के भजनपुरा की सड़कों पर हरप्रीत का कुछ मोटरसाइकिल चालकों से झगड़ा हुआ था। हरप्रीत का एक रिश्तेदार ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी है। हरप्रीत गिल और 32 साल के उनके मामा गोविंद सिंह को सुभाष विहार इलाके में रात को करीब साढ़े ग्यारह बजे गोली मारी गई थी। दोनों को उस वक्त गोली मारी गई थी जब दोनों बाइक से जा रहे थे। अस्पताल पहुंचने के बाद हरप्रीत गिल को मृत घोषित कर दिया गया था।

हरप्रीत के चाचा बॉबी सिंह ने कहा कि उस दिन हरप्रीत की छुट्टी थी। उस दिन वो अपने मामा के साथ मोटरसाइकिल से घूम रहा था। उसी दौरान एक अन्य दो पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। उन्होंने कहा, हरप्रीत मंगलवार को घर पर था क्योंकि उस दिन उसकी छुट्टी थी। वो दफ्तर से आने के बाद अक्सर टहलने जाया करता था। रात को करीब 10 बजकर 45 मिनट पर उसने अपनी मां से कहा कि वो टहलने जा रहा है। वो एक बाइक पर गोविंद के साथ था। हमने सुना कि दो पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी और फिर उन्हें गाली देते हुए वहां से भाग गये।

उन्होंने बताया कि इसके बाद उन दोनों ने बाइक से उनका पीछा किया और सड़क पर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद दोनों ने उनसे झगड़ा शुरू कर दिया। जब हरप्रीत और गोविंद ने इसका विरोध किया तो दो लोग पीछे से आए। उनके चेहरे ढके हुए थे और इन्होंने गोली चला दी। गोली हरप्रीत और गोविंद को लग गई। हरप्रीत के चाचा ने बताया कि हरप्रीत का हाल ही में प्रोमोशन हुआ था और वो बेंगलुरु जाने वाला था। उसकी शादी नहीं हुई थी जबकि उसके छोटे भाई की शादी हो गई थी और उसे एक बच्चा भी है।

हरप्रीत के एक चचेरे भाई अमनपाल सिंह ने कहा कि बेहतर परफॉर्मेंस के लिए हरप्रीत को कंपनी की तरफ से जल्द ही अवार्ड मिलने वाला था। उन्होंने कहा, मुझे बुधवार की सुबह फोन से सूचना मिली कि किसी ने हरप्रीत की हत्या कर दी थी। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वो पिछले करीब 10-12 सालों से कंपनी के लिए काम कर रहा था। हरप्रीत परिवार का बैकबोन था और घर के सभी खर्च वहीं चलाता था।

हरप्रीत को सिर में गोली मार दी गई। जग परवेश चंद्र अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (नॉर्थईस्ट), जॉय तिर्का ने कहा, गोली उनके सिर के दाहिने हिस्से से अंदर गई थी और दूसरे हिस्से से बाहर आ गई थी। गोविंद सिंह भी भजनपुरा इलाके में रहते हैं और यहां एक होटल चलाते हैं। उन्हें भी सिर में गोली मार दी गई। फिलहाल उनका इलाज लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में चल रहा है। गोविंद की पत्नी ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनके पति को किसने गोली मारी है। पुलिस ने इस मामले में हत्या के केस दर्ज किया है। इसके अलावा मामले को सुलझाने के लिए 6 टीमों का गठन भी किया गया है।

# पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से वृद्धाश्रम बनेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 अगस्त। नीति आयोग देश में बुजुर्गों की देखभाल और बेहतर बनाने के लिए पब्लिक -प्राईवेट व पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) मॉडल से वृद्धाश्रम शुरु करने पर विचार कर रही है। आयोग चाहता है कि इस सैक्टर के लिए उच्चस्तरीय संसाधन जुटाए जाएं ताकि बुजुर्गों की देखभाल बेहतर तरीके से हो। इस देश की 19 प्रतिशत आबादी अर्थात 30 करोड़ से ज्यादा लोग 2050 तक 60 वर्ष के हो जाएंगे।

आयोग जल्दी ही वृद्धाश्रम संचालन व बुजुर्गों की देखभाल के क्षेत्र में प्राइवेट सैक्टर को शामिल करने का नीतिगत दस्तावेज जारी करेगा।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा, उनका लक्ष्य है भारत एक ''एजिंग'' देश बन रहा है, इसलिए बुजुर्गों के आवश्यक सभी सुविधाएं दी जाए, चाहे वे स्वास्थ्य सम्बंधी हो या सामान्य जरुरते हो।

आयोग ने इस बारे में जनता और सम्बंधित मंत्रालयों से राय मांगी है। सरकारी डेटा कहते है कि 60 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या गत 50 साल में तीन गुनी हो गई है।

# 'महाभारत की रचना काजी नज़रुल इस्लाम ने की थी'

## मु.मंत्री ममता का बनर्जी के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है

- **काजी नजरुल इस्लाम पश्चिम बंगाल के चुरुलिया में जन्मे एक बंगाली कवि थे। उन्होंने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खूब लिखा। इसके अलावा हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के लिए भी उनकी रचनाएं जानी जाती हैं। नजरुल इस्लाम बंगाली के साथ ही संस्कृत के भी जानकार थे। उन्होंने पुराणों का भी अध्ययन किया था। उन्होंने हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित कई नाटक लिखे थे।**

कोलकाता, 30 अगस्त। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान वाले वीडियो इन दिनों खूब वायरल हो रहे हैं। हाल ही में उन्होंने राकेश शर्मा की जगह राकेश रौशन को भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री बता दिया था। उनकी जुबान फिसल गई थी और उन्होंने कह दिया था कि जब इंदिरा गांदी चांद पर पहुंचीं तो उन्होंने राकेश से पूछा कि ऊपर से भारत कैसा लग रहा है? अब ममता बनर्जी का एक और क्लिप चर्चा का विषय बना हुआ है जिसमें वह विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम को महाभारत का रचयिता बता रही हैं। हालांकि यह उनके भाषण का एक छोटा सा हिस्सा है। इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि उन्होंने कहा है कि नजरुल इस्लाम ने महाभारत लिखी है। ममता बनर्जी महान साहित्यकारों के लेखन को लेकर बात कर रही थीं। हालांकि क्लिप वायरल होने के बाद भाजपा ने आड़े हाथों लिया और यहां तक कह दिया कि वह हिंदू धर्म के तथ्यों से छेड़छाड़ कर रही हैं।

काजी नजरुल इस्लाम पश्चिम बंगाल के चुरुलिया में जन्मे एक बंगाली कवि थे। उन्होंने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खूब लिखा। इसके अलावा हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के लिए भी उनकी रचनाएं जानी जाती हैं। नजरुल इस्लाम बंगाली के साथ ही संस्कृत के भी जानकार थे। उन्होंने पुराणों का भी अध्ययन किया था। उन्होंने हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित कई नाटक लिखे थे। उन्होंने कट्टरपंथियों के भारी विरोध के बावजूद हिंदू महिला से शादी की थी।

# चीन और पाकिस्तान के खिलाफ एक और युद्धपोत तैनात करेगा भारत

## उपराष्ट्रपति धनखड़ एवं उनकी पत्नी भारतीय सेना के नये युद्ध पोत आई.एन.एस. महेंन्द्रगिरी को आज लॉन्च करेंगे

- **आई.एन.एस. महेंन्द्रगिरी को दुश्मन के विमानों और एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों के खतरे का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस तरह के उन्नत जहाजों में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली भी लैस की गई है।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। भारतीय नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नए युद्धपोत महेंद्रगिरि को लॉन्च करने की पूरी तैयारी हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ 1 सितंबर को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में भारत के नए युद्धपोत महेंद्रगिरि को लॉन्च करेंगी। महेंद्रगिरि, प्रोजेक्ट 17ए का सातवां और आखिरी स्टील्थ फ्रिगेट है।

प्रोजेक्ट 17ए के तहत चार युद्धपोत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में और बाकी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में बनाए जा रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 अगस्त को जीआरएसई में प्रोजेक्ट 17ए के छठे युद्धपोत विंध्यगिरि को लॉन्च किया था।

नौसेना के अधिकारियों का कहना है, ''महेंद्रगिरि हमारे देश द्वारा आत्मनिर्भर नौसैनिक बल के निर्माण में की गई अविश्वसनीय प्रगति का एक उपयुक्त प्रमाण है।'' प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक क्लास) फ्रिगेट्स का फॉलोअप है, जिसमें बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं।

प्रोजेक्ट 17ए के तहत पिछले पांच युद्धपोत 2019-22 के दौरान लॉन्च किए गए थे। इन युद्धपोतों का लॉन्च ऐसे समय में हुआ है जब रक्षा में आत्मनिर्भरता होना सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीनी सैनिक अपनी निगरानी बढ़ा रहे हैं, ऐसे में भारतीय सेना-नौसेना (पीएलएएन) अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए मिलकर प्रयास कर रही हैं। सभी प्रोजेक्ट 17ए युद्धपोत वर्तमान में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और 2024-26 के दौरान नौसेना को सौंपे जाने की उम्मीद है।

इस प्रोजेक्ट के जहाज को दुश्मन के विमानों और एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों के खतरे का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस तरह के उन्नत जहाजों में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली भी लैस की गई है।

दो 30 मिमी रैपिड-फायर बंदूकें जहाज को नजदीक से रक्षा क्षमता मुहैया कराएगी जबकि एक एसआरजीएम गन प्रभावी नौसैनिक को गोलाबारी में सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। स्वदेशी रूप से विकसित ट्रिपल ट्यूब लाइट वेट टारपीडो लॉन्चर और रॉकेट लॉन्चर जहाज की पनडुब्बी रोधी क्षमता में इजाफा करेंगे।

# थाईलैण्ड...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रिकॉर्ड 4 करोड़ पर्यटकों में से करीब 28 प्रतिशत चीनी थे जिनसे 1.9 ट्रिलियन बाथ की आय हुई।

नोमुरा विश्लेषकों ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि चीनी पर्यटकों की कमी मई में आरंभ किए गए सख्त ई-वीसा नियमों के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि एक अन्य रूकावट वाला घटक है थाईलैंड का छोटे शहरों के पर्यटकों पर आश्रित रहना जो चीन की बढ़ती आर्थिक समस्याओं के लिए ज्यादा संवेदनशील हो सकता हे।

थानेथ ने कहा कि मुआवजे के लिए उनकी एसोसिएशन ने सिफारिश की है कि फुकेट और क्राबी प्रांतों में उड़ानें बढ़ाई जाएं और बेलारूस, कज़ाकिस्तान और रूस के पर्यटकों की वीजा अवधि बढ़ाई जाए जो चीन और मलेशिया के यात्रियों से ज्यादा समय खर्च करते हैं।

श्रेथा की योजना हद तक मददगार हो सकती है लेकिन असली सवाल है मांग की स्थिति।

पैराक्यूलस ने एक ई-मेल में कहा ''यदि चीन की आर्थिक स्थिति और बिगड़ती है तथा उपभोक्ता की भावना कमजोर होती है तो खतरा है एक पर्यटकों को आकर्षित करने के ये उपाय कम प्रभावशाली होंगे।

# एम.पी. व राजस्थान सहित पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम का एलान सितम्बर के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना

- **चुनाव आयोग अब तक छत्तीसगढ़ और मिजोरम का दौरा कर चुका है तथा अगले हफ्ते तेलंगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान जाने की तैयारी चल रही है।**
- **वर्ष 2018 में आयोग ने छः अक्टूबर को इन सभी राज्यों के चुनाव की घोषणा की थी, जबकि वर्ष 2013 में चार अक्टूबर को इसका एलान किया था। सूत्रों की मानें तो आयोग इन राज्यों के चुनाव को जल्द संपन्न कराकर आम चुनावों की तैयारियों में जुटना चाह रहा है।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। राजनीतिक दलों के साथ ही चुनाव आयोग भी अब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग ने इन सभी चुनावी राज्यों में तैयारियों की समीक्षा भी शुरू कर दी है। अब तक वह छत्तीसगढ़ और मिजोरम का दौरा कर चुका है। अगले हफ्ते उसके तेंलगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान जाने की तैयारी है।

फिलहाल जो संकेत मिल रहे है, उसके तहत चुनाव आयोग इस बार सितंबर के अंतिम हफ्ते में ही इन राज्यों के चुनाव का एलान कर सकता है। आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो अगले साल होने वाले आम चुनाव की तैयारियों को देखते हुए आयोग इस बार इन सभी राज्यों के चुनावी कार्यक्रम को कुछ दिन और आगे रखने की तैयारी में है। वैसे भी इन सभी राज्यों में अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही चुनाव का एलान होते आ रहा है।

वर्ष 2018 में आयोग ने छह अक्टूबर को इन सभी राज्यों के चुनाव का एलान किया था, जबकि वर्ष 2013 में चार अक्टूबर को इसका एलान किया था। सूत्रों की मानें तो आयोग इन राज्यों के चुनाव को जल्द संपन्न कराकर आम चुनावों की तैयारियों में जुटना चाह रहा है। वैसे भी उसका इस बार के आम चुनावों में बड़ा फोकस वोटिंग प्रतिशत के बढ़ाने को लेकर है।

पिछले आम चुनावों में करीब 67 फीसद वोटिंग हुई थी, जिसे इस बार वह 80 प्रतिशत से ज्यादा पर ले जाना चाहता है। ऐसे उनका उन सभी क्षेत्रों में फोकस है, जहां वोटिंग प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। इस बीच चुनाव आयोग की सक्रियता और संकेतों को देखते हुए राजनीतिक दल भी सक्रिय हो गए है।

कई दलों ने प्रत्याशियों की सूची की जारी इस दौरान कई दलों ने अपने प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। इतना ही नहीं, इस राज्यों में सत्ता में काबिज पार्टियों ने अपने पसंद के हिसाब से अधिकारियों की फिल्डिंग भी जमा ली है। देखा जाए तो चुनाव के लिए सभी तैयार है, इंतजार अब सिर्फ ऐलान होने का है।

# 'गहलोत के खिलाफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गई टिप्पणी के खिलाफ मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा गया है। बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष और दी बार एसोसिएशन, जयपुर के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र सिंह तंवर ने सीजे को पत्र भेजकर सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की गुहार की है।

पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका की छवि धूमिल करने के लिए इस तरह की बेबुनियाद बयानबाजी की है। जिससे न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंची है। ऐसे में पत्र को आपराधिक अवमानना के तौर पर दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि, ''मैंने सुना है कि आजकल कई वकील जज़मेंट लिखकर ले जाते हैं और फिर वही जज़मेंट सामने आ जाता है। न्यायपालिका में भयंकर भ्रष्टाचार चल रहा है।''

# 'जी-20 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अमेरिकी ही मोदी के पक्ष में हैं, जबकि 34 प्रतिशत उनमें विश्वास नहीं रखते।

सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत की छवि सकारात्मक ज्यादा है नकारात्मक की बजाय, लेकिन अधिकांश यूरोपीय देशों में लोकप्रियता घट रही है। जिन पांच यूरोपीय देशों के पुराने आंकड़े उपलब्ध हैं, फ्रांस, स्पेन, ज़र्मनी, पोलैंड और यू.के., उनमें भारत के पक्ष में राय 2008 के मुकाबले 10 प्रतिशत पॉइन्ट गिरी है।

# बीते 100 सालों में अगस्त अब तक का सबसे सूखा महीना रहा

## भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अल नीनो इफैक्ट के कारण पूरे देश में बारिश की इतनी विकट स्थिति बनी है

- **मौसम वैज्ञानिकों ने इस पूरे मानसून के दौरान सामान्य से 13 प्रतिशत कम बारिश कम बारिश दर्ज की गई है।**
- **आई.एम.डी. के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि, अगर सिर्फ अगस्त की बात करें तो पूरे देश में सामान्य औसत से 32 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।**
- **मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार भारत में अगस्त 2005 में 25 प्रतिशत, 1965 में 24.6 प्रतिशत; 1920 में 24.4 प्रतिशत; 2009 में 24.1 प्रतिशत और 1913 में 24 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई।**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत में 1901 के बाद से इस वर्ष अगस्त के सबसे अधिक शुष्क रहने का अनुमान है। यह स्पष्ट रूप से अल नीनो स्थितियों के तीव्र होने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इस साल का मॉनसून 2005 के बाद से सबसे अधिक शुष्क हो सकता है, जिसमें 13 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अगस्त में अब तक 32 प्रतिशत बारिश की कमी और अगले तीन दिन में देश के एक बड़े हिस्से में बारिश की कम गतिविधियां होने का अनुमान है। इसके चलते भारत 1901 के बाद से सबसे शुष्क अगस्त दर्ज किये जाने की राह पर है। अगस्त में 254.9 मिमी बारिश होती है, जो मॉनसून के मौसम के दौरान होने वाली बारिश का लगभग 30 प्रतिशत है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार भारत में अगस्त 2005 में 25 प्रतिशत, 1965 में 24.6 प्रतिशत; 1920 में 24.4 प्रतिशत; 2009 में 24.1 प्रतिशत और 1913 में 24 प्रतिशत बारिश की कमी दर्ज की गई।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अगस्त में सामान्य से कम बारिश का मुख्य कारण अल नीनो (दक्षिण अमेरिका के निकट प्रशांत महासागर में पानी का गर्म होना) के अलावा मैडेन जूलियन ऑसिलेशन (एमजेओ) का प्रतिकूल चरण है। एमजेओ एक समुद्री-वायुमंडलीय घटना है जो दुनियाभर में मौसम की गतिविधियों को प्रभावित करती है। अल नीनो आमतौर पर भारत में कमजोर होती मॉनसूनी हवाओं और शुष्क मौसम से जुड़ा है।

महापात्र ने कहा, एमजेओ के अनुकूल चरण के कारण कम दबाव प्रणाली न होने पर भी बारिश होती है। एमजेओ के अनुकूल चरण के कारण जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई थी। दक्षिण चीन सागर के ऊपर विकसित होने वाली कम दबाव वाली प्रणालियां आमतौर पर पश्चिम की ओर बढ़ती हैं, वियतनाम और थाईलैंड को पार करने के बाद उत्तरी बंगाल की खाड़ी तक पहुंचती हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा, सितंबर के अगस्त जितना खराब रहने की उम्मीद नहीं है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने कहा कि अगस्त में भारी बारिश की कमी का मुख्य कारण अल नीनो है।

अगस्त खत्म होने में दो दिनों का ही समय बाकी है और मंगलवार तक इस महीने देश में 160.3 मिमी बारिश हुई है। आमतौर पर यह आंकड़ा 241 मिमी होता है। अब आशंकाएं ये भी जताई जा रही हैं कि बारिश की इतनी भारी कमी के चलते मॉनसून सीजन (जून से सितंबर) बारिश की कमी के साथ खत्म न हो जाए। ऐसे में जानकार सितंबर में अच्छी बारिश की उम्मीद लगा रहे हैं।

एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में आईएमडी निदेशक के हवाले से बताया गया, हम 2 सितंबर के बाद मॉनसून के दोबारा तैयार होने की उम्मीद कर रहे हैं। तब उत्तरी बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की संभावनाएं हैं। यह कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है, जिसके चलते पूर्व, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश हो सकती है।

# 160 लोकसभा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिला वे अन्य पार्टियों में जा रहे हैं।

राजस्थान में भी तनाव है हालांकि यहां अभी प्रत्याशी घोषित नहीं है। भाजपा मध्यप्रदेश की 39 ओर छत्तीसगढ़ की 21 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

# सीटों के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फीडबैक ले चुकी हैं।

सीटों के विभाजन के अलावा न्यूनतम साझा कार्यक्रम, संयुक्त चुनाव अभियान व गठबंधन के संयोजक के चयन पर भी विचार किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पार्टी चुनावी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाएगा।

1.1 करोड़ महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली गृह लक्ष्मी योजना का औपचारिक उद्घाटन करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम झूठे वादे नहीं करते और कांग्रेस वादे पूरे करती है। अब उनका यह कथ्य पूरे देश में फैलाया जाएगा, पांच विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारी में।

राहुल गांधी ने कहा, ''कांग्रेस की पांच गारंटियां केवल योजनाएं नहीं है, बल्कि शासन का मॉडल है। उनका इरादा देश के सामने कर्नाटक मॉडल ले जाने का है। उन्होंने गृह लक्ष्मी को दुनिया में नकद हस्तांतरण की सबसे बड़ी योजना बताया, जिसमें लाखों महिलाओं के बैंक खातों में 2000 रूपए सीधे जमा हो जाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार पर चुटकी लेने का मौका राहुल कैसे चूकते। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठी सरकार केवल अरबपतियों के लिए काम करती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908